# नेशनल प्रेस टाइम्स



नई दिल्ली, गुरुवार
20 फरवरी 2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 10, अंक : 334 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579


## योगी सरकार आज पेश करेगी अपना नौंवा बजट आठ लाख करोड़ के बजट का अनुमान

### लोक-लुभावन होने की संभावना

लखनऊ। योगी सरकार गुरुवार को अपना नौंवा बजट पेश करेगी। वित्तमंत्री सुरेश खन्ना यह बजट पेश करेंगे। इस बार के बजट के लोक लुभावन होने की संभावना है।

20 फरवरी को यूपी सरकार अपना बजट पेश करेगी। एक अनुमान के मुताबिक इस बार का बजट आठ लाख करोड़ का हो सकता है। जानकारों के अनुसार इस बार बजट में लोक-लुभावन घोषणाएं हो सकती हैं। वित्तमंत्री सुरेश खन्ना बजट पेश करेंगे।

इस बजट में विकास के योगी मॉडल की छाप दिखेगी। मध्यवर्ग, युवा, किसान और महिलाएं बजट के फोकस में होंगी। ऐसा माना जा रहा है कि 2027 के चुनावों की छाप इस बजट में दिख सकती है।



इस बजट में कृषि, उद्योग और बुनियादी विकास के साथ इस बजट में तकनीकी पर जोर रहेगा। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए नई घोषणाएं हो सकती हैं।

**सीएम योगी बोले-करोड़ों लोगों की आस्था का अपमान कर रहा विपक्ष**-मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महाकुंभ के आयोजन को लेकर अफवाह फैलाने वाले करोड़ों लोगों की आस्था का अपमान कर रहे हैं। अब तक महाकुंभ में 56 करोड़ से भी ज्यादा लोग स्नान कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि संगम का जल साफ है और डुबकी लगाने योग्य है। विपक्ष के लोग इसमें मानव मल होने का दुष्प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ का आयोजन किसी सरकार का आयोजन नहीं है। यह सनातन संस्कृति का आयोजन है। महाकुंभ पर अफवाह फैलाने वाले और अनर्गल आरोप लगाने वाले सनातन आस्था का अपमान कर रहे हैं।

सपा के लोग महाकुंभ का पहले दिन से ही विरोध कर रहे हैं। इनकी एक सहयोगी ममता बनर्जी ने महाकुंभ को मृत्युकुंभ कहा है। शेष पेज 2 पर

## बालाघाट में चार हार्डकोर महिला नक्सलियों का एनकाउंटर जंगलों में सर्चिंग करते मिली चौथी बॉडी

बालाघाट। बालाघाट में हॉकफोर्स, पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इसमें चार हार्डकोर नक्सलियों को मार गिराने में सफलता प्राप्त हुई है। मारी गई महिला नक्सलियों से एक इन्सास रायफल, एक एसएलआर रायफल व एक .303 रायफल व दैनिक उपयोग की अन्य सामग्री जब्त की गई है।

मध्य प्रदेश के बालाघाट में चार महिला नक्सलियों के मारे जाने की खबर सामने आई है। इन्हें हॉकफोर्स और पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया है। कुछ अन्य नक्सली भी घायल हुए हैं, जो जंगल में छिप गए हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। तीन की मौत तो तुरंत हो गई थी, चौथे का शव जंगल में सर्चिंग के दौरान मिली है।

जानकारी के अनुसार थाना गढ़ी के सूपखार वन रेंज के रौंदा फारेस्ट कैम्प के समीप हॉकफोर्स, पुलिस व नक्सलियों के मध्य हुई मुठभेड़ में चार हार्डकोर नक्सलियों को मार गिराने में सफलता प्राप्त हुई है। ये मुठभेड़ सुबह करीब 11 बजे कान्हा किसली के मुक्की क्षेत्र में होना बताया जा रहा है।



करीब दो घंटे आमने-सामने फायरिंग हुई है। हालांकि मारी गई महिला नक्सलियों की पहचान सामने नहीं आ सकी है। इनके शव बरामद कर लिए गए हैं। मारी गई तीन महिला नक्सलियों से एक इन्सास रायफल, एक एसएलआर रायफल व एक .303 रायफल व दैनिक उपयोग की अन्य सामग्री जब्त की गई है। चौथे नक्सली का शव जंगल में मिला है। उक्त मुठभेड़ में कुछ नक्सली घायल हुए हैं जो घने जंगल का फायदा उठाकर भाग गए हैं जिनकी तलाश के लिए हॉकफोर्स, सीआरपीएफ, कोबरा एवं जिला बल सहित 12 से अधिक टीमों द्वारा सघन सर्च ऑपरेशन जारी है।

सीएम ने दी बधाई- मामले में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी मप्र पुलिस को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में माननीय गृहमंत्री अमित शाह वर्ष 2026 तक देश से नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए अभियान चला रहे हैं और हमारी सरकार भी इस दिशा में गंभीरता से कार्य कर रही है। आज बालाघाट में तीन महिला नक्सलियों को मारा गया है, जिनसे हथियार भी बरामद हुए हैं तथा अन्य नक्सलियों के साथ पुलिस की मुठभेड़ जारी है। प्रदेश से नक्सलवाद को हटाने की दिशा में प्राप्त इस उपलब्धि के लिए मध्यप्रदेश पुलिस को बधाई।

शेष पेज 2 पर

## जमीन घोटाले में कर्नाटक सीएम सिद्धामरैया को बड़ी राहत, लोकायुक्त से मिली क्लीनचिट

बेंगलुरु ।बेंगलुरु में निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए एक विशेष अदालत के निर्देश के बाद सितंबर 2024 में शुरू की गई लोकायुक्त जांच का नेतृत्व मैसूर लोकायुक्त के पुलिस अधीक्षक टीजे उदेश ने किया था। अधिकारियों ने नौकरशाहों, राजनेताओं, सेवानिवृत्त अधिकारियों, मुदा अधिकारियों और सिद्धारमैया, उनकी पत्नी बीएम पार्वती और बहनोई बीएम मल्लिकार्जुन स्वामी जैसे प्रमुख लोगों सहित 100 से अधिक लोगों से पूछताछ की थी। उनके बयानों को वीडियो रिकॉर्ड किया गया और अंतिम रिपोर्ट में दर्ज किया गया। सूत्रों ने बताया कि कुल मिलाकर, विवादित संपत्ति, साइट आवंटन और



अधिसूचना प्रक्रियाओं से संबंधित 3,000 से अधिक पृष्ठों के दस्तावेजों का अध्ययन किया गया।

लोकायुक्त पुलिस ने कहा कि एमयूडीए मामले में कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया, उनकी पत्नी और अन्य के खिलाफ कोई सबूत नहीं है। लोकायुता पुलिस द्वारा यह स्वीकारोक्ति एजेंसी द्वारा जांच के लिए बेंगलुरु स्थित अपने मुख्यालय को अंतिम रिपोर्ट सौंपने के लगभग एक सप्ताह बाद आई है।

शेष पेज 2 पर

# दिल्ली की मुख्यमंत्री होंगी रेखा गुप्ता

### विधायक दल की बैठक में लगी मुहर, आज सीएम पद की लेंगी शपथ

दिल्ली। 20 फरवरी को दोपहर 12.35 बजे उपराज्यपाल वीके सक्सेना नए मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल को शपथ दिलाएंगे। रेखा गुप्ता दिल्ली की शालीमार बाग विधानसभा सीट से विधायक हैं। वे मौजूदा समय में दिल्ली भाजपा की महासचिव और भाजपा के महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं।

दिल्ली में मुख्यमंत्री के नाम को लेकर बना सस्पेंस खत्म हो गया है। रेखा गुप्ता को विधायक दल का नेता चुना गया है। कल यानि 20 फरवरी को दिल्ली के नए मुख्यमंत्री के तौर पर रेखा गुप्ता शपथ ग्रहण करेंगी। उपराज्यपाल वीके सक्सेना



दोपहर 12.35 बजे नए मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल को शपथ दिलाएंगे। पहले यह कार्यक्रम शाम 4.30 बजे के लिए प्रस्तावित था।

बुधवार शाम को दिल्ली में भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक हुई, जिसमें रेखा गुप्ता विधायक दल के नेता के रूप में चुनी गईं। रेखा गुप्ता उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मिलकर सरकार गठन का दावा पेश करेंगी और 20 फरवरी को रामलीला मैदान में नई सरकार का शपथ ग्रहण होगा।

**कौन हैं रेखा गुप्ता-** रेखा गुप्ता दिल्ली की शालीमार बाग विधानसभा सीट से विधायक हैं। वे मौजूदा समय में दिल्ली भाजपा की महासचिव और भाजपा के महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। 50 वर्षीय रेखा का जन्म हरियाणा के जींद जिले में स्थित नंदगढ़ गांव में 1974 में हुआ था। उनके पिता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में अधिकारी पद पर थे। शेष पेज 2 पर

## 100 या 200 नहीं... अब 14 लाख पंजाबियों को अमेरिका से निकालने की तैयारी, क्या चाहती है ट्रंप सरकार?

जालंधर। अमेरिका में कई वर्षों से रह रहे लाखों भारतीयों के सपने टूट सकते हैं। क्योंकि अब 100 या 200 या 500 नहीं बल्कि 35 लाख भारतीयों पर डिपोर्टेशन की तलवार लटक गई है। इनमें 14 लाख पंजाब के लोग हैं।

अमेरिका (यूएस) से अवैध प्रवासी भारतीयों को ट्रंप सरकार निकाल रही है। अवैध तरीके से अमेरिका गए 332 भारतीयों को डिपोर्ट कर अलग-अलग तारीखों में वापस भेजा जा चुका है। इनमें सबसे ज्यादा 128 लोग पंजाब के हैं, जो अमेरिका से निकाले जा चुके हैं।

वहीं अब जो खबर आ रही है, उससे अमेरिका में रह रहे अन्य लाखों भारतीयों के साथ देश में रह रहे उनके परिवार वालों के माथे में चिंता की लकीरें खींच गई हैं। अब 100 या 200 या 500 नहीं



बल्कि 14 लाख पंजाबियों पर डिपोर्टेशन की तलवार लटक गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अप्रत्याशित रूप से 20 इमिग्रेशन जजों को बिना किसी पूर्व सूचना के बर्खास्त कर दिया है। इस फैसले से उन 35 लाख लोगों में चिंता बढ़ गई है, जिन्होंने शरणार्थी दर्जे के लिए आवेदन किया था। इन जजों की बर्खास्तगी के कारण मामलों में और देरी होने की संभावना है, जिससे वर्षों से अमेरिका में रह रहे पंजाबी मूल के लगभग 14 लाख लोगों के निर्वासन का खतरा बढ़ गया है। शेष पेज 2 पर

### पंजाब सरकार ने भ्रष्टाचार पर नकेल कसते हुए राज्य में

## 52 पुलिस अधिकारियों को सेवा से कर दिया बर्खास्त

गुरूदासपुर। आम आदमी पार्टी (आप) सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल द्वारा नई दिल्ली में पंजाब के विधायकों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक करने के कुछ ही दिनों बाद, राज्य सरकार ने सोमवार को भ्रष्टाचार पर कड़ी कार्रवाई की।

पंजाब पुलिस विभाग में भ्रष्टाचार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार ने कदाचार के दोषी पाए गए 52 पुलिस अधिकारियों को बर्खास्त करके सख्त कार्रवाई की है। यह कार्रवाई अनियमितताओं के आरोप में मुक्तसर के जिला आयुक्त को निलंबित किए जाने के दो दिन



बाद की गई है।

पंजाब के शासन में एक नया अध्याय शुरू हो रहा है - जो भ्रष्टाचार के खिलाफ राज्य की लड़ाई को फिर से परिभाषित कर सकता है। आम आदमी पार्टी (आप) सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल द्वारा नई दिल्ली में पंजाब के विधायकों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक करने के कुछ ही दिनों बाद, राज्य सरकार ने सोमवार को भ्रष्टाचार पर कड़ी कार्रवाई की। एक नाटकीय फेरबदल में, पंजाब के शीर्ष भ्रष्टाचार निरोधक अधिकारी, राज्य सतर्कता ब्यूरो के मुख्य निदेशक वरिंदर कुमार को कथित तौर पर भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी ह्लनिष्क्रियताह्व के कारण उनके पद से हटा दिया गया है; जबकि श्री मुक्तसर साहिब के डिप्टी कमिश्नर (डीसी) राजेश त्रिपाठी को भ्रष्टाचार के आरोपों में निलंबित कर दिया गया है।

सर्जिकल सटीकता के साथ की गई इस कार्रवाई को आप विधायकों द्वारा उठाई गई चिंताओं का सीधा नतीजा माना जा रहा है,

शेष पेज 2 पर

### केजरीवाल ने पलट दिया खेल!

## बीजेपी से ले लिया चुनाव में हार का बदला

एक राज्य में सत्ता तो जरूर गंवाई लेकिन केजरीवाल की पार्टी का कई दूसरे राज्य में खाता खुलना आम आदमी पार्टी के लिए खुशखबरी से कम नहीं है। हालांकि इससे पहले जब आम आदमी पार्टी गुजरात विधानसभा चुनाव लड़ी थी तब कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई थी। लेकिन नगर की सरकार में आप का खाता खुलना केजरीवाल के लिए किसी शुभ संकेत से कम नहीं है।

दिल्ली की सत्ता में 10 साल से काबिज जिस आम आदमी पार्टी को बीजेपी ने उखाड़ फेंका। केजरीवाल एंड टीम ने उसी बीजेपी के गढ़ में ऐसी पटखनी दी कि पूरा गेम बदल गया। भले ही दिल्ली जैसे राज्या की सत्ता न मिली हो। लेकिन बीजेपी के गढ़ गुजरात में केजरीवाल की ये जीत



जख्म पर मरहम का काम जरूर करेगी। गुजरात के सलाया नगरपालिका चुनाव में आप के 8 उम्मीदवारों ने बंपर जीत हासिल की। जबकि इससे पहले छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी ने बिलासपुर के बोदरी नगर पालिका पर विजय पताका फहराया था। यानी एक राज्य में सत्ता तो जरूर गंवाई लेकिन केजरीवाल की पार्टी का कई दूसरे राज्य में खाता खुलना आम आदमी पार्टी के लिए खुशखबरी से कम नहीं है। हालांकि इससे पहले जब आम आदमी पार्टी गुजरात विधानसभा चुनाव लड़ी थी तब कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई थी। लेकिन नगर की सरकार में आप का खाता खुलना केजरीवाल के लिए किसी शुभ संकेत से कम नहीं है।

देवभूमि द्वारका में आम आदमी पार्टी को जीत की खुशी मिली है। यहां सलाया के वार्ड नं 1 और 2 में आम आदमी पार्टी ने जीत का परचम लहराया है। वहीं जूनागढ़ जिले की मांगरोल नगरपालिका के वार्ड 3 में भी झाड़ू को लोगों ने पसंद किया है। यहां आप के सभी चार प्रत्याशियों ने जीत हासिल की है। वडोदरा जिले में भी आप ने अपनी जमीन मजबूत की है। यहां अरविंद केजरीवाल की पार्टी ने चार सीटों पर जीत दर्ज की है।

**निकाय चुनावों में मतदाता**

गुजरात में स्थानीय निकाय चुनावों के लिए, जूनागढ़ के लिए 44.32 प्रतिशत, नगर पालिकाओं के लिए 61.65 प्रतिशत और तालुका पंचायत चुनावों के लिए 65.07 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इस चुनाव में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण और स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण का कार्यान्वयन भी देखा गया। शेष पेज 2 पर

# असम वन विभाग ने किया राज्यव्यापी वन मृदा स्वास्थ्य कार्ड लॉन्च

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**असम :**भारतीय वानिकी अनुसंधान और शिक्षा परिषद (आईसीएफआरई) -वर्षा वन अनुसंधान संस्थान (आरएफआरआई), जोरहाट ने असम वन विभाग के सहयोग से मंगलवार को राज्य का पहला वन मृदा स्वास्थ्य कार्ड (एफएसएचसी) लॉन्च किया।असम के सभी 33 क्षेत्रीय वन प्रभागों को कवर करने वाले यह कार्ड, आधिकारिक तौर पर असम के पीसीसीएफ और हफ संदीप कुमार द्वारा जोरहाट में जारी किए गए । वन मृदा स्वास्थ्य पर वैज्ञानिक आंकड़ों की कमी को दूर करने के लिए विकसित, एफएसएचसी मिट्टी की उर्वरता में सुधार और अपमानित या कम उत्पादक वन क्षेत्रों में उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रदान करते हैं। कल यह कार्ड औपचारिक रूप से असम वन विभाग को सौंप दिए गए।



आईसीएफआरई - आरएफआरआई, जोरहाट, पूर्वोत्तर भारत के लिए एफएसएचसी विकास का नेतृत्व कर रहा है। यह पहल तब होती है जब भारत पेरिस में 2015 यूएनएफसीसीसी सम्मेलन में 2030 तक वनीकरण के माध्यम से 2.5-3 बिलियन टन उड2 समकक्ष का अतिरिक्त कार्बन सिंक बनाने के लिए की गई अपनी प्रतिबद्धता की दिशा में काम करता है। जबकि कृषि मंत्रालय ने कृषि भूमि के लिए मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना शुरू की, वन भूमि को शुरू में बाहर रखा गया था पर अब इसे शामिल किए गए हैं । इसे संबोधित करने के लिए, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने सीएएमपीए के माध्यम से, आईसीएफआरई, देहरादून द्वारा कार्यान्वित अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना को वित्त पोषित किया है । यह कार्यक्रम मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन में सुधार और भारत के जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण हैं । इस परियोजना का उद्देश्य देश भर के सभी 788 वन प्रभागों के लिए एफएसएचसी विकसित करना है, जो 12 प्रमुख भूमि की उर्वरता मानकों का आकलन करता है। कल मंगलवार को यह कार्ड क्ळत्रष्ठए-फत्रक्क, जोरहाट के निदेशक डॉ नितिन कुलकर्णी, वैज्ञानिक-ऊ और वन मृदा स्वास्थ्य कार्ड तैयार करने वाले अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के प्रधान अन्वेषक दिनेश के मीणा और अन्य वरिष्ठ वन अधिकारियों की उपस्थिति में असम के पीसीसीएफ एंड हफ संदीप कुमार ने जारी किए थे ।

# असम भाजपा नेता तथा पूर्व विधायक गुरुज्योति दास का नाम एपीएससी घोटाले में शामिल

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**, असमः असम के भाजपा नेता, पूर्व विधायक तथा असम मत्स्य विकास निगम के वर्तमान अध्यक्ष गुरुज्योति दास का नाम एपीएससी घोटाले में लिया गया है, जो असम में हुए सबसे बड़े घोटालों में से एक है। एपीएससी घोटाले की जांच के लिए गठित जस्टिस बिप्लब शर्मा की रिपोर्ट में मंगलदोई के पूर्व विधायक गुरुज्योति दास पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। भाजपा नेता तथा मंगलदोई के पूर्व विधायक गुरुज्योति दास पर असम लोकसभा आयोग की परीक्षा में नौ रिश्तेदारों को घुमावदार रास्ते से पास कराने का आरोप लगा है। रिपोर्ट के मुताबिक, लीना दास, मनदीप दास, डॉ. देबाशीष दास, नरेश्वर दास, निमार्ली दास, भार्गवमणि दास, कल्पना दास, थानूराम दास और देवेंद्र दास को बीजेपी नेता गुरुज्योति दास ने घुमावदार रास्ते से नौकरी



दिलाया था । रिपोर्ट के मुताबिक, प्रश्न पत्र गुरुज्योति के रिश्तेदार भार्गवमणि दास को पहले ही दे दिया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, मंगलदोई के पूर्व भाजपा विधायक गुरुज्योति दास के तत्कालीन एपीएससी अध्यक्ष राकेश पाल और सहायक परीक्षा नियंत्रक पवित्र कैवर्त के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध थे। बिप्लब कुमार शर्मा की रिपोर्ट के मुताबिक इन अभ्यर्थियों को पहले ही प्रश्न पत्र दे दिए गए थे। इन सभी को परीक्षा के बाद उत्तर पुस्तिकाएं ले जाने की अनुमति दी गई थी। उन्होंने उत्तर पुस्तिका घर पर लिखने के बाद फिर से जमा कर दी थी । महत्वपूर्ण है कि रिपोर्ट में कई बातें लीक होने के बावजूद पूर्व विधायक गुरुज्योति दास अभी तक जांच के दायरे में नहीं आए हैं। अब आम लोगों के मन में सवाल यह है कि क्या भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की बात करने वाली हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व वाली भाजपा गठबंधन सरकार गुरुज्योति दास के खिलाफ जांच की घोषणा करके उचित कार्रवाई करेंगे या नहीं करेंगे । क्या पूर्व विधायक गुरुज्योति दास जांच के दायरे में नहीं आएंगे क्योंकि वह भाजपा पार्टी से हैं? अब भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की बात करने वाली भाजपा सरकार पूर्व विधायक के खिलाफ क्या कार्रवाई करेगी, यह आने वाले समय में यही ध्यान देने योग्य होगा।

# ज्यादा टिकट क्यों बेचते हैं'?: कोर्ट ने रेलवे को लगाई फटकार, नई दिल्ली भगदड़ मामले में केंद्र भी जवाब-तलब

नई दिल्ली । नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ मामले में आज हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। जहां कोर्ट ने केंद्र सरकार और रेलवे बोर्ड से इस मामले पर जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने पूछा कि आप अतिरिक्त टिकट क्यों बेचते हैं? एक कोच में यात्रियों की क्षमता से अधिक टिकट बेचने पर सवाल उठाया है।

उच्च न्यायालय ने बुधवार को केंद्र सरकार, भारतीय रेलवे और रेलवे बोर्ड से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हाल ही में हुई भगदड़ जैसी घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा उपाय करने के मुद्दे पर जवाब मांगा है। स्टेशन पर हुई भगदड़ में कम 18 लोगों की मौत हो गई थी।

क्षमता से अधिक टिकट बेचने पर सवाल उठाए- मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की खंडपीठ ने दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान रेलवे से एक कोच में यात्रियों की क्षमता से अधिक टिकट बेचने पर सवाल उठाया। पीठ ने कहा यदि आप कोच में यात्रियों की संख्या तय करते हैं तो आप टिकट क्यों बेचते हैं, बेचे गए टिकटों की संख्या उस संख्या से अधिक क्यों होती है? यह एक समस्या है। न्यायालय ने विशेष रूप से रेलवे अधिनियम की धारा 57 का हवाला दिया, जिसके अनुसार प्रशासन को एक डिब्बे में ले जाए जाने वाले यात्रियों की अधिकतम संख्या तय करनी होगी।

पीठ ने टिप्पणी की यदि आप एक साधारण सी बात को सकारात्मक तरीके से अक्षरशः लागू करते हैं, तो ऐसी स्थिति से बचा जा सकता है। भीड़भाड़ वाले दिनों में आप भीड़ को समायोजित करने के लिए उस संख्या को बढ़ा सकते हैं, जो समय-समय पर आने वाली आवश्यकताओं के आधार पर होती है। लेकिन कोच में बैठने वाले यात्रियों की संख्या तय न करके इस प्रावधान की हमेशा से उपेक्षा की गई है।

न्यायालय वकीलों, उद्यमियों और अन्य पेशेवरों के एक समूह के संगठन अर्थ विधि द्वारा हाल ही में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ की पृष्ठभूमि में दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई थी। उत्तर प्रदेश में महाकुंभ में भाग लेने के लिए लोगों की भीड़ के कारण स्टेशन पर भीड़भाड़ थी।

**भगदड़ मामले पर जनहित याचिका पर सुनवाई-** वकील आदित्य त्रिवेदी के माध्यम से दायर जनहित याचिका में कहा गया है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए रेलवे अधिनियम के तहत विभिन्न कानूनी प्रावधानों और नियमों को ठीक से लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने पीठ को बताया यह याचिका कुप्रबंधन, घोर लापरवाही और प्रशासन की पूर्ण विफलता को उजागर करती है, जिसके कारण 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मच गई।

**याचिकाकर्ता का आरोप- रेलवे की विफलता उजागर हुई-**हालांकि, याचिकाकर्ता के वकील ने मुद्दे की गंभीरता पर जोर दिया और रेलवे की विफलताओं को उजागर किया। हम रेलवे अधिनियम की धारा 57 और 157 को उजागर करते हैं। हवाई अड्डों पर यह जानने के लिए तंत्र हैं कि कितने लोग हैं। भारतीय रेलवे के पास ऐसा कोई तंत्र नहीं है। अनारक्षित वर्ग के लिए कोई अधिसूचना या परिपत्र नहीं है। अगर रेलवे अपने नियमों का पालन नहीं कर रहा है, तो हम सुरक्षा की उम्मीद कैसे कर सकते हैं।

**रेलवे उठाए गए मुद्दों पर विचार करेगा: सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता**

मुख्य न्यायाधीश उपाध्याय दलीलों से सहमत दिखे और उन्होंने टिप्पणी की कि जनहित याचिका का कोई विरोध नहीं होना चाहिए। भारतीय रेलवे की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वह कोई प्रतिकूल रुख नहीं अपना रहे हैं। यह कानून है, हम इससे बंधे हैं। इसके लिए किसी आदेश की जरूरत नहीं है। मेहता ने आगे कहा कि रेलवे उठाए गए मुद्दों पर विचार करेगा। मामले की अगली सुनवाई 26 मार्च को होगी।

# भाजपा विधायक की बढ़ीं मुश्किलें: कोर्ट ने करनैल सिंह को भेजा नोटिस, सत्येंद्र जैन ने की थी शिकायत

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूर**

नई दिल्ली । दिल्ली में राउज एवेन्यू कोर्ट ने भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक करनैल सिंह को कानूनी नोटिस जारी किया है। आप नेता सत्येंद्र जैन की तरफ से मानहानि का आरोप लगाया गया था।

राउज एवेन्यू कोर्ट ने बुधवार को भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक करनैल सिंह को नोटिस जारी किया है। अदालत ने यह कार्यवाही आप नेता सत्येंद्र जैन की तरफ से मानहानि का आरोप लगाते हुए दायर की गई आपराधिक शिकायत पर की है।

अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पारस दलाल ने सिंह को 3 मार्च तक अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा, आरोपी को 3 मार्च तक के लिए नोटिस जारी किया जाए।

जैन ने आरोप लगाया कि सिंह ने 19



जनवरी को एक टेलीविजन साक्षात्कार के दौरान उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाया। शिकायत के अनुसार, सिंह ने एक टेलीविजन चैनल पर प्रसारित साक्षात्कार के दौरान मानहानिकारक बयान दिया।

इसमें उन्होंने कथित तौर पर दावा किया कि ईडी ने जैन के घर से 37 किलोग्राम सोना बरामद किया और आप नेता के नाम पर 1,100 एकड़ जमीन है। साथ ही, कहा कि यह संपत्ति भ्रष्टाचार और धन शोधन से अर्जित की गई है।

# पेज एक का शेष...

## योगी सरकार आज पेश करेगी अपना नौवा बजट आठ लाख करोड़ के बजट का अनुमान

इसी तरह राजद नेता लालू प्रसाद यादव ने इसे फालतू की बात कहा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा था कि महाकुंभ की भगदड़ में हजारों लोगों की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि अगर सनातन संस्कृति का पालन करना अपराध है तो हम ये अपराध हजार बार करेंगे। उन्होंने सपा पर हमला करते हुए कहा कि संक्रमित व्यक्ति का उपचार हो सकता है संक्रमित सोच का कोई उपचार नहीं है। महाकुंभ महान आयोजन है। महान कार्य को तीन अवस्थाओं से गुजरना पड़ता है। उपहास से, विरोध से और स्वीकृति से। स्वीकृति का इससे अधिक प्रमाण क्या हो सकता है कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष खुद चुपचाप जाकर महाकुंभ में डुबकी लगा आए।

## दिल्ली की मुख्यमंत्री होंगी रेखा गुप्ता

**रेखा गुप्ता का कैसा रहा अब तक का राजनीतिक करियर?**

पढ़ाई पूरी करने के बाद रेखा गुप्ता 2003-04 में भाजपा युवा मोर्चा की दिल्ली इकाई से जुड़ीं और यहां सचिव पद पर रहीं।

इसके बाद 2004 से 2006 तक उन्होंने भारतीय जनता युवा मोर्चा की राष्ट्रीय सचिव के तौर पर जिम्मेदारी निभाई।

2007: उत्तर पीतमपुरा से पार्षद बनीं।

2007-09: एमसीडी में महिला कल्याण एवं बाल विकास समिति की दो साल तक अध्यक्ष रहीं।

2009: दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा की महासचिव रहीं।

2010: भाजपा ने उन्हें राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य की जिम्मेदारी दी।

2012: उत्तरी पीतमपुरा वॉर्ड-54 से फिर बनीं पार्षद।

पढ़ाई-लिखाई के दौर में ही राजनीति से जुड़ीं

रेखा गुप्ता बचपन में पढ़ाई-लिखाई के दौरान ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संगठन (आरएसएस) के स्टूडेंट विंग अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से जुड़ गई थीं। इसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ाई के दौरान वह दौलत राम कॉलेज में सचिव का चुनाव जीतने में सफल रहीं। 1995-96 में उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ का चुनाव लड़ा और अध्यक्ष बनीं। रेखा ने इसके बाद एलएलबी तक की पढ़ाई पूरी की।

विधायक दल की बैठक के लिए भाजपा ने इन्हें सौंपी थी जिम्मेदारी

इससे पहले 19 फरवरी यानि बुधवार की दोपहर में भाजपा के संसदीय बोर्ड ने दिल्ली प्रदेश में पार्टी विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किए। भाजपा ने रविशंकर प्रसाद, ओपी धनखड़ को पर्यवेक्षक बनाया था। इन्हीं की उपस्थित में शाम को भाजपा विधायक दल की बैठक हुई।

कई राज्यों के मुख्यमंत्री हो सकते हैं शामिल

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा भाजपा-एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के रहने की भी उम्मीद जताई जा रही है। ऐसे में दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया है। चूंकि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मौजूद रहेंगे, इसलिए उनकी सुरक्षा में एसपीजी का घेरा मौजूद रहेगा।

बॉलीवुड से भी आ सकते हैं कई मेहमान

वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह में नेताओं के अलावा बॉलीवुड के कुछ लोगों के शामिल होने की उम्मीद है, इसके अलावा वहां पर साधु-संतों को भी न्योता दिया गया है। कार्यक्रम की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। एसपीजी, अर्द्धसैनिक बलों और दिल्ली पुलिस का बहुस्तरीय घेरा मौजूद रहेगा।

## 52 पुलिस अधिकारियों को सेवा से कर दिया बर्खास्त

कथित तौर पर भ्रष्टाचार विरोधी अभियान में अक्षमताओं और सतर्कता ब्यूरो के भीतर एक ह्लसमानांतर प्रणालीह्व की मौजूदगी को चिन्हित किया था।

सरकार ने अब अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक जी नागेश्वर राव को राज्य सतर्कता ब्यूरो का नया प्रमुख नियुक्त किया है, जिससे कुमार के नेतृत्व में कथित तौर पर रुकी हुई जांच में नई ऊर्जा भरने की उम्मीद है। इन साहसिक कदमों के साथ, भगवंत मान सरकार ने एक स्पष्ट संदेश दिया है - भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, और कोई भी अधिकारी जांच से परे नहीं है।

हाल ही में की गई कार्रवाई दिल्ली में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक से उपजी है - विधानसभा चुनावों में आप की करारी हार के बाद - जहां आप के पंजाब विधायकों, मुख्यमंत्री भगवंत मान, सभी कैबिनेट मंत्रियों ने केजरीवाल और राज्यसभा सांसद संदीप पाठक से मुलाकात की। दिल्ली विधानसभा चुनावों में आप के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद, पंजाब के विधायकों ने कथित तौर पर अपने गृह क्षेत्र में शासन के मुद्दों पर चिंता व्यक्त की। कई लोगों ने भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की कमी की ओर इशारा किया, चेतावनी दी कि निष्क्रियता भविष्य के चुनावों से पहले पार्टी की साख को नुकसान पहुंचा सकती है।

बैठक में सबसे महत्वपूर्ण खुलासे में से एक पंजाब सतर्कता ब्यूरो द्वारा हाई-प्रोफाइल भ्रष्टाचार के मामलों में निर्णायक कार्रवाई करने में कथित विफलता थी। सूत्रों ने संकेत दिया कि कई विधायकों ने ब्यूरो में कुछ जूनियर अधिकारियों पर अपने अधिकार का दुरुपयोग करने, जांच में देरी करने और भ्रष्टाचार के मामलों को आक्रामक तरीके से आगे बढ़ाने के बजाय नौकरशाही बाधाएं पैदा करने का आरोप लगाया, खासकर उच्च अधिकारियों के खिलाफ। कुछ ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ अधिकारियों द्वारा एक समानांतर प्रणाली चलाई जा रही थी, स्वतंत्र रूप से नोटिस जारी करना और बिना किसी जवाबदेही के निर्णय लेना।

## जमीन घोटाले में कर्नाटक सीएम सिद्धामरैया को बड़ी राहत, लोकायुक्त से मिली क्लीनचिट

यह रिपोर्ट सीएम सिद्धारमैया और उनके परिवार से जुड़े मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) साइट आवंटन मामले की 138 दिनों की व्यापक जांच के बाद प्रस्तुत की गई थी।

बेंगलुरु में निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए एक विशेष अदालत के निर्देश के बाद सितंबर 2024 में शुरू की गई लोकायुक्त जांच का नेतृत्व मैसूर लोकायुक्त के पुलिस अधीक्षक टीजे उदेश ने किया था। अधिकारियों ने नौकरशाहों, राजनेताओं, सेवानिवृत्त अधिकारियों, मुदा अधिकारियों और सिद्धारमैया, उनकी पत्नी बीएम पार्वती और बहनोई बीएम मल्लिकार्जुन स्वामी जैसे प्रमुख लोगों सहित 100 से अधिक लोगों से पूछताछ की थी। उनके बयानों को वीडियो रिकॉर्ड किया गया और अंतिम रिपोर्ट में दर्ज किया गया। सूत्रों ने बताया कि कुल मिलाकर, विवादित संपत्ति, साइट आवंटन और अधिसूचना प्रक्रियाओं से संबंधित 3,000 से अधिक पृष्ठों के दस्तावेजों का अध्ययन किया गया।

विशेष अदालत ने पिछले साल 27 सितंबर को सिद्धारमैया और तीन अन्य के खिलाफ एफआईआर का निर्देश दिया था, जो कि राज्यपाल थावर चंद गहलोत द्वारा सिद्धारमैया की जांच की अनुमति देने के बाद सामाजिक कार्यकर्ता स्नेहमयी कृष्णा की याचिका पर आधारित थी। कर्नाटक हाई कोर्ट ने राज्यपाल के फैसले को बरकरार रखा। जांच में आईपीसी, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, बेनामी संपत्ति लेनदेन निषेध अधिनियम और कर्नाटक भूमि कब्जा निषेध अधिनियम के तहत कथित उल्लंघन शामिल हैं।

## बीजेपी से ले लिया चुनाव में हार का बदला

भाजपा ने निर्विरोध 215 सीटें जीतीं-गुजरात स्थानीय निकाय चुनावों के लिए मतदान रविवार, 16 फरवरी को हुआ और भारतीय जनता पार्टी ने 215 सीटें निर्विरोध जीत लीं, जो कुल लड़ी गई सीटों का लगभग 10 प्रतिशत है। भाजपा की कुल निर्विरोध जीत में से 196 सीटें नगर पालिकाओं की, 10 जिला और तालुका पंचायतों की और नौ जूनागढ़ नगर निगम की हैं।

## बालाघाट में चार हार्डकोर महिला नक्सलियों का एनकाउंटर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश पुलिस की कुशल रणनीति के फलस्वरूप बालाघाट में नक्सली बैकफुट पर आ चुके हैं। राज्य में कहीं भी नक्सल गतिविधियां संचालित न हो, इसके लिए पूरी सतर्कता बरती जा रही है। पुलिसकर्मी अपनी जान की बाजी लगाकर दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। राज्य सरकार ने बालाघाट और जहां आवश्यक हो, वहां नक्सलियों से निपटने के लिए समुचित व्यवस्था की हैं। नक्सलवाद को प्रदेश में पूरी तरह समाप्त करने के लिए राज्य सरकार एवं म.प्र. पुलिस प्रतिबद्ध है।

## 100 या 200 नहीं... अब 14 लाख पंजाबियों को अमेरिका से निकालने की तैयारी; क्या चाहती है ट्रंप सरकार?

अमेरिका में रहने वाले राणा टुट के अनुसार इस कारण काफी पंजाबी युवाओं को नुकसान होगा।

इमिग्रेशन कोर्ट सिस्टम पहले से ही लंबित मामलों के भारी बोझ से दबा हुआ है, जिससे कानूनी प्रक्रियाओं में वर्षों की देरी हो रही है। पंजाबी समुदाय के लिए अमेरिका में लंबे समय से कार्यशील वरिष्ठ लेखक बलविंदर सिंह बाजवा के अनुसार, इन लंबित मामलों में 40% मामले पंजाबी मूल के लोगों से संबंधित हैं। लिहाजा केसों के लटकने से उनको भी डिपोर्ट किया जा सकता है। जून 2024 में पांच लाख अप्रवासियों को कानूनी दर्जा देने की पेशकश की थी। इन आव्रजन न्यायाधीशों को तकनीकी रूप से उनके प्रशासन की ओर से लाया गया था।

ट्रंप प्रशासन के कदम-ट्रंप प्रशासन ने मामलों को तेजी से निपटाने के प्रयास में इमिग्रेशन जजों पर दबाव बढ़ा दिया था। पिछले महीने, न्याय विभाग ने निर्वासन का सामना कर रहे लोगों को कानूनी सहायता प्रदान करने वाले गैर-सरकारी संगठनों को दी जाने वाली वित्तीय सहायता भी रोक दी थी। यह बर्खास्तगी ट्रंप की दो प्रमुख प्राथमिकताओं सामूहिक निर्वासन और संघीय सरकार के आकार को कम करने को प्रभावित करती है।

कनाडा में भी प्रभाव-कनाडा में भी इमिग्रेशन विभाग (आईआरसीसी) ने अगले तीन वर्षों में अपने कर्मचारियों में 25% कटौती करने की घोषणा की है, जबकि वहां भी 22 लाख आवेदन लंबित हैं। इससे कनाडा में भी पीआर का प्रोसेस धीमा हो जाएगा।

अमेरिका के रहने वाले राणा टुट का कहना है कि आव्रजन न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या बढ़ती जा रही है, जिसके कारण देश में अवैध अप्रवासियों की संख्या में वृद्धि हुई है। चूंकि मामलों को सिस्टम से गुजरने में बहुत समय लगता है, इसलिए प्रतीक्षा करने वाले कई लोग अपने समुदायों में जड़ें जमाना शुरू कर देते हैं। निश्चित तौर पर इमिग्रेशन प्रकिया धीमी हो जाएगी और इसका नुकसान काफी पंजाबी युवाओं को होगा।

इस महीने अमेरिका से डिपोर्ट हुए भारतीय

05 फरवरी को 104, पंजाबी 30
15 फरवरी को 116, पंजाबी 67
16 फरवरी को 112, पंजाबी 31

# विश्वविद्यालय सर्कल स्टाइल कबड्डी प्रतियोगिता में चयनित छात्र-छात्राओं का महाविद्यालय में भव्य स्वागत एवं सम्मान

## दिगंबर जैन महाविद्यालय के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, अखिल भारतीय प्रतियोगिता के लिए हुए चयनित

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



बागपत- चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर-महाविद्यालय सर्कल स्टाइल कबड्डी प्रतियोगिता में दिगंबर जैन महाविद्यालय, बड़ौत के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय के छह खिलाड़ियों का चयन विश्वविद्यालय टीम में हुआ। अब ये खिलाड़ी चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए अखिल भारतीय सर्कल स्टाइल कबड्डी प्रतियोगिता, जींद (हरियाणा) में भाग लेंगे।

प्रतियोगिता का आयोजन और चयन प्रक्रिया शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दीपक चंद्र मौर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रतियोगिता 17 फरवरी 2025 को किसान डिग्री कॉलेज, सिंभावली (हापुड़) में संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों की कबड्डी महिला एवं पुरुष टीमों ने भाग लिया। विश्वविद्यालय टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन ट्रायल और उनके प्रदर्शन के आधार पर किया गया।

महिला टीम में दिगंबर जैन महाविद्यालय की 4 छात्राओं का चयन इस प्रतियोगिता में दिगंबर जैन महाविद्यालय की बीए की चार छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया और उन्हें विश्वविद्यालय टीम में शामिल किया गया। चयनित छात्राएं इस प्रकार हैः कुमारी पायलल्ल कुमारी विजेता कुमारी अन्नू राठी कुमारी रेनू (अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में)विशेष रूप से, कुमारी पायल का लगातार दूसरे वर्ष चयन हुआ है। उन्होंने पिछले वर्ष भी विश्वविद्यालय टीम का हिस्सा बनकर अखिल भारतीय विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में भाग लिया था और शानदार खेल का प्रदर्शन किया था।

**पुरुष टीम में महाविद्यालय के 3 छात्रों का हुआ चयन**

पुरुष वर्ग में भी दिगंबर जैन महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार खेल भावना का परिचय दिया। उनकी कड़ी मेहनत और उत्कृष्ट खेल कौशल के कारण तीन छात्रों को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय पुरुष टीम में शामिल किया गया। चयनित खिलाड़ी हैं ज्जवल, अनुज कुमार, रुस्तम तोमर अब अखिल भारतीय सर्कल स्टाइल कबड्डी प्रतियोगिता में दिखाएंगे दमखम चयनित खिलाड़ी अब चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की टीम में शामिल होकर अखिल भारतीय सर्कल स्टाइल कबड्डी विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता जींद, हरियाणा में आयोजित होगी, जहां देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों की टीमें भाग लेंगी।

महाविद्यालय में विजेता खिलाड़ियों का भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह चयनित खिलाड़ियों के महाविद्यालय पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। महाविद्यालय प्रशासन ने खिलाड़ियों के इस उल्लेखनीय प्रदर्शन को सम्मानित करने के लिए एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेश कुमार मुछाल, खेल परिषद के अध्यक्ष एवं सदस्यगण, शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. डी.सी. मौर्य, डॉ. के.जी. पांडे, डॉ. के.एस. सिंह, डॉ. विजयपाल सिंह, डॉ. नीरज राणा, डॉ. राजीव कुमार, डॉ. हरेंद्र कुमार, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. रुचि गुप्ता, कबड्डी टीम के कोच संजीव राठी, तथा महाविद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं ने खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया।

# बड़ौत में माय भारत एवं डिजिटल कृषि मिशन पर जागरूकता संगोष्ठी आयोजित



बड़ौत। बुधवार को जनता वैदिक कॉलेज, बड़ौत में नेहरू युवा केंद्र (माय भारत) बागपत के तत्वावधान में भारत सरकार के डिजिटल कृषि मिशन के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में किसानों के डिजिटलीकरण में युवाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए अधिक से अधिक युवाओं को स्वयंसेवी के रूप में अपने गांव-कस्बे में 'फॉर्मर रजिस्ट्री' अभियान संचालित करने हेतु प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि 'फॉर्मर सहायक यूपी' एप के माध्यम से युवा स्वयं को सहायक के रूप में पंजीकृत कर सकते हैं और अपने आसपास के किसानों की 'फॉर्मर रजिस्ट्री' का कार्य कर सकते हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य किसानों के विवरण को डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर से जोड़ना है, जिससे उन्हें विभिन्न कृषक केंद्रित योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके। जनता वैदिक कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, ₹डिजिटल इंडिया के इस युग में तकनीकी का सही उपयोग बेहद जरूरी है। डिजिटल कृषि मिशन के तहत किसानों को तकनीकी माध्यम से सशक्त करने की पहल की गई है, जिसमें युवाओं की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**माय भारत पोर्टल से जुड़ने का आह्वान**

नेहरू युवा केंद्र (माय भारत) बागपत के उप निदेशक अरुण कुमार तिवारी ने कहा कि 'फॉर्मर रजिस्ट्री' किसानों को डिजिटल प्रणाली से जोड़ने की एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए 'माय भारत' पोर्टल पर अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में 15 दिनों तक युवा स्वयंसेवक अपने गांव और कस्बों में किसानों की जानकारी 'फॉर्मर सहायक यूपी' एप पर दर्ज करेंगे जिसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा। इच्छुक युवाओं को माय भारत पोर्टल के माध्यम से अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम में आवेदन करना होगा।

कार्यक्रम के दौरान 'माय भारत' पोर्टल की विस्तृत जानकारी दी गई और मौके पर ही युवाओं का पंजीकरण भी कराया गया। तकनीकी विशेषज्ञ अमन कुमार ने 'माय भारत' पोर्टल पर पंजीकरण की लाइव डेमो प्रस्तुत की, जिससे उपस्थित युवाओं को प्रक्रिया समझने में आसानी हुई। कार्यक्रम के सफल संचालन में डॉ. अनुपम तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जबकि आयोजन में संयम सिंह, अभिषेक सहित अन्य लोगों का भी योगदान रहा। यह संगोष्ठी डिजिटल कृषि मिशन के प्रति युवाओं और किसानों में जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक प्रभावशाली कदम साबित हुई। इस अवसर पर उपस्थित युवाओं ने डिजिटल कृषि मिशन को सफल बनाने और किसानों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए अपने-अपने गांवों में जागरूकता अभियान चलाने का संकल्प लिया।

# टाइम टेबल बनाकर करें बोर्ड परीक्षा की तैयारी : चांदनी जैन

बागपत।श्री शान्ति सागर दिगम्बर जैन कन्या इंटर कालेज छपरौली की सामाजिक विज्ञान सहायक अध्यापिका चांदनी जैन ने 10 वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों को जरूरी टिप्स दिए हैं। चांदनी जैन ने कहा कि बोर्ड परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों के लिए काफी तनावपूर्ण माहौल सा बना हुआ है। बोर्ड परीक्षाएं प्रत्येक विद्यार्थी के जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव होता है। बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए बच्चों को पहले ही रणनीति बना लेनी चाहिए एवं उसी के अनुसार पढ़ाई करनी चाहिए। विद्यार्थियों को पढ़ाई की क्षमता दोगुनी कर देनी चाहिए। 10 घंटे का काम सिर्फ 2 घंटे में। पोमोडोरो तकनीक -25 मिनट पढ़ें, 5 मिनट ब्रेक ले, एकाग्रता बढ़ाएं। ऑडियो लर्निंग मैजिक- कठिन अध्यायों की रिकॉर्डिंग करें, चलते-फिरते सुनें, सीखने में आसानी, रंगीन नोट्स बनाएं, हाइलाइटर का सही इस्तेमाल करें, अलग-अलग विषयों के लिए अलग रंग, याददाश्त दोगुनी करे-रात की रिवीजन शक्ति, सोने से पहले दोहराएं, दिमाग रात में प्रोसेस करेगा, सुबह याद रहेगा ज्यादा। सिखाकर सीखें- दूसरों को समझाएं, खुद की समझ मजबूत करें, आत्मविश्वास बढ़ाएं। सुबह की सोनहरी घड़ियां- सुबह 5-7 बजे पढ़ें,

फोकस का बेस्ट टाइम, बिना डिस्टर्बेंस के पढ़ाई। रोजमर्रा से जोड़ें-टॉपिक को रियल लाइफ से कनेक्ट करें, रुचि बढ़ेगी, समझ होगी गहरी। एक टाइम टेबल बनाएं और उसी के अनुरूप परीक्षा की तैयारी करें। बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए टाइम टेबल बनाने से आपको ज्ञात होगा कि आपको प्रत्येक दिन किस विषय पर कितना समय देना है। पाठ्यक्रम को समझे और उसे पूरा करें। बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है पाठ्यक्रम को समझना।

# राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में धूमधाम के साथ मनाया गया वार्षिकोत्सव



बागपत। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बागपत में वार्षिकोत्सव समारोह बहुत धूमधाम से मनाया गया। समारोह का आरंभ प्रधानाचार्य डॉक्टर प्रीति शर्मा व अन्य शिक्षिकाओं द्वारा सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। पूरे शैक्षिक सत्र में छात्राओं द्वारा विभिन्न गतिविधियों जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद व अन्य प्रतियोगिताओ में प्रतिभाग किया गया, जिसके अंतर्गत सभी छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

पूरे विद्यालय से कक्षा 6 से 12 तक 15 सर्वश्रेष्ठ छात्राएं चुनी गई ,जिनका समस्त गतिविधियों में प्रतिभाग रहा। विद्यालय की चारों हेड गर्ल को पुरस्कृत किया गया। उन्होंने विद्यालय की अनुशासन व्यवस्था बनाए रखने में समस्त शिक्षिकाओं की बहुत सहायता की। कुमारी दीपांशी कक्षा 12 स्टूडेंट ऑफ द ईयर तथा कुमारी रिया ऑल राउंडर छात्रा चुनी गई। समस्त छात्राओं को सम्मानित करते हुए सभी शिक्षिकाओं में बहुत उल्लास था।वार्षिकोत्सव समारोह सरस्वती वंदना से प्रारंभ किया गया तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए गए। समारोह का समापन राष्ट्रगान द्वारा किया गया।वार्षिकोत्सव समारोह में वंदना शर्मा, इंदु ,कृष्णा कुमारी, मंजू रानी ,पूनम, आशु रानी, कविता, आरती, रवीना, कोमल सभी शिक्षिकाओं ने कार्यक्रमों की तैयारी में प्रतिभाग किया। छवि श्रीवास्तव द्वारा मंच संचालन किया गया। बाबूराम व रोहित द्वारा कार्यक्रम में अपेक्षित सहयोग किया गया।

# हरित प्राण ट्रस्ट के सदस्यों ने कुंभ और अयोध्या में किया वृक्षारोपण

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बागपत। हरित प्राण ट्रस्ट के पांच सदस्य कुंभ स्नान के लिए प्रयागराज पहुंचे, जहां उन्होंने धार्मिक आस्था के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का भी ध्यान रखा। कुंभ मेले के विशाल परिसर में जगह चिन्हित कर ट्रस्ट के सदस्यों ने वृक्षारोपण किया। इसके बाद, वापसी के दौरान अयोध्या में रामलला के दर्शन किए और वहां भी प्रशासन की अनुमति लेकर चिकित्सालय परिसर में वृक्षारोपण किया।

**पर्यावरण संरक्षण के प्रति दृढ़ संकल्प-** कुंभ जैसे भव्य और भीड़भाड़ वाले आयोजन में जहां आम लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था, वहीं हरित प्राण ट्रस्ट के सदस्य अपने कर्तव्य को नहीं भूले। उन्होंने जहां संभव हुआ, वहां वृक्षारोपण कर अपने मिशन को आगे बढ़ाया। यह ट्रस्ट पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है और विभिन्न धार्मिक व सामाजिक स्थलों पर वृक्षारोपण अभियान चलाता रहता है।

**ट्रस्ट के सदस्यों की सराहनीय पहल-** इस अभियान में हरित प्राण ट्रस्ट के सदस्य राहुल चिकारा, मीनू, सुनील गुड्डी, सोनिया, और अयोध्या के डॉ. सूर्यांश पटेल शामिल रहे। इसके अलावा, प्रयाग जंक्शन पर तैनात सिपाही पीयूष चिकारा, कल्लू खान, और उमा ने भी इस पहल में सहयोग दिया। हरित प्राण ट्रस्ट के इस कार्य की सराहना करते हुए सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई हैं। ट्रस्ट का यह प्रयास पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के साथ-साथ समाज को जागरूक करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

# इनकम टैक्स के छापे से प्रयाग मिल्क फैक्ट्री में मचा हड़कंप

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। इनकम टैक्स की टीम ने उत्तर प्रदेश के जिला बरेली में प्रयाग मिल्क फैक्ट्री पर छापा मारा है। बीते दिवस की सुबह से आयकर अधिकारी मिल्क फैक्ट्री में दस्तावेज खंगाल रहे हैं। कंपनी के अधिकारी और कर्मचारी सब अंदर हैं और उनसे पूछताछ जारी है।

बरेली में एक पखवाड़े के अंदर इनकम टैक्स का ये दूसरा छापा है। इससे पहले दिल्ली और लखनऊ की टीम ने शहर के एक गुटखा कारोबारी के यहां छापा मारा था। आयकर विभाग के एक के बाद एक, ताबड़तोड़ छापों से बरेली के कारोबारी जगत में हलचल बढ़ गई है।

बरेली के फरीदपुर प्रयाग मिल्क फैक्ट्री है। प्रीमियर एग्री फूड्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी, प्रयाग ब्रांड से डेयरी उत्पाद तैयार करती है। इसके ऑनर और निदेशक जगमोहन गुप्ता हैं। जगमोहन गुप्ता मूलरूप से अलीगढ़ के रहने वाले हैं और अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासभा के क्षेत्रीय अध्यक्ष भी हैं। फरीदपुर में उनकी फैक्ट्री है, जहां इनकम टैक्स की टीम मंगलवार सुबह से जांच–पड़ताल में जुटी है।

इनकम टैक्स की टीम लगातार दूसरे दिन फैक्ट्री में डेयरी प्रोडक्ट उत्पादन से लेकर तमाम दस्तावेजों की गहनता से जांच कर रही है। कंपनी से जुड़े अधिकारी और अन्य लोगों के मोबाइल बंद हैं। हालांकि अभी तक ये स्पष्ट नहीं हो सका है कि छापेमारी किसी विशेष बिंदु पर की जा रही है या कंपनी के कारोबार–टैक्स के संबंध में है।

फिलहाल प्रयाग मिल्क फैक्ट्री में आयकर विभाग की टीम मौजूद है। गेट पर फोर्स का पहरा लगा है। किसी को भी अंदर–बाहर आने–जाने की अनुमति नहीं है। सबके फोन जमा करा लिए गए हैं। बरेली में इस कार्रवाई से व्यापारी जगत में बेचैनी देखी जा रही है।

# दूसरे दिन भी रुहेलखंड विश्वविद्यालय का रहा दबदबा, खिलाड़ियों ने जीते पांच स्वर्ण पदक

**एनपीटी ब्यूरो**



बरेली। महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में चल रही अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीय ग्रेपलिंग प्रतियोगिता के दूसरे दिन बुधवार को पुरुष वर्ग में नो गी श्रेणी में मुकाबले खेले गए। दूसरे दिन भी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों का दबदबा कायम रहा। अंडर–46 किलो भारवर्ग में रुहेलखंड विश्वविद्यालय के धमेंद्र ने स्वर्ण, डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा के प्रशांत ने रजत, लैमरिन टेक स्किल्स यूनिवर्सिटी पंजाब के नरेंद्र और स्वर्णिम गुजरात खेल विश्वविद्यालय के क्रीनाल ने कांस्य पदक जीते।

अंडर–50 किलो भारवर्ग में रुहेलखंड विश्वविद्यालय के उपेंद्र कुमार को स्वर्ण, वीबीएस पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के ज्ञानेंद्र कुमार को रजत, यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स बोर्ड पाहेर यूनिवर्सिटी उदयपुर के चेतन और देश भगत विश्वविद्यालय पंजाब के विक्रम को कांस्य पदक हासिल हुआ।

# डॉक्टर अभिनव तोमर ने किया चमत्कार, बागपत में पहली बार समय से पूर्व जन्मे तीन बच्चों को बचाया



बागपत जनपद में चिकित्सा जगत की एक बड़ी उपलब्धि देखने को मिली, जब डॉक्टर अभिनव तोमर ने समय से डेढ़ माह पूर्व जन्मे तीन नवजात शिशुओं को जीवनदान दिया। इस असाधारण उपलब्धि की पूरे जिले में चर्चा हो रही है, और लोग डॉक्टर तोमर की सराहना कर रहे हैं।

**छह वर्षों बाद मातृत्व सुख, लेकिन बढ़ी थी चिंता**

बागपत के बड़ौत कस्बे की रहने वाली पूनम, जो रविंद्र की पत्नी हैं, की शादी को छह वर्ष हो चुके थे, लेकिन अब तक उनकी संतान नहीं थी। जब पूनम ने एक साथ तीन पुत्रों को जन्म दिया, तो परिवार में खुशी का माहौल था, लेकिन यह खुशी चिंता में बदल गई जब यह पता चला कि बच्चे समय से पहले जन्मे हैं और उनका वजन बहुत कम है।

डॉक्टरों के अनुसार, नवजात बच्चों का वजन मात्र 1000 ग्राम (1 किलोग्राम) था, जिससे उनके शारीरिक विकास में कमी थी और जीवन को खतरा बना हुआ था। परिवार को यह डर सता रहा था कि क्या बड़ौत जैसे छोटे कस्बे में इन बच्चों का इलाज संभव होगा या उन्हें बड़े अस्पताल में रेफर करना पड़ेगा।

**डॉक्टर अभिनव तोमर बने मसीहा**

परिजनों को जब डॉक्टर अभिनव तोमर के बारे में पता चला, तो उन्होंने बिना देर किए उनके नवजात नर्सरी में बच्चों को भर्ती कराया। डॉक्टर तोमर ने परिवार को आश्वस्त किया कि वे पूरी कोशिश करेंगे और बच्चों को पूरी तरह स्वस्थ करके ही अस्पताल से छुट्टी देंगे।

इसके बाद डॉक्टर अभिनव तोमर और उनकी टीम ने अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीकों का इस्तेमाल कर नवजात शिशुओं का इलाज शुरू किया। शिशुओं को विशेष देखभाल में रखा गया, उनकी सांस लेने की क्षमता, शारीरिक तापमान और पोषण पर लगातार नजर रखी गई। कई दिनों की अथक मेहनत के बाद आखिरकार डॉक्टर अभिनव तोमर ने इन तीनों नवजातों को स्वस्थ अवस्था में उनके माता–पिता को सौंप दिया।

**परिजनों ने जताया आभार, जिलेभर में हो रही सराहना**

बच्चों के माता–पिता ने डॉक्टर अभिनव तोमर और उनकी पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि "डॉक्टर साहब ने जो किया, वह हमारे लिए किसी चमत्कार से कम नहीं है। हमें उम्मीद नहीं थी कि हमारे बच्चे बच पाएंगे, लेकिन आज वे पूरी तरह स्वस्थ हैं और यह सब डॉक्टर तोमर की बदौलत ही संभव हुआ।

इस उपलब्धि के बाद बागपत जिले में डॉक्टर अभिनव तोमर की लोकप्रियता और भी बढ़ गई है। जिले के पुलिस कप्तान, जिलाधिकारी और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने भी उनकी प्रशंसा करते हुए कहा कि यह चिकित्सा क्षेत्र में बागपत के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

**बागपत में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं की नई उम्मीद**

यह मामला बागपत जैसे छोटे शहरों में अत्याधुनिक नवजात देखभाल सुविधाओं की आवश्यकता को उजागर करता है। डॉक्टर अभिनव तोमर जैसे समर्पित चिकित्सक इस क्षेत्र में एक नई उम्मीद बनकर उभरे हैं। इस घटना के बाद लोगों का विश्वास बढ़ा है कि अब नवजात बच्चों को बचाने के लिए बड़े शहरों के अस्पतालों पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

डॉक्टर अभिनव तोमर की यह सफलता बागपत के चिकित्सा जगत के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उनकी मेहनत, समर्पण और विशेषज्ञता ने यह साबित कर दिया कि अगर सही देखभाल और उपचार मिले, तो समय से पहले जन्मे बच्चों को भी पूरी तरह स्वस्थ किया जा सकता है। उनके इस योगदान से न केवल पूनम और रविंद्र का परिवार खुश है, बल्कि पूरा बागपत जिले का हर नागरिक गर्व महसूस कर रहा है।

# संपादकीय

## मानसिक एकाग्रता व सेहत के लिये घातक

तकनीक के जरिये विकास की अंधी दौड़ में हम बहुत कुछ खो भी रहे हैं। इंसान कभी मशीन से संचालित नहीं हो सकता। मानवीय संवेदनाएं और अहसास कभी कृत्रिम नहीं हो सकते। दूसरे शब्दों में कहें तो कोई तकनीक, मशीन व उपकरण सहयोगी तो हो सकते हैं, मगर मालिक नहीं हो सकते। कमोबेश यही बात शिक्षा में तेजी से बढ़ते स्मार्टफोन के उपयोग और उसके घातक प्रभावों को लेकर कही जा सकती है। निस्संदेह, शिक्षा के बाजारीकरण और नई शैक्षिक परिपाटी में मोबाइल की अपरिहार्यता को महंगे स्कूलों ने स्टेटस सिंबल बना दिया है। लेकिन हालिया वैश्विक सर्वेक्षण बता रहे हैं कि पढ़ाई में अत्यधिक मोबाइल का प्रयोग विद्यार्थियों के लिये मानसिक व शारीरिक समस्याएं खड़ी कर रहा है। निस्संदेह, विभिन्न ऑनलाइन शैक्षिक कार्यक्रमों के चलते छात्र-छात्राओं में मोबाइल फोन का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। तमाम पब्लिक स्कूलों ने ऑनलाइन शिक्षा के लिए मोबाइल फोन का इस्तेमाल अनिवार्य तक बना दिया है। कमोबेश सरकारी स्कूलों में ऐसी बाध्यता नहीं है। लेकिन वैश्विक स्तर पर किए गए सर्वेक्षण से यह तथ्य सामने आया है कि स्मार्टफोन एक हद तक तो सीखने की प्रक्रिया में मददगार साबित हुआ है, लेकिन इसके नकारात्मक प्रभावों को भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि एक समय महज बातचीत का जरिया माना जाने वाला मोबाइल फोन आज दैनिक जीवन की जरूरतों को पूरा करने वाला बेहद जरूरी उपकरण बन चुका है। खासकर कोरोना संकट के चलते स्कूल-कालेजों के बंद होने के बाद तो यह पढ़ाई का अनिवार्य हिस्सा बन गया। तब लगा था कि इसके बिना तो पढ़ाई संभव ही नहीं है। लेकिन नादान बच्चों के हाथ में मोबाइल बंदर के हाथ में उस्तरे जैसा ही है। जाहिरा तौर पर ये उनके भटकाव और मानसिक विचलन का कारण भी बन सकता है। अब इसके मानसिक व शारीरिक दुष्प्रभावों पर व्यापक स्तर पर बात होने लगी है। यहां तक कि आस्ट्रेलिया समेत तमाम विकसित देश स्कूलों में मोबाइल के उपयोग पर रोक लगा रहे हैं। अब तो यूनेस्को अर्थात संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन की दुनिया में शैक्षिक स्थिति पर नजर रखने वाली टीम ने भी स्मार्टफोन के उपयोग से विद्यार्थियों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर चिंता जतायी है। इसकी रिपोर्ट भारत में शिक्षा के नीति-नियंताओं की आंख खोलने वाली है। यूनेस्को की टीम के मुताबिक बीते साल के अंत तक कुल पंजीकृत शिक्षा प्रणालियों में से चालीस फीसदी ने सख्त कानून या नीति बनाकर स्कूलों में छात्रों के स्मार्टफोन के प्रयोग पर रोक लगा दी है। दरअसल, आधुनिक शिक्षा के साथ कदमताल की दलील देकर तमाम पब्लिक स्कूलों में मोबाइल के उपयोग को अनिवार्य बना दिया गया। निस्संदेह, आधुनिक समय में स्मार्टफोन कई तरह से शिक्षा में मददगार है। लेकिन यहां प्रश्न इसके निरंकुश प्रयोग का है। साथ ही दुनिया में बेलगाम इंटरनेट पर परोसी जा रही अनुचित सामग्री और बच्चों पर पड़ने वाले उसके दुष्प्रभावों पर भी दुनिया में विमर्श जारी है। जिसमें प्रश्न बच्चों की निजता का भी है। वहीं प्रश्न ज्यादा प्रयोग से बच्चों के दिमाग व शरीर पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों का भी है। निस्संदेह, शिक्षकों व अभिभावकों की देखरेख में सीखने की प्रक्रिया में स्मार्टफोन का सीमित उपयोग तो लाभदायक हो सकता है। लेकिन इसका अंधाधुंध व गलत उपयोग घातक भी हो सकता है। दरअसल, स्मार्टफोन में वयस्कों से जुड़े तमाम एप ऐसे भी हैं जो समय से पहले बच्चों को वयस्क बना रहे हैं। उन्हें यौन कुंठित बना रहे हैं। बड़ी चुनौती यह है कि बच्चों की एकाग्रता भंग हो रही है। बच्चों में याद करने की क्षमता घट रही है। ऐसे में जब शिक्षा में स्मार्टफोन का उपयोग टाला नहीं जा सकता, लेकिन उसका नियंत्रित उपयोग तो किया ही जा सकता है। निस्संदेह उसका उपयोग सीमित किया जाना चाहिए। संकट यह भी कि मोबाइल पर खेले जाने वाले ऑन लाइन गेम जहां बच्चों को मैदानी खेलों से दूर कर रहे हैं, वहीं स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर डाल रहे हैं। निश्चित तौर पर फोन छात्र-छात्राओं का सहायक तो बन सकता है, लेकिन उनके दिमाग को नियंत्रित करने वाला नहीं।

# साप्ताहिक पैठ भी जरूरी है समाज के लिए

**हाट बाजार केवल विनिमय का स्थान ही नहीं होता। मसलन, बस्तर तभी चर्चा में आता है जब वहां कुछ खून-खराबा होता है लेकिन बस्तर के पास और भी बहुत कुछ है। उसमें सबसे महत्वपूर्ण है अपनी परंपराओं, जीवनशैली और सभ्यता को सहेज कर रखने की जीवट और कला। बस्तर के जंगलों में आदिवासियों के छोटे-छोटे लगभग साढ़े तीन हजार गांव हैं। पांच-छह गांवों के मध्य एक हाट होता है, जहां लोग जरूरत की वस्तुएं खरीद-बेच सकते हैं। यहां लगने वाले हाटों में लोकल संस्कृति, खान पान और रहन-सहन के तौर तरीकों को जानने का मौका मिलता है।**

घरेलू जरूरतों का सस्ता सामान बेचने को लेकर साप्ताहिक पैठ या हाट बाजार देश के बड़े हिस्से में लोकप्रिय हैं। तय दिन इनमें ग्राहकों की भीड़ रहती है। टैक्स चुकाने वाले ये ठिये कई वजहों से स्थानीय बाशिंदों व दुकानदारों के निशाने पर हैं। इन्हें बंद करने की मुहिम चली है जबकि निम्न आय वर्ग के बहुतेरे लोगों की रोजी-रोटी इनसे चलती है।

दिल्ली से सटे गाजियाबाद में इन दिनों सत्ताधारी विधायक की अगुआई में बड़ा आंदोलन चल रहा है। हुआ यूं कि जिले के अलग-अलग इलाकों में लगने वाले साप्ताहिक हाट बाजार या पैठ पर नगर निगम ने रोक लगा दी। इसमें से एक स्थान भारतीय सेना का है जो इसे खाली चाहता है, जबकि बाकी बाजार व्यस्ततम सड़कों पर लगते थे। गौर करने वाली बात है कि उत्तर प्रदेश के सबसे ज्यादा जनसंख्या घनत्व वाले गाजियाबाद की सड़कों पर हर समय जाम रहता है। चर्चा यह भी है कि कई महंगे बाजारों के व्यापारी इन पैठ से खुद का नुकसान महसूस करते हैं। इन बाजारों से करीब दो लाख लोगों की रोजी-रोटी जुड़ी है और 90 प्रतिशत दुकानदार देवबंद, सहारनपुर, बिजनौर, मेरठ, मुजफ्फरनगर, हापुड़, दिल्ली व सीलमपुर आदि क्षेत्रों से आते हैं। जिन इलाकों में बाजार भरता है वहां के बाशिंदों की शिकायत है कि पैठ वाले दिन वे अपने घरों में बंधक बन जाते हैं।



अकेले गाजियाबाद ही नहीं, देश के अलग-अलग हिस्सों से इन बाजारों को बंद करने की मांग उठती रहती है। कारण लगभग एक जैसे होते हैं झ बाजार के कारण यातायात ठप्प हो जाता है तथा लोग अपने घरों में बंधक हो जाते हैं, यहां गिरहकटी होती है, या फिर इनसे गंदगी फैलती है। हालांकि असलियत दूसरी होती है। ऐसे बाजारों को बंद करने के पीछे स्थानीय व्यापारियों के कारण अलग होते हैं, जैसे कि बाजार से कम कीमत पर सामान मिलने के चलते हर सप्ताह घर का सामान खरीदने वाले लोग उनकी दुकानों पर न जाकर हाट बाजार का इंतजार करते हैं। इनमें मिलने वाली सस्ती चीजों और मोलभाव की आदत के कारण ग्राहक अक्सर उनकी दुकान पर भी दाम करने या एमआरपी जैसे मसलों पर बहस करते हैं।

हाट बाजार केवल विनिमय का स्थान ही नहीं होता। मसलन, बस्तर तभी चर्चा में आता है जब वहां कुछ खून-खराबा होता है लेकिन बस्तर के पास और भी बहुत कुछ है। उसमें सबसे महत्वपूर्ण है अपनी परंपराओं, जीवनशैली और सभ्यता को सहेज कर रखने की जीवट और कला। बस्तर के जंगलों में आदिवासियों के छोटे-छोटे लगभग साढ़े तीन हजार गांव हैं। पांच-छह गांवों के मध्य एक हाट होता है, जहां लोग जरूरत की वस्तुएं खरीद-बेच सकते हैं। यहां लगने वाले हाटों में लोकल संस्कृति, खान पान और रहन-सहन के तौर तरीकों को जानने का मौका मिलता है। इन बाजारों में रोजमर्रा की चीजें, कपड़े, स्थानीय आभूषण, चींटी की चटनी, सल्फी और पारंपरिक मुर्गा लड़ाई देख सकते हैं। झारखंड में भी ऐसे बाजार खासे लोकप्रिय हैं। यह हाट बाजार उनके मनोरंजन का साधन होता है, बाहरी दुनिया को देखने का माध्यम और अपनी संस्कृति के संरक्षण का मैदान भी। बस्तर के आदिवासियों का जीवन अभी कुछ दशक पहले तक पूरी तरह जंगलों पर ही निर्भर था, महुआ, इमली, बोंडा, चिरोंजी की गुठली जैसे उत्पाद लेकर वे साप्ताहिक बाजार में जाते, वहां से नमक जैसी जरूरी चीजें उसके बदले में ले लेते।

दिल्ली राजधानी क्षेत्र की हर कालोनी में ऐसे साप्ताहिक बाजार आज भी लोगों की जीवन रेखा बने हैं। कहां बस्तर के घने जंगल के बीच का बाजार और कहां दिल्ली में अट्टालिकाओं में वातानुकूलित मॉल के ठीक सामने लगने वाले बाजार में कंधे छीलती भीड़। स्थान भले ही अलग हो, लेकिन बेचने-खरीदने वाले का अर्थशास्त्र और मनोवृत्ति एक ही है। दिल्ली के डीडीए फ्लैट कालकाजी के साप्ताहिक बाजार हो या फिर वसंत विहार का बुध बाजार या करोलबाग व विकासपुरी में मंगल बाजार या फिर सुदुर भोपाल या बीकानेर या सहरसा के साप्ताहिक हाट, ये सामाजिक समरसता का अनूठा उदाहरण होते हैं। दैनिक मजदूरी करने वाला हो, अफसर की बीवी हो या दुकानदार, सभी आपको यहां मिल जाएंगे।

ये बाजार रोजगार की तलाश में अपने घर-गांव से पलायन कर आए निम्न आय वर्ग के लोगों की जीवनरेखा होते हैं। आम बाजार से सस्ता सामान, चर्चित ब्रांड से मिलता-जुलता, छोटे पैकेट, घर के पास देर रात तक सजा बाजार। स्थानीय निकाय इन पैठ वालों से नियमित वसूली करते हैं लेकिन यहां शौचालय, स्वास्थ्य, सुरक्षा जैसी कोई सुविधा नहीं होती। हाट बाजार के पीछे केवल वे ही नहीं होते जो अपना सामान बेचते हैं, और भी कई लोगों की रोजी रोटी इनसे चलती है। बाजार लगाने की जिम्मेदारी नगर निगम से लेकर पंचायत तक की होती है। पैठ का टैक्स वसूला जाता है। कई जगह निकाय इसे ठेके पर देते हैं व कारिंदे दुकानदारों से एक शाम की वसूली करते हैं। फट्टे या टेबल, तिरपाल, और बैटरी वाली लाईट सप्लाई वालों का बड़ा वर्ग हाट बाजार पर निर्भर होता है। कई लोग ढुलाई वाहन मुहैया कराते हैं।

इसके अलावा इन बाजार के जरिये पैसा ऐसी जेबों तक भी घूमता है जिसका कोई हिसाब-किताब नहीं होता। अनुमान है कि दिल्ली शहर, गाजियाबाद, नोएडा, फरीदाबाद, गुड़गांव में लगने वाले करीब 300 हाट बाजारों में 35-40 हजार दुकानदार हैं। पूरे देश में यह संख्या लाखों में होगी, इसके बावजूद न तो इन्हें कोई स्वास्थ्य सुविधा मिली है, न ही बैंक कर्ज या बीमा सुविधा। ऐसे दुकानदारों का पूरा सप्ताह एक बाजार से दूसरे बाजार में ठिया सजाने, ग्राहक बुलाने में व्यतीत होता है, थोड़ा भी समय मिला तो उन्हें थोक के व्यापारी से माल लेना होता है। पटरी बाजारों ने नए बसते शहर देखे, चमकते मॉल का आगमन देखा, घरों में खुलती दुकानें देखीं, कई तरह के विरोध सहे, लेकिन सप्ताह के किसी तयशुदा दिन सड़क किनारे, भारी ट्रैफिक के बीच चिल्ल-पों वाले बाजार की रौनक कभी कम नहीं हुई।

# शर्म का नहीं सेहत का विषय,वायु उत्सर्जन : बेहतर पाचन व स्वास्थ्य का संकेतक

शरीर से अपान वायु का उत्सर्जन बेहतर पाचन प्रक्रिया से जुड़ा है और हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य का संकेतक भी है। बेशक सार्वजनिक तौर पर यह अशिष्टता व लज्जा का विषय समझा जाये लेकिन चिकित्सा विज्ञान के नजरिये से यह कुदरती प्रक्रिया है। इसके जरिये शरीर की सेहत संबंधी कई स्थितियों को भी जान सकते हैं।

हालांकि छींक आना, डकार आना या फार्टिंग सामान्य शारीरिक गतिविधि या जैविक क्रियाएं हैं, लेकिन न केवल अपने देश बल्कि दुनिया के ज्यादातर समाजों में इनमें से कुछ प्रक्रियाओं खासकर अपान वायु उत्सर्जन या फार्टिंग को अशिष्टता के आईने से देखा गया है। अकसर लोग सब के बीच गैस पास हो जाने पर शर्म से पानी-पानी हो जाते हैं। दरअसल इस क्रिया से पैदा होने वाली दुर्गंध और आवाज ऐसी स्थिति पैदा करती है कि व्यक्ति शर्मिंदगी महसूस करता है। हालांकि मेडिकल साइंस की नजरों से देखें तो अपान वायु का उत्सर्जन शरीर की दूसरी प्रक्रियाओं की तरह की स्वतः व जरूरी प्रक्रिया है। यही नहीं यह सेहत का विषय भी है; क्योंकि फार्टिंग में स्वास्थ्य के कई जरूरी संकेतक छिपे होते हैं। अपान वायु का बाहर आना हमारे पाचन तंत्र और संपूर्ण स्वास्थ्य का आईना है। इसके जरिये हम अपने शरीर की सेहत संबंधी कई स्थितियों को जान सकते हैं। यानी यह गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सिस्टम की कार्यप्रणाली को दर्शाता है।

वास्तव में पाचन प्रक्रिया के दौरान, जब हमारा शरीर खाए गये भोजन को तोड़ता है, तब पेट और आंतों में गैस पैदा होती है। यह गैस मुख्य रूप से हाइड्रोजन, कार्बन-डाइऑक्साइड, मीथेन और नाइट्रोजन जैसी गैसों से मिलकर बनी होती है। जब यह वायु बड़ी मात्रा में आंतों में एकत्र हो जाती है तो इसे शरीर से बाहर निकालने की जरूरत होती है जो कि पाद आने की प्रक्रिया के रूप में हमारे सामने आती है। अगर कोई व्यक्ति नियमित रूप से अपान वायु उत्सर्जन कर रहा है,लेकिन उसे पेट में दर्द या असुविधा आदि नहीं होती, तो यह आमतौर पर स्वस्थ पाचन तंत्र का संकेत है। लेकिन यदि बदबूदार है या इसमें असहजता महसूस हो तो निश्चित रूप से यह पाचन समस्या का संकेत है। इस दौरान दर्द और बदबू फूड इंटोलरेंस का भी नतीजा हो सकता है। अगर कोई व्यक्ति सामान्य तौरपर दिन में 10-20 बार अपान वायु का उत्सर्जन करता है, लेकिन पेट में किसी तरह का दर्द आदि महसूस नहीं होता तो यह उसके पाचनतंत्र के ठीक होने की निशानी है। यदि इसमें हल्की बदबू है तो भी यह सामान्य है, लेकिन यदि सामान्य से ज्यादा बदबू है तो यह खराब पाचनतंत्र या तात्कालिक रूप से किसी खाद्य पदार्थ हुए संक्रमण का भी संकेत हो सकता है। यह भी कि हमारा शरीर कुछ खाद्य पदार्थों को सही से पचा नहीं पा रहा है। अगर फार्टिंग के दौरान पेट में दर्द या ऐंठन होती है, तो यह आंतों में किसी समस्या का सूचक है। वहीं यदि किसी की पाचन प्रक्रिया के दौरान ज्यादा डकार और कम अपान वायु आ रही है, तो इसका मतलब है कि उसके शरीर में गैस पेट के ऊपरी हिस्से में अधिक इकट्ठी हो रही है। अगर पेट से उत्सर्जित अपान वायु बहुत बदबूदार है तो इसका मतलब है कि उसने ज्यादा प्रोटीन वाले खाद्य, अंडे, प्याज या सल्फरयुक्त खाद्य पदार्थ खाए हैं। अगर पेट में बहुत ज्यादा गैस बन रही है तो यह इंगित करती है कि आप बहुत ज्यादा फाइबर खा रहे हैं या आपकी आंतों में गुड बैक्टीरिया और बैड बैक्टीरिया का संतुलन बिगड़ा हुआ है। लेकिन अगर बहुत कम वायु आ रहा है तो यह कब्ज यानी कांस्टीपेशन की समस्या का सूचक हो सकता है क्योंकि जब पेट में मल जमा हो जाता है, तो गैस बाहर नहीं निकल पाती।

## विश्व सामाजिक न्याय दिवस- 20 फरवरी

# सामाजिक न्याय की पिच पर नई सोशल

विश्व सामाजिक न्याय दिवस सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने की आवश्यकता को पहचानने वाला एक अंतरराष्ट्रीय दिवस है, जिसमें गरीबी, लैंगिक असमानता, महंगाई, महिला अत्याचार, बेरोजगारी, मानवाधिकार और सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दों से निपटने के प्रयास शामिल हैं। यह दिवस प्रतिवर्ष 20 फरवरी को मनाया जाता है और यह आयोजन हर साल हमें अधिक निष्पक्ष, अधिक न्यायसंगत, अधिक समान, अधिक मानवीय समाज बनाने की आवश्यकता की याद दिलाना। इसका उद्देश्य हमें यह पहचानने में मदद करना है कि मनुष्य के रूप में हमने जितनी भी प्रगति की है, उसके बावजूद कई बाधाएं अधिसंख्य लोगों को एक निष्पक्ष एवं समानतापूर्ण जीवन जीने से रोकती हैं। इस दिवस की 2025 की थीम है ह्यसमावेश को सशक्त बनानाः सामाजिक न्याय के लिए अंतराल को पाटनाह्ण। थीम प्रणालीगत असमानता को दूर करने में समावेशी नीतियों, निरंतर सीखने और सामाजिक सुरक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देती है। इसे पहली बार साल 2009 में मनाया गया था। दुनिया में बढ़ती समस्याओं को देखते हुए आज सामाजिक न्याय की जितनी जरूरत है उतनी पहले शायद पहले नहीं थी। दुनिया में राजनैतिक विभाजन पहले से अधिक हो रहा है एवं समुदायों में असुरक्षा ज्यादा बढ़ती दिख रही है। हम सब मिलकर जाति-धर्म, गरीबी- अमीरी, वंश-वर्ग आदि सारे भेदभाव को भुलाकर एक स्वस्थ एवं आदर्श समाज की स्थापना करें और मानव अधिकारों का सम्मान करें, यही इस दिवस का मूल उद्देश्य है। सामाजिक न्याय की पिच पर ही नई सोशल इंजीनियरिंग तैयार हो सकती है।

यह संयुक्त राष्ट्र (यूएन) द्वारा निष्पक्षता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित एक वार्षिक कार्यक्रम है, जो आज अधिक प्रासंगिक है। इस संदर्भ में निष्पक्षता का अर्थ है शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य सेवा, न्याय और अन्य के समान मानकों तक समान पहुंच। सभी की इन चीजों के समान मानकों तक समान पहुंच होनी चाहिए, चाहे उनकी जाति, धर्म, लैंगिकता, लिंग या वर्ग कुछ भी हो। विश्व सामाजिक न्याय का मतलब है, ऐसा समाज बनाना जहां सभी लोगों को समान अधिकार, अवसर और व्यवहार मिलें। सामाजिक न्याय के जरिए समाज की आर्थिक और सामाजिक विषमताओं को कम करने की कोशिश की जाती है और सभी नागरिकों को सामाजिक समानता देने के प्रयास किये जाते हैं। समाज की सामान्य भलाई के लिए दूसरों की देखभाल एवं सहायता करने की जिम्मेदारी और सभी को अपनी जिंदगी में सुधार करने के लिए समान अवसर मिले, इसके लिये यह दिवस एक आह्वान है। सामाजिक न्याय की आकांक्षा, यह सुनिश्चित करती है कि हर कामकाजी पुरुष और महिला को अपने योगदान के मुताबिक उचित हिस्सा मिले, जो सामाजिक न्याय, सामाजिक एकजुटता, आर्थिक विकास, और मानव प्रगति के लिए जरूरी है।

विश्व सामाजिक न्याय दिवस को सफल बनाने के लिए कई देश एक साथ मिलकर बेरोजगारी, गरीबी, जाति भेदभाव, लिंग और धर्म के नाम पर बंटे लोगों को एकजुट करने की कोशिश करते हैं। भारत में भी सदियों से लोगों को समान अधिकार देने का विधान रहा है। इसके लिए भारतीय संविधान में सामाजिक असमानता को खत्म करने के लिए कई प्रावधान हैं। समाज



में यह जागरूकता फैलाने की जरूरत है कि सभी एक हैं और किसी में भी कोई भेदभाव नहीं देखना चाहिए। भारत सरकार भी कई योजनाएं चला रही हैं। एक विचार के रूप में सामाजिक न्याय की बुनियाद सभी मनुष्यों को समान मानने के आग्रह पर आधारित है। इसके मुताबिक किसी के साथ सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक पूर्वाग्रहों के आधार पर भेदभाव नहीं होना चाहिए। हर किसी के पास इतने न्यूनतम संसाधन होने चाहिए कि वे ह्यउत्तम जीवनह्ण की अपनी संकल्पना को धरती पर उतार पाएँ। विकसित हों या विकासशील, दोनों ही तरह के देशों में राजनीतिक सिद्धांत के दायरे में सामाजिक न्याय की इस अवधारणा और उससे जुड़ी अभिव्यक्तियों का प्रमुखता से प्रयोग किया जाता है। भारत जैसे देश में सामाजिक न्याय का नारा वंचित समूहों की राजनीतिक गोलबंदी का एक प्रमुख आधार रहा है। उदारतावादी मानकीय राजनीतिक सिद्धांत में उदारतावादी-समतावाद से आगे बढ़ते हुए सामाजिक न्याय के सिद्धांतीकरण में कई आयाम जुड़ते गये हैं। मसलन, अल्पसंख्यक अधिकार, बहुसंस्कृतिवाद, मूल निवासियों के अधिकार आदि। इसी तरह, नारीवाद के दायरे में स्त्रियों के अधिकारों को लेकर भी विभिन्न स्तरों पर सिद्धांतीकरण हुआ है और स्त्री-सशक्तीकरण के मुद्दों को उनके सामाजिक न्याय से जोड़ कर देखा जाने लगा है।

अनेक असमानताओं, आग्रहों, समस्याओं के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में सामाजिक न्याय के उल्लेखनीय उपक्रम किये हैं, नयी-नयी योजनाओं को लागू किया है। मोदी सरकार का सामाजिक न्याय का तरीका समाज में विभेद करने का नहीं है, बल्कि समाज को जोड़ने का है। उन्होंने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय को समाज के वंचित एवं हाशिए पर पड़े वर्गों जैसे अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, विकलांग व्यक्ति, वरिष्ठ नागरिक तथा नशीली दवाओं के दुरुपयोग के शिकार लोगों आदि के कल्याण, सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण का दायित्व सौंपा गया है। मोदी ने कहा भी है कि सामाजिक न्याय, तुष्टिकरण से नहीं, संतुष्टिकरण से आता है। सरकार के द्वारा कई योजनाएं के अंतर्गत लोगों को समान अधिकार देने की कोशिश की जा रही है। साथ ही समाज में व्याप्त असमानता, भेदभाव, ऊंचनीच को जड़ से समाप्त करते हुए इससे समस्त समाज का एकसाथ विकास का प्रयास हो रहा है।

हम जिस लोकतंत्र में जी रहे हैं वह लोक-समानता का लोकतंत्र है या लोक-विभेद का? हम जो स्वतंत्रता भोग रहे हैं वह समानता की स्वतंत्रता है या अराजक एवं असमानता की? हमने आचरण की पवित्रता एवं पारदर्शिता की बजाय कदाचरण एवं अनैतिकता की कालिमा का लोकतंत्र बना रखा है। ऐसा लगता है कि धनतंत्र एवं सत्तातंत्र ने जनतंत्र को बंदी बना रखा है। हमारी न्याय-व्यवस्था कितनी भी निष्पक्ष, भव्य और प्रभावी हो, फ्रांसिस बेकन ने ठीक कहा था कि यह ऐसी न्याय-व्यवस्था है जिसमें एक व्यक्ति की यंत्रणा के लिये दस अपराधी दोषमुक्त और रिहा हो सकते हैं। रोमन दार्शनिक सिसरो ने कहा था कि मनुष्य का कल्याण ही सबसे बड़ा कानून है। लेकिन हमारे देश के कानून एवं शासन व्यवस्था को देखते हुए ऐसा प्रतीत नहीं होता, आम आदमी सजा का जीवन जीने को विवश है। सामाजिक न्याय के लिए सामाजिक एकता भंग नहीं की जा सकती। नहीं तो फिर रह क्या जाएगा हमारे पास। टमाटर, प्याज के आसमान छूते भाव- प्रतिदिन कोई न कोई कारण महंगाई को बढ़ाकर हम सबको और धक्का लगा जाता है और कोई न कोई टैक्स, अधिभार हमारी आय को और संकुचित कर जाता है। जानलेवा प्रदूषण ने लोगों की सांसों को बाधित कर दिया, लेकिन हम किसी सम्यक समाधान की बजाय नये नियम एवं कानून थोप कर जीवन को अधिक जटिल बना रहे हैं। सामाजिक न्याय व्यवस्था तभी सार्थक है जब आम जनता निष्कंटक एवं समस्यामुक्त समानता का जीवन जी सके।

सरकारों के पास शक्ति के कई स्त्रोत है, लेकिन इस शक्ति से कितनों का कल्याण हो रहा है? कैसा विचित्र लोकतंत्र है जिसमें नेता एवं नौकरशाहों का एक संयुक्त संस्करण केवल इस बात के लिये बना है कि न्याय की मांग का जबाव कितने अन्यायपूर्ण तरीके से दिया जा सके। महंगाई के विरोध का जबाव महंगाई बढ़ा कर दो, रोजगार की मांग का जबाव नयी नौकरियों की बजाय नौकरियों में छंटनी करके दो, कानून व्यवस्था की मांग का जबाव विरोध को कुचल कर आंसू गैस, जल-तोप और लाटी-गोली से दो। नेता एवं नौकरशाह केवल खुद की ही न सोचें, अपने परिवार की ही न सोचें, जाति की ही न सोचें, पार्टी की ही न सोचें, राष्ट्र की भी सोचें, सम्पूर्ण मानवता की सोचें। क्या हम लोकतंत्र को अराजकता की ओर धकेलना चाह रहे हैं? नेतृत्व आज चुनौतीभरा अवश्य है, विकास का मंत्र भी आकर्षक है, लेकिन सबसे बड़ा विकास तभी संभव है जब जनता खुश रहे, निर्भार रहे, सुखी रहे और लगे कि यह जनता के सुख एवं समानता का लोकतंत्र है। ऐसा होने पर ही विश्व सामाजिक न्यास दिवस मनाने की सार्थकता होगी

# नंदगांव-बरसाना की लठामार होली में शामिल होने आ सकते हैं सीएम योगी

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



मथुरा। नंदगांव और बरसाना की होली में इस बार सीएम योगी आदित्यनाथ शामिल होने के लिए आ सकते हैं। कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण के आमंत्रण को स्वीकार करते हुए सीएम ने आने का आश्वासन दिया है। वहीं अयोध्या और काशी की तर्ज पर ही मथुरा का विकास करने की भी बात कही। 8 और 9 मार्च को इस बार नंदगांव और बरसाना की लठामार होली का आयोजन होगा। इसमें देश विदेश से श्रद्धालु आते हैं। इस बार के आयोजन में सीएम योगी आदित्यनाथ भी आ सकते हैं। इसके लिए मथुरा के कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने सीएम योगी से मुलाकात कर उन्हें आमंत्रित किया। दो दिवसीय होली पर सीएम के आने पर चर्चा हुई। सीएम ने भी नंदगांव-बरसाना की होली में शामिल होने का आश्वासन दिया। ऐसे में संभावना है कि सीएम होली में दो दिन तक मथुरा में रहेंगे। वे यहां रात्रि प्रवास भी करेंगे। इसके साथ ही मथुरा के विकास पर भी सीएम योगी ने चर्चा की। उन्होंने कहा कि अयोध्या और काशी का विकास हो चुका है, अभी मथुरा का विकास बाकी है।

आस्था की नगरी मथुरा के विकास की जल्द ही योजना तैयार की जाएगी। सीएम योगी अपने पहले कार्यकाल में भी बरसाना की होली में प्रतिभाग कर चुके हैं।

# मथुरा की घनी आबादी में फटा ऑक्सीजन सिलिंडर, महिला के उड़ गए चीथड़े

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



मथुरा के गोविंद नगर थाना क्षेत्र के महाविद्या कालोनी में गिलट की पायल बनाते समय ऑक्सीजन सिलिंडर फटने से एक महिला की मृत्यु हो गई। जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गईं हैं। धमाका इतना तेज था कि आसपास के कई मकानों में भी दरार आ गईं। पुलिस ने महिला का क्षत विक्षत शव को एकत्रित करके मोर्चरी में भिजवाया है। गोविंद नगर थाना क्षेत्र के महाविद्या कॉलोनी में 80 फुटा रोड स्थित सेक्टर एफ में बुधवार दोपहर 12 बजे एक मकान में ऑक्सीजन सिलिंडर फट गया। हादसे में संजना की मौत हो गई। उनकी जेठानी मीना और भतीजा ठाकुर घायल हो गया। धमाका सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर आ गई। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। लोगों ने बताया कि धमाका इतनी तेज था कि ऐसा लगा कि कहीं बम फट गया है। इस धमाके में महिला की लाश के परखच्चे उड़ गए। पुलिस को शव के चीथड़ों को बंटोरना पड़ गया।

# मिठाई देने के बहाने आए, चाकू दिखाकर ले उड़े जेवर

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



मथुरा। कोसीकला के गोपाल नगर में बाइक सवार 2 नकाबपोशों ने अधिवक्ता के में घुसकर परिजनों व 2 बच्चों को बंधक बनाकर और चाकू से डराकर सोने की 4 चूड़ियां व अंगूठी ले उड़े। सूचना पाकर पहुंची पुलिस पूछताछ के बाद आरोपियों की तलाश में जुट गई। वारदात के वक्त अधिवक्ता घर पर नहीं थे। बदमाश घर में मिठाई देने के बहाने पहुंचे थे। गोपाल नगर निवासी ओम प्रकाश शर्मा एडवोकेट के मकान पर उनकी पत्नी ममता और परिजन घर पर थे। मंगलवार रात करीब 8:30 बजे दो नकाबपोश बाइक सवार घर पहुंचे और उन्होंने घर का दरवाजा खटखटाया। ममता के दरवाजा खोलते ही एक नकाबपोश लुटेरा उन्हें मिठाई का डिब्बा देने के बहाने घर में घुस गया। ममता ने बताया कि इसके बाद नकाबपोश ने उनसे 20 लाख रुपये मांगे। इसके बाद चाकू दिखाकर डराया और हाथ में पहनी सोने की चार चूड़ियां और अंगूठी उतरवा ली। जाते समय उन्हें-बहन व 2 बच्चों को एक कमरे में बंद कर कर दिया।

सूचना मिलते ही पति मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक अजीत सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी जा रही है। आरोपियों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। जिस घर में वारदात हुई वहां के सीसीटीवी कैमरे खराब थे।

# वृंदावन में जाम से श्रद्धालु परेशान



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मथुरा। वृंदावन में मंगलवार को देर श्याम को जाम के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। यह स्थिति सुबह से शाम तक बनी रही। इस दौरान पुलिस असहाय नजर आई। जाम में फंसे आगरा के पूर्व पार्षद अमित अग्रवाल ने बताया कि भगवान के दर्शन की खुशी तो होती है, लेकिन जाम में फंसकर सारा उत्साह ठंडा पड़ जाता है। कई बार तो घंटों जाम में फंसे रहना पड़ता है। जाम की समस्या से निपटने के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएं। व्यापारी नेता धनेंद्र अग्रवाल बॉबी ने बताया कि वृंदावन में जाम की समस्या जी का जंजाल बन गई है। अधिकारियों के साथ बैठक में हर बार जाम की समस्या को लेकर चर्चा होती है, लेकिन जाम की समस्या जस की तब बनी है। अनुज शर्मा ने बताया कि वृंदावन में जाम की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है। समय पर पहुंचने के लिए घर से जल्दी निकलना पड़ता है। वृंदावन में जाम की समस्या का मुख्य कारण ई रिक्शा चालक हैं जो तिराहे और चौराहे पर मनमानी करते हुए नजर आते हैं।

# भाजपा विधायक और तमाम नेता... फिर मंच पर तार-तार हुई मयार्दा

मथुरा में अश्लील डांस का वीडियो सामने आया है। यह वीडियो गोवर्धन में आयोजित हो रहे। शिलान्यास व सम्मान समारोह के कार्यक्रम का है, जिसमें क्षेत्रीय विधायक सहित भाजपा के तमाम नेता शामिल हुए थे। स्टेज पर डांसर ने ठुमके लगाए, तो लोग सीटी बजाने लगे। बता दें कि वायरल वीडियो 16 फरवरी का है, जब गोवर्धन क्षेत्र में 166 करोड़ रुपये की लागत से सड़क व अन्य विकास कार्यों का शिलान्यास विधायक द्वारा किया गया। इस कार्यकम में भीड़ को जुटाने के लिए एक मनोरंजन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया था, लेकिन जब लोगों को पता चला कि वहां पर डांसर ठुमके लगा रही है तो भीड़ उमड़ पड़ी।

इसी बीच किसी के द्वारा यह वीडियो बना लिया गया जो कि मंगलवार की देर शाम सोशल मीडिया पर छा गया। तेजी से वायरल हो रहे इस वीडियो को देख लोग अलग-अलग तरीके से प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

# कलश यात्रा से त्रिवती नाथ मंदिर में होगा सुदृढ़ शक्ति फाउंडेशन द्वारा श्रीमद भागवत

**एनपीटी ब्यूरो**



बरेली। हर एक महिला में मात्र शक्ति के साथ दैवीय शक्ति को जगाने के लिए सुदृढ़ शक्ति फाउंडेशन एक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन कर रही है। जिसमे आचार्य कथाव्यास विमल कृष्ण शास्त्री के मुखारविंद से श्रीमद भागवत का शुभारंभ आज से त्रिवती नाथ मंदिर में 3 बजे आरम्भ होगी। जिसका विश्राम 26 फरवरी को विशाल भंडारे के साथ होगा।

यह जानकारी बुधवार को कथा व्यास विमल कृष्ण महाराज ने एक प्रेसवार्ता में दी।

कथा की मुख्य यजमान डॉ ऋचा दीक्षित कहा कि हमारे बरेली की सभी माता बहनों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में अपनी बेटियों को लेकर कथा स्थल पर ले के पहुंचे।

प्रेस वार्ता में वंशीधर पाण्डेय, प्राचार्य , श्री त्रिवटी नाथ सांग्वेद संस्कृत महाविद्यालय,व रामनिवास मिश्रा, पुष्पेंद्र, डॉ. कमल मिश्रा, नागेश आचार्य,अनुराग आचार्य, अनिल मुनि, मयंक शंखधार, अनीता थापा, कल्पना सिंह विवेक मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# हत्या कर ई-रिक्शा को लूटने के सम्बन्ध में 25,000 का ईनामी वांछित अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार



उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद।बीती 7 फरवरी को वादी की तहरीर के आधार पर अज्ञात द्वारा वादी के पुत्र की हत्या कर ई-रिक्शा लूट लेने के सम्बन्ध में थाना सैफनी पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था बुधवार को मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आये 25,000 रुपए के ईनामी वांछित अभियुक्त दीपू वर्मा निवासी ग्राम नारायण देव थाना कछौना जनपद हरदोई की तलाश सैफनी पुलिस लगी हुई थी तभी मुखबिर खास ने सूचना दी कि उक्त घटना से सम्बन्धित एकमुल्जिम सैफनी शाहबाद रोड से ग्राम रवाना को जाने वाली सड़क पर हो रही प्लाटिंग के पास खडा है उक्त सूचना पर थाना सैफनी पुलिस टीम बताये स्थान पर पहुंची तो उसने पुलिस को आता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया, आत्मरक्षार्थ थाना सैफनी पुलिस द्वारा जवाबी कार्यवाही की गयी जिसमें अभियुक्त की बांयी टांग में घुटने से नीचे गोली लगने से वह घायल हो गया । अभियुक्त की तलाशी से इसके दाहिने हाथ मे पकडे एक तमंचा 315 बोर, तमंचे की नाल में फंसा 01 खोखा कारतूस, 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 350/- रु0 नकद बरामद हुये घायल अभियुक्त को उपचार जिला अस्पताल, रामपुर में भर्ती कराया गया एवं उक्त सम्बन्ध में थाना सैफनी पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्तगण प्रेमपाल उर्फ नन्हे पुत्र शिवदयाल नि० ढोलसर मतवाली थाना पटवई जनपद रामपुर,. सलमान पुत्र मौ0 हफीज नि0 ग्राम रीठ थाना कुढफतेहगढ जनपद सम्भल । गिरीश पाण्डे पुत्र बसपति नि0 ग्राम घारमपुर थाना शाहबाद को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है ।

# अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई कार कई लोग घायल

उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद । कार में सवार होकर रामपुर जा रहा परिवार सड़क हादसे का शिकार हो गया। उनकी कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। हादसे में कार में सवार एक ही परिवार की दो महिलाओं समेत तीन लोग बुरी तरह जख्मी हो गए।बुधवार को सैफनी निवासी मो फिरोज, उनकी बहन निशा तरन्नुम और मां फरजाना कार में सवार होकर शाहबाद होते हुए रामपुर जा रहे थे। रास्ते में शाहबाद रामपुर रोड पर उदयपुर की पुलिया के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। जिसमें तीनों कार सवार बुरी तरह जख्मी हो गए। घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उनका उपचार किया।



दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा की सरकार बनने और वैश्य समाज की जुझारू बहन दीदी रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाए जाने के उपलक्ष में अखिल भारतीय सर्व वैश्य एकता महासभा की मेरठ हापुड़ एवं नोएडा के पदाधिकारियो ने दिल्ली शालीमार बाग आवास पहुंचकर शुभकामनाएं दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष नवनीत गुप्ता, जिलाध्यक्ष हापुड़ गौरव गोयल, जिलाध्यक्ष गौतमबुद्ध नगर प्रशांत गोयल, अग्रवाल समाज नोएडा के मनोज गोयल, संजय कुमार गोयल, तुषार गोयल नोएडा एवं मेरठ से सचिन कुमार गुप्ता एवं सौरव अग्रवाल,दिल्ली प्रदेश महामंत्री अनिल अग्रवाल आदि पदाधिकारि उपस्थित रहे।

# प्रयागराज जाने वाली ये और चार ट्रेनें 28 फरवरी तक हुईं निरस्त, कई गाड़ियों का रूट बदला

लखनऊ। ट्रेन से महाकुंभ जाने वाले यात्रियों के लिए यह जरूरी खबर है। प्रयागराज जाने वाली कई ट्रेनों को 28 फरवरी तक निरस्त कर दिया गया है।

परिचालन संबंधी कारणों से प्रयागराज जाने वाली लिच्छवी एक्सप्रेस सहित चार ट्रेनें 28 फरवरी तक निरस्त करने का निर्णय उत्तर रेलवे प्रशासन की ओर से लिया गया है। कई ट्रेनें बदले रूट से चलाई जाएंगी। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि गाड़ी संख्या 14006 आनंदविहार सीतामढ़ी लिच्छवी एक्सप्रेस, 14005 सीतामढ़ी आनंदविहार लिच्छवी एक्स्प्रेस, 12791 सिकंदराबाद दानापुर एक्सप्रेस, 12792 दानापुर सिकंदराबाद एक्सप्रेस बुधवार से 28 फरवरी तक कैंसिल की गई है। इसी क्रम में 15559 दरभंगा जंक्शन अहमदाबाद एक्सप्रेस बुधवार को बदले रूट छपरा, गोरखपुर, बाराबंकी, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल के रास्ते रवाना की गई। 12561 जयनगर नई दिल्ली एक्सप्रेस 28 फरवरी तक परिवर्तित मार्ग छपरा, गोरखपुर, बाराबंकी, लखनऊ के रास्ते चलेगी।

# भारत सरकार के प्रतिनिधि ने लिया आईडीए अभियान का जायजा

## ब्लॉक आलमपुर जाफराबाद के गाँव देवचरा का किया निरीक्षण

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली ,राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के तीन ब्लाक फरीदपुर, क्यारा और आलमपुर जाफराबाद (भमोरा) में 10 फरवरी से सर्वजन दवा वितरण अभियान चल रहा है जो कि 25 फरवरी तक चलेगा` इसी क्रम में बुधवार को भारत सरकार के प्रतिनिधि डॉ. अमरेश द्वारा ब्लॉक आलमपुर जाफराबाद के गाँव देवचरा का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने डॉ. अमरेश द्वारा ग्रामीणों से फाईलेरिया की दवा खिलाये जाने संबंधी जानकारी ली व ग्रामीणों से अपील की कि वह फाईलेरिया रोधी दवा अवश्य खायें क्योंकि क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप काफी है और फाईलेरिया (हाथी पाँव) बीमारी मच्छरों द्वारा फैलती है।

इसके साथ ही उन्होंने फाईलेरिया ग्रसित मरीजों का हालचाल लिया व उन्हें लगातार पांच वर्ष तक हर वर्ष 12 दिवसीय डाईइथाइल कार्बामजीन (डी.ई.सी.) टेबलेट खाने का कोर्स पूरा करने की सलाह दी !

निरीक्षण के समय राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. प्रशान्त रंजन, भमोरा सी.एच.सी. के प्रभारी डॉ. विवेक कुमार, ए.आर.ओ. नागेन्द्र, मलेरिया निरीक्षक गुलशन गुप्ता, बी.पी.एम. नीरज तथा डब्ल्यू.एच.ओ. संस्था के राज्य प्रतिनिधि डॉ. राहुल व ब्लॉक प्रतिनिधि श्री संदीप मिश्रा, ए.एन.एम. मंजू वर्मा व क्षेत्र की आशा आदि मौजूद रहे।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई सम्पन्न

# एमओआईसी को संस्थागत प्रसव बढ़ाने हेतु

**एनपीटी ब्यूरो**



बरेली ।जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक विकास भवन स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

आज जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कर, गत बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन, दवाइयों की उपलब्धता, नियमित टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, ५ॅल्र्ला, ई–संजीवनी, ५ु मोबिलाइजेशन, अइल्अ्ा, जननी सुरक्षा योजना, आशा मानदेय भुगतान, आरसीएच पोर्टल पर डाटा फीडिंग तथा कुष्ठ निवारण कार्यक्रम, फाइलेरिया आदि की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

विगत बैठक में दिये गये निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी ने पूछा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की सूची एमओआईसी को प्राप्त हों गयी है अथवा नहीं। सभी ने अवगत कराया की प्राप्त हो गयी है। जिलाधिकारी ने समस्त को बेहतर चिकित्सिय सुविधा उपलब्ध करते हुए संस्थागत प्रसव कराया जाये और सरकारी योजनाओं का लाभ दिये जाने के निर्देश दिए।

बैठक में निर्देश दिए गए कि संस्थागत प्रसव कि संख्या जिन ब्लाको में कम है वहाँ के एमओ आईसी आशाओ के माध्यम से लोगों को संस्थागत प्रसव कराने हेतु जागरूक किया जाये।

बैठक में बताया गया कि मातृ वंदना योजना में अब आईसीडीएस विभाग द्वारा संचालित की जा रही है।

बैठक में टीबी रोगियों को प्रथम किस्त दिये जाने की भी समीक्षा की गयी बैठक में राष्ट्रीय कुष्ठ रोग निवारण कार्यक्रम व फाईलेरिया कि समीक्षा कि गयी ।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 विश्राम सिंह सहित समस्त सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे !

# किसान दिवस में डीएम ने सुनी क्षेत्रीय किसानों की समस्याएं

**एनपीटी ब्यूरो**



चित्रकूट ब्यूरोः किसान दिवस का आयोजन बुधवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में किया गया। जिसमें डीएम ने किसानों की समस्याओं को सुनते हुए शीघ्र निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए।

इस दौरान उप कृषि निदेशक राजकुमार ने गत माह किसान दिवस में उठायी गयी समस्याओं के समाधान एवं अनुपालन आख्या से जिलाधिकारी एवं किसानों को अवगत कराया। किसान दिवस में किसानों ने नहरों के टेल तक पानी का संचालन कराने, दलहन एवं तिलहनी की उपज को एमएसपी मूल्य पर क्रय करने के लिए प्रत्येक विकासखण्ड में एक क्रय केन्द्र खोलने, आगामी गर्मी के मौसम के दृष्टिगत गांवों में टैंकर के माध्यम से पेयजल की व्यवस्था कराने एवं प्रत्येक गांव में नए हैण्डपम्प लगवाने तथा जनपद की गौशालाओं से इच्छुक किसानों को गाय प्राप्त कराकर सहभागिता योजना से लाभान्वित कराने की मांग की। इस पर जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि किसानों की समस्याओं का अविलम्ब समाधान कराकर अनुपालन आख्या शीघ्र अवगत कराएं। उप कृषि निदेशक चित्रकूट ने किसानों को महत्वपूर्ण योजना सोलर तार फैसिंग, नेशनल मिशन आन नेचुरल फार्मिंग योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, परियोजना निदेशक सच्चिदानंद प्रसाद, जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, सहायक अभियंता सिंचाई गुरू प्रसाद, एलडीएम अनुराग शर्मा, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ एसके पाण्डेय, भूमि संरक्षण अधिकारी तुलसीराम, देवेन्द्र निरंजन, जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश झा, एसडीओ वन विभाग राजीव रंजन सिंह, भारतीय किसान यूनियन से शैलेन्द सिंह, यशवंत सिंह, देवेन्द्र सिंह, राजकिशोर, उदयनारायण के साथ आदि किसान उपस्थित रहे।

# ठगी के मामले में दिल्ली पुलिस ने एक अन्य व्यक्ति व ललितपुर पुलिस लाइन से दो पुलिस कर्मियों को किया गिरफ्तार



**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर ठगी के मामले में दिल्ली से आई पुलिस ने ललितपुर पुलिस लाइन से दो पुलिस कर्मियों को अपने कब्जे में लेकर जा रही थी तभी ललितपुर पुलिस को जानकारी मिली तो मौके पर पहुंचे सीओ सिटी ने कोतवाली में टीम को रोक कर उनके पूछताछ की तथा अपर पुलिस अधीक्षक ने वादी व दिल्ली पुलिस से पूछताछ करने में जुटे जानकारी के अनुसार एक अन्य व्यक्ति को भी दिल्ली पुलिस ने उसके घर से उसे उठा लिया सीओ अभय नारायण राय ने बताया कि अभी तक कोई भी आदेश दिल्ली से ललितपुर उच्च अधिकारी को प्राप्त नही हुआ है जिस कारण दिल्ली से आई पुलिस की पुष्टि व बिना कोई उच्च अधिकारियों के आदेश आने तक उन्हें कोतवाली में रोका गया है।

वहीं ललितपुर में चचाओं का बाजार गर्म है और पुलिस महकमे में सनसनी फैली है।

## संक्षिप्त समाचार

### 28 तक करें आवेदन

चित्रकूटः सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में उत्तर प्रदेश मत्स्य विभाग द्वारा मत्स्य पालक कल्याण कोष के अंतर्गत चलाई जा रही माता सुकेता महिला मत्स्य पालक सशक्तीकरण परियोजना से जनपद की मत्स्य पालक मछुआ परिवारों की महिलाओं को आच्छादित करने के लिए आनलाइन आवेदन 15 फरवरी से शुरू किए जा चुके है। बताया कि आवेदन करने की अन्तिम तिथि 28 फरवरी निर्धारित हैं। कहा कि इस योजनान्तर्गत इकाई लागत, आवेदन करने की प्रक्रिया, आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख व विस्तृत विवरण विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है।

### आवेदन के लिए खुला पोर्टल

चित्रकूट ब्यूरोः सहायक श्रमायुक्त आर के गुप्ता ने बताया कि भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के सचिव द्वारा निर्देश दिए गए है कि ऐसे पंजीकृत निर्माण श्रमिक जो बोर्ड का पोर्टल माह फरवरी 2024 से बन्द होने के कारण योजनाओं का हितलाभ प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन आवेदन नही कर सके हैं या पोर्टल के बन्द रहने के दौरान नवीनीकरण नही करा सके है, ऐसे समस्त निर्माण श्रमिकों को वर्तमान में पोर्टल शुरू होने के बाद आगामी 31 मार्च तक नवीनीकरण कराने एवं योजनाओं के ऑनलाइन आवेदन कराने की छूट प्रदान की गयी है। उन्होंने बताया कि आगामी 31 मार्च के बाद यह छूट समाप्त कर दी जायेगी। ऐसे में जनपद के समस्त पंजीकृत निर्माण श्रमिक, जो बोर्ड का पोर्टल बन्द रहने की अवधि में अपना नवीनीकरण नही करा सके है या पात्रता के अनुसार किसी योजना के अन्तर्गत आवेदन ऑनलाइन नही कर सके हैं, आमामी 31 मार्च तक इस अवसर का लाभ उठा लें।

### गृहकर की नयी दरों को लेकर व्यापार मंडल ने सौंपा ज्ञापन



एनपीटी ब्यूरो ललितपुर

ललितपुर महरौनी नगर पंचायत द्वारा गृहकर का नया नोटिफिकेशन जारी किया है जिसको लेकर नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है। उप्र व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने अधिशासी अधिकारी साक्षी साहू को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि जो नयी दरे लागू की जा रही है वह जनहित में नहीं है । व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रदीप चौधरी ने मांग की है कि जनहित को देखते हुए गृहकर को कम करे ।वहीं समाजसेवी नेता पवन मोदी ने कहा कि नया गृहकर से जनता पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा । ज्ञापन पर जमुना प्रसाद साहू,,राजेश खिमलासा,सुबोध पठा,पवन मलैया, अभिषेक काले, हरीशंकर सोनी,संजय बड़ोनिया ,फारूक, साबिर,सौरभ चुनमुन, मुकेश जैन, सुधीर साहू ,विजय जैन ,मनोज आदि के हस्ताक्षर अंकित थे ।

### वर्षीय किशोर हुआ लापता, कार्यवाही की मांग

एनपीटी ब्यूरो ललितपुर

ललितपुर। नगर में स्थित गौर कॉलोनी में दुकान से सामान लेने गये 13 वर्षीय किशोर के लापता हो जाने के मामले में पीडित ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। गौर कॉलोनी निवासी रिवल यादव पुत्र देशराज सिंह ने पुलिस को बताया कि बीते रोज शाम के समय उसका 13 वर्षीय भतीजा शिवांश यादव दुकान से सामान लेने की बात कहकर घर से निकला था। काफी समय बीत जाने के बाद भी किशोर को घर वापस न आता देख परिजन खोजबीन करने लगे, कोई जानकारी न मिलते देख पीडित ने पुलिस को सूचना देकर कार्यवाही करने की मांग की है।

### सौर्य उर्जा लाइट की चोरी

गदयाना। ग्राम गदयाना में चोरों ने सौर्य उर्जा लाइट की खम्बे पर चढकर चोरी कर ले गये। यहां पर पं०दीनदयाल उपाध्याय स्ट्रीट लाइट के लगभग 17 खम्बे पर सौर्य उर्जा से चलने वाली लाइट पूरे गांव मे लगाई गई थी। परन्तु विगत दिन पूर्व रात्रि में सिंघई की अथाई से और बंटी मुखिया के मकान के पास लगी स्ट्रीट लाइट को चोर पेनल सहित ले उड़े। सुबह आस पास के लोगों ने जब केवल खम्बा खड़ा और लाइट नदारत देखी तो तुरन्त ही ग्राम प्रधान को सूचित किया।

# पारदर्शितापूर्ण माहौल में नकलविहीन सम्पन्न कराएंगे बोर्ड परीक्षा- संतोष

चित्रकूट ब्यूरोः जिला विद्यालय निरीक्षक सन्तोष कुमार मिश्रा ने बताया कि आगामी 24 फरवरी सोमवार को आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षा को सकुशल, नकलविहीन सम्पन्न कराने के उद्देश्य से बीते सोमवार को प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन द्वारा बोर्ड परीक्षा 2025 के सम्बन्ध में वीडियो कान्फ्रेसिंग आयोजित कर निर्देश प्रदान किये गये है।

जिला मुख्यालय में हुई बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षण ने बताया कि 24 फरवरी सोमवार से 12 मार्च तक चलने वाली बोर्ड परीक्षा में में जनपद के चार राजकीय, 14 अशासकीय सहायता प्राप्त तथा 20 स्व वित्त पोषित कुल 38 परीक्षा केन्द्र निर्धारित हैं, जिनमें हाई स्कूल में 6,872 बालक और 6,372 बालिका सहित कुल 13,244 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसी प्रकार इण्टर में 6,124 बालक व 5,825 बालिका सहित कुल 11,949 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। बताया कि जनपद में कोई भी संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्र नहीं है। सकुशल नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए चार जोनल मजिस्ट्रेट, 12 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 38 स्टेटिक्स मजिस्ट्रेट के साथ 38 केन्द्र व्यवस्थापक एवं 38 बाह्य केन्द्र व्यवस्थापकों की तैनाती की गयी है। साथ ही पांच सेक्टर एवं 10 स्टेटिक्स मजिस्ट्रेट रिजर्व नियुक्त किए गए है तथा परीक्षाओं के औचक निरीक्षण के लिए पांच सचल दलों का गठन किया गया है। केन्द्रों की आनलाइन मानीटरिंग के लिए कन्ट्रोल रूम की स्थापना भी की गयी है। केन्द्रों में बने स्ट्रांग रूम की दिन-रात निगरानी के लिए कुल 38 टीमों का भी गठन किया गया है। बताया कि सार्वजनिक परीक्षाओं के संचालन में अनुचित साधनों का प्रयोग एवं प्रश्न पत्रों के समय से पूर्व प्रकटन को रोकने साल्वर गिरोह का निषेध करने एवं सम्बन्धित सभी मामलों में दण्ड की व्यवस्था करने के लिए नवीन अधिनियम लागू किये गये हैं। जिसके तहत दोषी व्यक्ति को कारावास एवं जुमार्ने का प्राविधान किया गया है।

उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए है कि परीक्षा के दौरान जिला मुख्यालय नहीं छोडेगा। पूरी बोर्ड परीक्षा के दौरान संचालित रहने वाले कंट्रोल रूम का प्रभारी सनत कुमार द्विवेदी को बनाया गया है। जिनकी देखरेख में 22 लोग कंट्रोल रूम संभालेंगे। इस मौके पर मानिटरिंग सेल के प्रभारी अनिल सिंह, धनंजय सिंह, ज्ञानेन्द्र सिंह, नेहा, गुड़िया, विनोद, चैतन्य प्रकाश आदि मौजूद रहे।

# एमडीएम भुगतान के नाम पर प्रधान मांग रहे कमीशन



चित्रकूट ब्यूरोः ग्राम पंचायत में प्रधान द्वारा प्रधानाध्यापक से एमडीएम में कमीशन मांगे जाने के मुद्दे को लेकर बुधवार को खंड शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही मामले में कार्यवाही की मांग की गई।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के मानिकपुर ब्लाक अध्यक्ष विनय कुमार शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिषेक कुमार पाण्डेय, प्रधानाध्यापक विनोद कुमार, उमा देवी, लवलेश, समेत दर्जनों प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों ने बुधवार को खंड शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने बताया कि मानिकपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत चरदहा में प्रधानाध्यापक प्रधान के पास एमडीएम के चेक में हस्ताक्षर कराने गए थे। जहां प्रधान पति एवं प्रधान पुत्रों ने शिक्षकों से अभद्र व्यवहार किया। साथ ही चेक की धनराशि का 10 प्रतिशत कमीशन मिलने पर ही हस्ताक्षर कराने की बात कही। इसी प्रकार हनुवा गांव में भी ग्राम प्रधान सत्यनारायण यादव द्वारा एमडीएम के चेक पर हस्ताक्षर बनाने में आनाकानी की जाती है। ऐसे में मामले की जांच कराकार दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जानी चाहिए।

# खेत में पानी देने के विवाद में जमकर मारपीट, दो आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

तालबेहट। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खांदी के मजरा नारायनपुरा निवासी दीपेश पुत्र जगत यादव ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि दि० 17 फरवरी 25 को समय करीब 12 वजे दिन को अपने खेत पर फसल में पानी लगा रहे थे। तभी पानी निकालने के पाइप के विवाद को लेकर विपक्षी चन्द्रभान यादव पुत्र अनन्दी, रवि यादव पुत्र चन्द्रभान मजरा नारानपुरा आए और गाली गलौज कर उसे व उसके पिता पिता जगतसिह यादव को दोनों विपक्षियों ने लाठी, डण्डा व लात घूंसों से जमकर मारा पीटा। जिसमें हम दोनों को गम्भीर चोटें आई। बचाव के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मेरा मोबाइल तोड़ कर भाग गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# धूमधाम से निकली राधाकृष्ण विवाह की शोभायात्रा, ग्राम वासियों ने भक्ति भाव से किया स्वागत

एनपीटी ब्यूरो ललितपुर

ललितपुर कैलगुवां विकासखंड बार अंतर्गत ग्राम पंचायत उदयपुरा में राष्ट्रीय कथा वाचक साध्वी पूजा देवी जी के सानिध्य में सप्त दिवसीय संगीतमद् श्री भागवत कथा का आयोजन 13 फरवरी 2025 से 20 फरवरी 2025 फरवरी के मध्य श्री हनुमान जी मंदिर तालाब पर समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से सप्त दिवसीय कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत मंगलवार को भगवान श्री कृष्णा और राधा जी के विवाह का प्रसंग व विवाह का कार्यक्रम समस्त भक्त जनों व भक्ति भाव से संपूर्ण ग्राम वासियों ने भाग लेकर कथा का श्रवण किया कथा के अंत में भगवान श्री कृष्ण की बारात निकाली गई गांव में बारात जैसे ही पहुंची तो गांव के बड़े बुजुर्ग महिलाएं बच्चों ने भक्ति भाव से भगवान श्री कृष्णा की झांकी व बारात में सम्मिलित भक्तजनों का भक्ति भाव से उत्साह पूर्ण स्वागत किया बारात हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर गांव के विभिन्न चौराहों से होते हुए बस स्टैंड चौराहा के रास्ते हनुमान मंदिर पर संपन्न हुई जहां पर भक्ति भाव से भक्तगण महिलाएं भक्ति भजन के गीतों पर ठुमके लगाते नजर आए पूज्य साध्वी जी के सानिध्य में कथा का आज छटा दिन था कथा का श्रवण करने के लिए आसपास के गांवों से भी लोग पहुंच रहे हैं और संगीतमय श्री भागवत कथा का रसपान कर रहे हैं समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से तालाब के हनुमान जी मंदिर पर श्री श्री 1008 श्रीमद्भागवत कथा कार्यक्रम में राधा कृष्ण के विवाह में संपूर्ण ग्राम वासियों ने संपूर्ण ग्राम में ढोल नगाड़े डीजे एवं घोड़े पर बैठकर संपूर्ण ग्रामवासी राधा कृष्ण की झांकी सजाकर गांव में नाचते गाते झूमते बड़े उत्सव पूर्वक खुशी से संपूर्ण ग्राम वासियों ने अपने दर पर समस्त प्रकार की साफ सफाई एवं रंगोली तरह-तरह की सजावट रखी यह कार्यक्रम संपूर्ण ग्राम वासियों के सहयोग से किया गया जिसमें बारात का स्वागत महादेव कौशिक अशोक कुमार चतुर्वेदी आचार्य जी मेघराज यादव सूरज सिंह यादव बलराम सिंह राजा जसवंत सिंह लदवारी नीरज यादव रक्षपाल यादव दिनेश रिछारिया रत्नेश कौशिक गोपाल कौशिक गोपाल सौरभ जयपाल विज्ञान राम सिंह यादव मुकेश कुमार प्रजापति सतीश चंद्र प्रजापति ने किया।

# निष्ठा के साथ कार्य करें शिक्षक- बीएसए

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



चित्रकूट ब्यूरोः बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित कंपोजिट विद्यालय कछार पुरवा में हमारा आंगन, हमारे बच्चे कार्यक्रम का शानदार आयोजन किया गया। इसके अलावा मां बेटी मेला, मीना मंच तथा कैरियर गाइडेंस से संबंधित कार्यक्रम भी आयोजित कए गए। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट स्थान पाने वाली बालिकाओं को सम्मानित किया गया। बालिकाओं को विभिन्न क्षेत्रों में जैसे वैज्ञानिक डॉक्टर, इंजीनियर, पुलिस, मिलिट्री, फोर्स, ब्यूटीशियन, साइंटिस्ट आदि विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचने के लिए अधिकारियों व समाजसेवी द्वारा बालक बालिकाओं का मार्गदर्शन किया गया।

इस दौरान जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने विद्यालय की शिक्षिकाओं की मेहनत को सराहा और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्राप्त बालिकाओं व उनके प्रशिक्षक श्यामसुंदर यादव को भी प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। बीएसए ने विद्यालय परिसर में लगाई गई विज्ञान, पर्यावरण, कैरियर गाइडेंस, मीना मंच, महिला सशक्तिकरण, बालिका सुरक्षा प्रदर्शनी का भी अवलोकन कर बच्चों से प्रश्न उत्तर किया तथा संतोषजनक उत्तर देने वाले बच्चों की प्रतिभा को सराहा। बीएसए ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा के उन्नयन के लिए सरकार द्वारा तमाम योजनाएं चलाई जा रही हैं इन योजनाओं का सफल किया अनुमान करना हम सपा कर्तव्य है पीएम श्री विद्यालय कछार पुरवा में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया इसके लिए विद्यालय स्टाफ को उन्होंने बधाई दी और कहा कि यह विद्यालय हर क्षेत्र में जिले में श्रेष्ठतम है ,अन्य विद्यालयों को भी यहां का अनुकरण करना चाहिए? । बीएसए ने कहा कि अपार आईडी और अधिकतम छात्र उपस्थिति के मामले में पूरे प्रदेश में चित्रकूट जनपद को प्रथम स्थान मिला है यह सब कर्मठ शिक्षकों के प्रयास से हुआ है। उन्होंने इस मौके पर यह भी चीते की जो शिक्षक कर्तव्यविमुख होकर नौकरी कर रहे हैं , वे अपनी कार्य प्रणाली में सुधार लाएं और जो दायित्व सौंपा जाए उसका निर्वाह निष्ठा पूर्वक करें ताकि विभाग की छबि अच्छी बने और शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार आए?। कार्यक्रम में अंत में प्रधानाध्यापिका ऊषा रानी त्रिपाठी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक साकेत बिहारी शुक्ला ने किया।

कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी अतुलदत्त तिवारी, शशिकांत शुक्ला, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीडी विश्वकर्मा, एमडीएम प्रभारी ज्ञानेंद्र मिश्रा, अत्रि मुनि त्रिपाठी, सूर्यांशु, सभी आंगनवाड़ी और संकुल के सभी नोडल शिक्षण संकुल सदस्य, विद्यासागर सिंह, रचना यादव, सुशीला पांडेय, सरला सिंह, गरिमा सिंह, ममता सिंह, रंजना सिंह, प्रियंका द्विवेदी, गीतांजलि सिंह, सियाराम, सुनीता आदि मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में मौत, बाइक चालक पर मुकदमा दर्ज

तालबेहट। पन्द्रह दिन पूर्व कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पवा जैन मंदिर के समीप बाइकों की भिड़त में एक युवक की मौत हो गई थी। इस मामले में मृतक की पत्नी की शिकायत पर अज्ञात बाइक चालक पर मुकदमा दर्ज किया गया। ग्राम झरर निवासी कमलेश पत्नी पूरन पाल ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि दिनांक 2.2.25 को समय करीब 05.30 बजे शाम को मेरा पति पूरन पाल पुत्र बैताली बाइक क्रमांक यूपी 94 एई 5292 को चालक पप्पू पाल पुत्र गोरेलाल नि० हर्षपुर बाइक से ले रहा था। तभी पवा जैन मंदिर तिराहा पहुंचा। उसी दौरान तभी बाइक क्रमांक यूपी 94 बाई 3060 के अज्ञात चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाकर पीछे से जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे बाइक से गिरकर गम्भीर घायल हुए पति पूरन को सीएचसी तालबेहट लाया गया। जहां डाक्टरो द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। मेरी बाइक के चालक पप्पूलाल ने घटना मौके पर देखी व मो०सा० का नम्बर बताया। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

### पीड़ित की जमीन पर जबरन कर लिया टीनशेड निर्माण

ललितपुर। थाना मड़ावरा अंतर्गत ग्राम मानिकपुर निवासी दुर्जन सिंह पुत्र तेज सिंह ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर उक्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की माँग की है। उन्होंने अवगत कराया कि पीड़ित के रिहायशी मकान स्थित ग्राम गानिकपुर में गाँव के दवंग व्यक्तियों द्वारा पीड़ित की भूमि पर टीन शैट लगा दिया है और कूड़ाकरकट भी डाल रहे है पीड़ित ने सोमवार को शाम 4 बजे उक्त लोगो को टीन सेड हटाने व कूड़ाकरकट डालने से रोका व मना किया तो उक्त सभी ने पीड़ित के साथ अभद्रता व गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। उक्त लोग काफी दबंग एवं अपराधी किस्म के लोग है। पीडित ने गुहार लगाई है कि तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की जाये एवं पीडित की भूमि पर जो टीनशैड का निर्माण कर लिया है उसे हटवाया जाए और जो कुडाकरकट मकान के सामने डाल दिया है उसे भी हटवाये जाने की अपील की।

# एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यशाला का आयोजन, जिला कलक्टर ने की समीक्षा

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

खैरथल -तिजारा, 19 फरवरी 2025। एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के तहत जिला स्तर पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता जिला कलक्टर श्री किशोर कुमार ने की, जिसका आयोजन प्रातः 10:00 बजे होटल रॉयल गैलेक्सा, खैरथल में किया गया। कार्यशाला में चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित कई महत्वपूर्ण विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए।

जिला कलक्टर श्री किशोर कुमार ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए और यह प्रयास किया जाए कि जिले में कोई भी व्यक्ति एनीमिया से ग्रसित न रहे। उन्होंने एनीमिया उन्मूलन हेतु कार्ययोजना की समीक्षा की गई एवं इसके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।

कार्यक्रम में एनीमिया के लक्षण, कारण एवं दुष्प्रभावों पर विस्तार से जानकारी दी गई। 6-59 माह के बच्चों को आयरन सिरप पिलाने के सही तरीकों का प्रशिक्षण दिया गया। विद्यालयों में दी जाने वाली गुलाबी व नीली आयरन टैबलेट्स के फायदों पर प्रकाश डाला गया। प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस आयोजित कर जागरूकता बढ़ाने की योजना बनाई गई। चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग को रिपोर्टिंग प्रणाली के बारे में प्रशिक्षित किया गया। आयरन सिरप व टेबलेट्स की मांग और वितरण प्रक्रिया पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। हरी पत्तेदार सब्जियों और आयरन अनुपूरक के सेवन को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। शिक्षा विभाग को शाला दर्पण पोर्टल पर मासिक रिपोर्ट अपडेट करने के निर्देश दिए गए।

इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य एनीमिया मुक्त राजस्थान अभियान को जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाना था। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी अब अपने-अपने क्षेत्रों में इस ज्ञान का प्रचार-प्रसार करेंगे ताकि बच्चों, गर्भवती महिलाओं और प्रजनन आयु की महिलाओं में एनीमिया की रोकथाम की जा सके।

# रीट परीक्षा की तैयारियों हेतु दिए निर्देश



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

खैरथल-तिजारा, 19 फरवरी। आगामी रीट परीक्षा की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए बुधवार को जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने जिला स्तरीय परीक्षा संचालन समिति की बैठक ली। बैठक में परीक्षा की तैयारियों, केंद्र व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा इंतजामों पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिले में कुल 12 परीक्षा केंद्रों पर रीट परीक्षा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 12,267 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा दो दिनों में दो-दो पारियों में आयोजित की जाएगी-27 फरवरी को प्रथम पारी में 3,934 अभ्यर्थी, द्वितीय पारी में 4,107 अभ्यर्थी तथा 28 फरवरी को प्रथम पारी में 4,226 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिला कलेक्टर ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं परीक्षा समन्वयक शिवपाल जाट ने बताया कि 12 केंद्राधीक्षक, 14 उपकेंद्राधीक्षक, 12 पर्यवेक्षक 12 पेपर कोऑर्डिनेटर ,4 फ्लाइंग स्क्वाड परीक्षा सफलतापूर्वक करवाने एवं परीक्षा दौरान किसी भी अनियमितता को रोकने के लिए सतर्क रहेंगे।

जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान अनुशासन व निष्पक्षता बनाए रखने के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किए जाएं। परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं अन्य प्रतिबंधित सामग्रियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी शकुंतला मीणा, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भारत भूषण, मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी अरविंद गेट सहित कोष, परिवहन, पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे।

# राजस्थान बजट पर सुरेश मीणा किशोरपुरा की प्रतिक्रिया

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

झुंझुनूं। प्रदेश में भाजपा की भजन लाल सरकार के द्वितीय वर्ष2025-26बजट घोषणा के बाद आदिवासी नेता एवं समाजसेवी सुरेश मीणा किशोरपुरा ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश में सरकार ने बजट में जनता के लिए कई कल्याणकारी फैसले है। पेंशन योजनाओं की राशि में वृद्धि करने, छात्रावास खोलने, युवाओं के लिए रोजगार बिजली यूनिट में छूट की बढ़ोतरी ,आदिवासी समाज के धार्मिक स्थलों का विकास बुजुर्गो को घर पर ही दवाई ,गांवों में पट्टे साइबर क्राइम पर लगाम लगाने पत्रकार कल्याण कोष की राशि को दुगनी करने जैसे महत्वपूर्ण कार्यों की घोषणा सराहनीय पर किसान बेरोजगार असहाय बीपीएल



के हित में सरकार ने कोई खास कल्याणकारी योजना इस बजट में पारित नहीं की। किसान कर्ज में डूब रहे हैं लेकिन कर्ज माफी का कोई फैसला नहीं लिया गया। उदयपुरवाटी विधान सभा का दुर्भाग्य है कि इस बार के बजट में निराशा हाथ लगी। बजट घोषणा से पहले हमने सरकार से हमारी विधान सभा के लिए जो सपने देखे तो उन पर सब पानी फिर गया।

इसी के साथ सरकार ने प्रदेश के दलित आदिवासियों के हित में बजट में कोई फॉक्स नहीं किया है।

# मेघवंशीय समाज चेतना संस्थान झुंझुनू का 21वां वार्षिक सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 23 को



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

झुंझुनूं। मेघवंशीय समाज चेतना संस्थान राजस्थान की शाखा झुंझुनूं का अनुसूचित जाति का 21 वां वार्षिक सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 23 अप्रैल को प्रातः 11 बजे अंबेडकर पार्क झुंझुनू में अखिल भारतीय सांगलिया धूणी के पेठाधीश्वर ओम दास महाराज के सानिध्य में आयोजित किया जाएगा। इस समारोह की अध्यक्षता विधायक पितराम सिंह काला एवं मुख्य अतिथि सतवीर सिंह सेवानिवृत्ति आईजी होंगे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ निरंजन चिरानिया उपनिदेशक ,पशु पालन विभाग एवं एडवोकेट महेंद्र कुमार आनंद होंगे। विशिष्ट अतिथि राजेश दहिया जिला महामंत्री भाजपा,शारदा देवठिया,प्रधान पंचायत समिति मंडावा, रामेश्वर कल्याण, प्रहलाद देवठिया जगदीश बरवड़ , कुरड़ाराम सिरोलिया, रणजीत महाराणियां ,प्रोफेसर जय लाल सिंह सिरोवा, सुभाष चंद्र बरवड़, सौदागर कांदेला, मोहनलाल वर्मा ,डॉक्टर मधु तंवर, मोतीलाल आलडिया, पालाराम मेहता, आदराम दहिया, सुमन चिरानिया नानूराम गहनोलिया, एडवोकेट प्रताप सिंह चौहान, विजय कुमार कल्याण, मनीराम देवरोड़ ,महावीर प्रसाद सानेल, सी आई इंद्राज सिंह मरोड़िया, डॉक्टर दीपक देवठिया ,डॉक्टर संदीप नेमवाल ,डॉ महेंद्र सानेल,सुरेंद्र सुजड़ोला ,जगजीत सिंह एवं लीलाधर चौहान होंगे। संस्था के जिला संयोजक रामनिवास भूरिया एवं महासचिव मदनलाल गुडेसर ने संयुक्त रूप से बताया कि इस अवसर पर जिले की समस्त अनुसूचित जाति की प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा एवं सामाजिक सरोकारों में अग्रणी भूमिका निभाने वाले महानुभावों को भी सम्मानित किया जाएगा। जिन छात्र-छात्राओं ने वर्ष 2023झ24 में सेकेंडरी एवं सीनियर सेकेंडरी में 75 प्रतिशत स्नातक एवं स्नातक एवं स्नातकोत्तर में 65 प्रतिशत अंक, आईएएस, आरएएस, नीट, आईआईटी,राजकीय सेवा में चयन होने वाली प्रतिभाओं सहित जनवरी 2024 से जनवरी 2025 तक सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को भी सम्मानित किया जाएगा। संस्थान की टीमें लगातार जिले में गांवों का दौरा कर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आमंत्रण दे रही है।

# नव नियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष रामेश्वर लाडपुरा ने बजट घोषणा को जनकल्याणकारी बताया

**ब्यरो -एनपीटी**

**बून्दी!** प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत इस बजट में बूंदी जिले के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएँ की गई हैं। यह बजट बूंदी की जनता के लिए अत्यंत लाभकारी और प्रगतिशील साबित होगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, सिंचाई, पर्यावरण और पर्यटन जैसे हर क्षेत्र में संतुलित योजनाएँ शामिल की गई हैं, जो जिले के समग्र विकास को गति देंगी। बूंदी को 'क्लीन एंड ग्रीन-इको सिटी' के रूप में विकसित करने की योजना जिले के पर्यटन और पर्यावरण संरक्षण में अहम भूमिका निभाएगी। वहीं, जैतसागर और नवल सागर झीलों के सौंदर्यीकरण से पर्यटन को नई ऊंचाइयाँ मिलेंगी।



किसानों को 50,000 नए कृषि कनेक्शन देना, मुफ्त बिजली की सीमा 100 से बढ़ाकर 150 यूनिट करना और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में अतिरिक्त 3000 रुपये जोड़कर किसानों को 9000 रुपये की सहायता देना एक ऐतिहासिक निर्णय है, जिससे जिले के किसानों को सीधा लाभ मिलेगा।सड़क एवं आधारभूत ढांचे के विकास के लिए किए गए प्रावधानों से बूंदी जिले में यातायात सुविधाएँ बेहतर होंगी। रोडवेज बस स्टैंड के विकास के लिए 30 करोड़ रुपये का बजट आवंटित करना आमजन को सुगम परिवहन सुविधा प्रदान करेगा।शिक्षा क्षेत्र में नए आईआईटी कॉलेज, कन्या महाविद्यालय और महाविद्यालयों के क्रमोन्नयन से जिले के युवाओं को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए कापरेन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बेड क्षमता बढ़ाने और पशु चिकित्सा केंद्र खोलने जैसी योजनाएँ भी सराहनीय हैं।यह बजट जिले की जनता को आर्थिक, सामाजिक और बुनियादी सुविधाओं में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मजबूत कदम है।

भाजपा सरकार ने विकास और जनकल्याण को प्राथमिकता देते हुए जो योजनाएँ प्रस्तुत की हैं, वे जिले के उज्जवल भविष्य की नींव रखती हैं। मैं इस जनहितैषी बजट के लिए प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूँ और जिले की जनता को भरोसा दिलाता हूँ कि विकास की यह गति निरंतर बनी रहेगी।

# इंदरगढ़ महादेव मेले में प्रदेश अध्यक्ष हरिनंदन कहार होंगे अतिथि

**ब्यरो -एनपीटी**

बून्दी! महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शम्भू की मंडी डांगाहेडी में ग्राम पंचायत उतराना इन्द्रगढ पर महादेव मंदिर में विशाल मेला एवं रात्रिकालीन भजन संध्या 25 फरवरी 2025 को रखी गई है दूनी ग्राम सेवा सहकारी समिति लि के डायरेक्टर डॉ नरेन्द्र मेहरा एडवोकेट ने बताया कि विशाल भजन संध्या के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला जी के निजी सचिव व मंच के राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष हरिनंद कहार होंगे



तथा विशिष्ट अतिथि के पाटन विधायक चंद्र कांता मेघवाल, प्रधान विरेन्द्र सिंह हाडा, बूंदी जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा होंगे इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध सिंगर हनुमान गुर्जर व उनकी टीम द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगे

# जिला रसद आवंटन समिति सदस्य अमरीश व्यास ने बजट घोषणा को जनकल्याणकारी बताया

**ब्यरो -एनपीटी**

बून्दी ।भाजपा नेता व जिला रसद आवंटन समिति सदस्य अंबरीश व्यास ने बुधवार को राज्य सरकार द्वारा घोषित बजट को जनकल्याणकारी व किसान हितैषी बताया है ।व्यास ने बताया कि बजट में किसान सम्मान निधि की राशि,बुजुर्ग पेंशन की राशि बढ़ाया जाना,प्रत्येक विधानसभा में विकास हेतु अलग से बजट स्वीकृत करना,युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना राज्य की सरकार का ऐतिहासिक कदम है ।व्यास ने जारी बयान में बताया कि लोककल्याणकारी बजट में के पाटन विधानसभा



कापरेन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बहुप्रतीक्षित बेड़ की संख्या बढ़ाए जाने तथा कापरेन में आईटीआई कॉलेज की घोषणा तथा झालीजी का बराना में पशु उपस्वास्थ्य केंद्र स्वीकृत किए जाने में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला,भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व विधानसभा प्रत्याशी चंद्रकांता मेघवाल सहित पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का विशेष योगदान रहा है,इसके लिए व्यास सहित सभी भाजपा कार्यकताओं ने शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया है।

# भरतपुर, कोटा, सिरोही, चित्तौड़गढ़, झुंझुनू को मिली सौगातें, कुछ उम्मीदें फिर भी अधूरी

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

जयपुर । प्रदेश के बजट 2025-26 में सरकार ने प्रदेश के कई जिलों के लिए विशिष्ट घोषणाएं कर विकास की ओर कदम बढ़ाया है। एक तरफ जहां सरकार ने जिलों को कई महत्वपूर्ण सौगातें दी हैं, तो वहीं कुछ प्रमुख मांगों पर ध्यान नहीं दिया है। जानिये इस बजट में किसे, क्या मिला

राजस्थान सरकार ने विधानसभा में वित्त वर्ष 2025 का बजट पेश किया, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों के विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गईं। इस बजट में भरतपुर, कोटा, सिरोही, उदयपुर, चित्तौड़गढ़ और झुंझुनू समेत कई जिलों को नई सौगातें मिलीं, हालांकि कुछ प्रमुख मांगों पर अब भी निर्णय नहीं हो सका। सरकार ने इसे राज्य के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया है, जबकि विपक्ष ने इसे अधूरा करार दिया।

भरतपुर को मिली सौगातें- पूर्व मंत्री और विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने भरतपुर जिले के लिए बजट में की गई घोषणाओं को ऐतिहासिक बताया और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया। सरकार ने जिले में जल आपूर्ति, सड़क निर्माण, बिजली व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए कई बड़े प्रावधान किए हैं।

बजट में सुनारी उप स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (ढत्रउ) में क्रमोन्नत करने की घोषणा की गई है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार होगा। इसके अलावा, जिले में बिजली व्यवस्था को मजबूत करने के लिए बछामदी, माडॉनी-मुरवारा और अघापुर में 33 केवी जीएसएस (ग्रिड सब-स्टेशन) की स्थापना की जाएगी। इससे किसानों और औद्योगिक इकाइयों को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलने की उम्मीद है।

भरतपुर में एसपीजेड योजना के तहत 25 करोड़ रुपये की लागत से विद्युतीकरण कार्य किए जाएंगे, जिससे औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। सड़क सुविधाओं के विस्तार के तहत भरतपुर-मथुरा सड़क का फोरलेन निर्माण और विभिन्न सड़कों के चौड़ीकरण एवं नवीनीकरण के लिए 400 करोड़ रुपये से अधिक का बजट आवंटित किया गया है।

पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में 20 करोड़ रुपये की लागत से संरक्षण कार्य किए जाएंगे। वहीं, जिले में नवीन आईटीआई और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर हनी बी कीपिंग की स्थापना होगी, जिससे स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। स्वास्थ्य क्षेत्र में भी सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मातृ शिशु स्वास्थ्य विंग (टउऌ ङल्लॅ) की स्थापना की घोषणा की है।

हालांकि जिले के लोगों को यमुना से पानी लाने की योजना, मेडिकल सुविधाओं में विस्तार और होम्योपैथिक एवं यूनानी कॉलेज की मांग पूरी नहीं होने से निराशा हुई है।

# प्रदेश के साथ डाबी बरड क्षेत्र की उन्नति का मार्ग प्रशस्त करेगा यह बजट - राधेश्याम बैरागी

## डाबी में कन्या महाविद्यालय, लघु सिंचाई परियोजना एवं स्टोन पार्क की घोषणा पर कार्यकताओं ने आतिशबाजी कर जताई खुशी

**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी 19 फरवरी। प्रदेश के बजट में जिले के डाबी कस्बे में कन्या महाविद्यालय, लघु सिंचाई परियोजना के जीर्णोद्धार तथा ऐरु नदी पर गुड़ा पीपल्दा में एनिकट निर्माण एवं स्टोन पार्क की घोषणा होते ही क्षेत्र के कार्यकताओं एवं ग्रामीणों में हर्ष की लहर दौड़ गई। भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश मंत्री राधेश्याम बैरागी ने कहा कि बरड क्षेत्र में लंबे समय से महाविद्यालय खोलने की मांग की जा रही थी। वहीं हाल ही में डाबी प्रवास पर आए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से डाबी तालाब से लघु सिंचाई परियोजना के जीर्णोद्धार एवं पत्थर मंडी की घोषणा करवाने का अनुरोध किया था। भाजपा नेता राधेश्याम



बैरागी ने डाबी बर्ड क्षेत्र को मिली सौगातो पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, वित्त मंत्री दिया कुमारी व पूर्व विधायक अशोक डोगरा का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह बजट प्रदेश के साथ-साथ डाबी बरड क्षेत्र की उन्नति का मार्ग प्रशस्त करेगा। डाबी में कन्या महाविद्यालय खुलने से जहां क्षेत्र की बालिकाओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने में आ रही समस्याओं निजात मिलेगी वहीं लघु सिंचाई परियोजना के जीर्णोद्धार से क्षेत्र के किसानों की समृद्धि के द्वार खुलेंगे। भाजपा नेता राधेश्याम बैरागी ने कहा कि जिले में स्टोन पार्क खुलने से डाबी बरड क्षेत्र के खनन व्यवसाय को मजबूती मिलेगी। वरिष्ठ भाजपा नेता शंभू सिंह सोलंकी, लाभचंद जैन, गोपालपुरा सरपंच नेवालाल गुर्जर, राजपुरा सरपंच अंबालाल बैंसला, धनेश्वर सरपंच सत्यनारायण मेघवाल, गणेशपुरा सरपंच शंकर बंजारा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण सोलंकी, मंडल प्रतिनिधि गजराज सिंह, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अर्पित भाट, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारु बंजारा, अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष जाकिर हुसैन, युवा नेता रोमिल हरसोरा, पूर्व सरपंच मांगीलाल धाकड़, समाजसेवी शिवराज बेस, मंडल महामंत्री वीरेंद्र शर्मा, संजय मेवाड़ा, रमेश धाकड़, सुरेश सुवालका, चेतन राठौर, राजेंद्र मेघवाल, श्यामलाल मेहता आदि ने बजट में डाबी बरड क्षेत्र को मिली सौगातो पर हर्ष व्यक्त करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, वित्त मंत्री दिया कुमारी तथा पूर्व विधायक अशोक डोगरा का आभार प्रकट किया है।

# आज सम्पूर्ण न्यायिक कार्य स्थगित रहेगा

**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी 19 फरवरी। अभिभाषक परिषद बूंदी द्वारा अभिभाषक परिषद बूंदी के अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा के नेत्रत्व में भारत सरकार द्वारा अभिभाषक संशोधन अधिनियम के माध्यम से किए जा रहे असंवैधानिक संशोधन का विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।जिस हेतु 20 फरवरी को सम्पूर्ण रूप से न्यायिक कार्य स्थगित रखा जाएगा। जिस हेतु कल अधिवक्ताओं की और से किसी भी न्यायालय में पैरवी नहीं की जाएगी। विरोध प्रदर्शन में सचिव संजय कुमार जैन, उपाध्यक्ष नारायण सिंह गॉर्ड, सहसचिव कविता कहार, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार लाठी, पुस्तकालय सचिव सुरेंद्र कुमार वर्मा, कार्यकरणी सदस्य जितेंद्र कुमार जैन, नईम हुसैन, शाहिस्ता परवीन, अजय मीना, उमाशंकर नागर सहित सभी अभिभाषक परिषद बूंदी के अधिवक्तागण मौजूद रहेंगे। यह जानकारी अभिभाषक परिषद बूंदी के मीडिया प्रभारी एडवोकेट शिवराज नागर ने दी।

# किसान दिवस में छाए बकाया भुगतान, आवारा पशु के मुद्दे

## किसानों ने डीएम के समक्ष रखी प्रमुख समस्याएं, निस्तारण की मांग उठाई, किसान दिवस में डीएम ने दिया समाधान का आश्वासन

**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** बुधवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित किसान दिवस में किसान संगठनों ने डीएम के समक्ष बकाया गन्ना भुगतान, आवारा पशुओं, मिल की छाई विद्युत विभाग, नाला सफाई सहित कई समस्याएं प्रमुखता से उठाई। डीएम ने सभी समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए।






कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को डीएम अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस में मौजूद किसान संगठनों के पदाधिकारियों ने डीएम के समक्ष बकाया गन्ना भुगतान, आवारा पशुओं, मिल की छाई विद्युत विभाग, नाला सफाई सहित कई समस्याएं रखी। गोहरपुर निवासी किसान संजीव कुमार ने गोहरपुर लिंक मार्ग पर ओवरलोड डम्परों के संचालन से सडकों के खराब होने का मुद्दा उठाया।

भैंसवाल निवासी हरीश चौधरी ने भैंसवाल में पशु चिकित्सालय में पशु चिकित्सक की तैनाती न होने का समस्या बताई। सांपला निवासी योगेन्द्र पंवार ने बताया कि 11 हजारी बिजली की लाइन लकडी के खंबे पर लगायी गयी, इसके लिए इसे तुरंत सही कराया जाए। इसके अलावा रेलपार वार्ड 9 में एक मकान की रेलिग पर बिजली की लाइन लगी है जिसे जल्द हटवाया जाए। रामपुर खेडी निवासी राजन जावला ने कहा कि डांगरौल माइनर में पानी नहीं आ रहा है जिससे किसानों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है। गुड्डु बनत ने शामली से भैंसवाल मार्ग के बाईपास पर फ्लाई ओवर की मांग की। पिंडौरा निवासी कविता चौधरी ने कहा कि गांव में तालाबों की सफाई न होने से कैंसर रोगियों की संख्या बढ रही है। तालाब के पानी के सैंपल लेकर उनकी जांच के साथ-साथ तालाब की जल्द से सफाई कराई जाए। बैठक में किसानों ने डीएम के समक्ष आवारा पशुओं से छुटकारा, मिल की छाई विद्युत विभाग, नाला सफाई के मुद्दे भी प्रमुखता से उठाए। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को उनके जल्द से जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। डीएम ने पालीथीन कार्रवाई के संबंध में भी अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। किसान दिवस में कृषि वैज्ञानिक जलालपुर डा. ओमकार सिंह ने सब्जी की खेती एवं गन्ने की सफल में सब्जियों की सहफसली खेती पर चर्चा की। इस मौके पर उपकृषि निदेशक प्रमोद कुमार, जिला कृषि अधिकारी शामली प्रदीप कुमार, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. एसपी सिंह, जिला गन्ना अधिकारी आरएस कुशवाह सहित किसान कुलदीप पंवार, सुनील पंवार, ऋषिपाल सिंह भी मौजूद रहे।

# कानून व्यवस्था, साइबर अपराधों व त्यौहार को लेकर एसपी ने ली बैठक

## अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई, संदिग्ध लोगों व वाहनों की चेकिंग के निर्देश

### साइबर अपराधों को लेकर लोगों को जागरूक करें: रामसेवक गौतम



**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** एसपी रामसेवक गौतम ने बुधवार को पुलिस लाइन में कानून व्यवस्था, साइबर अपराध, त्यौहारों को लेकर पुलिसकर्मियों की बैठक ली। एसपी ने जनपद में अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने, साइबर अपराधों के लिए लोगों को जागरूक करने के अलावा संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की चेकिंग करने के भी कडे दिशा निर्देश दिए।

जानकारी के अनुसार बुधवार को पुलिस लाइन सभागार में एसपी रामसेवक गौतम ने जनपद की कानून व्यवस्था, साइबर अपराधों की रोकथाम, आगामी त्यौहारों को लेकर पुलिसकर्मियों की बैठक ली। एसपी ने कहा कि सभी पुलिसकर्मी अपने-अपने क्षेत्रों में अपराधों पर अंकुश लगाते हुए अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करें ताकि जनता में पुलिस के प्रति विश्वास बना रहे, इसके अलावा लोगों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए इसकी रोकथाम के लिए कार्रवाई करें। एसपी ने कहा कि आगामी दिनों में होली, दुल्हैंडी, ईदुल फितर आदि के त्यौहार हैं, त्यौहारों को शांतिपूर्वक एवं सौहादपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिसकर्मी अपने-अपने क्षेत्रों के गणमान्य लोगों की बैठक लेकर उन्हें जागरूक करें। उन्होंने विवेचनाओं के समय से निस्तारण करने के भी निर्देश दिए। एसपी ने पुलिसकर्मियों को संदिध वाहनों व व्यक्तियों की चेकिंग करने, सभी थानों की पिकेट ड्यूटी व गश्त में बढोत्तरी की भी हिदायत दी। उन्होंने थानों में फरियाद लेकर आने वाले लोगों की समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक में एएसपी संतोष कुमार सिंह, सीओ सिटी अमरदीप मौर्य, सीओ भवन श्रेष्ठा ठाकुर, प्रतिसार निरीक्षक विक्रम सिंह चौहान सहित अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे।

# बेकाबू पिकअप ने बाइक में टक्कर मारी, किसान की मौत

## तितरवाड़ा रोड पर हुआ हादसा, एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से हुआ घायल, अस्पताल में कराया गया भर्ती

**एनपीटी संवाददाता**

**कैराना।** अनियंत्रित पिकअप गाड़ी ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार किसान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर लिफ्ट लेकर सवार हुआ व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।





बुधवार सुबह करीब नौ बजे गांव तितरवाडा निवासी 45 वर्षीय किसान राजबीर निकटवर्ती गांव बुच्चाखेड़ी में अपने साथी के पास जा रहा था। बाइक पर लिफ्ट लेकर गांव का ही पारिक भी सवार हो गया। जब वह तितरवाड़ा रोड पर मदरसे के निकट पहुंचे, भी विपरीत दिशा से आ रही तेजगति की अनियंत्रित पिकअप गाड़ी ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें राजबीर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, टक्कर के बाद गाड़ी सड़क किनारे खेत में जाकर पलट गई, जिसमें चालक बाल–बाल बच गया। हादसे के बाद पिकअप गाड़ी का चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। पुलिस द्वारा दोनों को नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने राजबीर को मृत घोषित कर दिया और गंभीर रूप से घायल पारिक को हायर सेंटर रेफर कर दिया। बुच्चाखेड़ी निवासी बबला ने बताया कि उसे राजबीर के साथ सहारनपुर के गांव नरहेड़ा गुर्जर में शादी में शामिल होने के लिए जाना था। मृतक किसान था तथा एक विवाहित बेटी और एक बेटा के अलावा एक अन्य बेटी है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### छुरे के साथ एक गिरफ्तार

कैराना। पुलिस ने भूरा जाने वाले रजवाहा पटरी के निकट से एक युवक को रोक कर तलाशी ली, जिसके कब्जे से एक अवैध छुरा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी जानिब निवासी गांव टपराना थाना झिंझाना के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

### कानों के कुंडल और नगदी छीन ले जाने का आरोप

कांधला। बागपत जनपद के गांव हलालपुर निवासी एक दंपति ने आधा दर्जन से अधिक युवकों पर क्षेत्र के गंगेरू मार्ग ईंट भट्टे के समीप मारपीट कर कानों के कुंडल एवं हजारों की नगदी छीन कर ले जाने और महिला ने उसके पति को जबरदस्ती दारू पिलाकर पीड़िता के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए आरोपियों को के विरुद्ध तहरीर दी दी है। पुलिस जांच में जुटी हुई है। बुधवार को बागपत जनपद के छपरौली थाना क्षेत्र के गांव हलालपुर निवासी एक महिला ने बताया कि पीड़िता गत 16 फरवरी की शाम को मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने पति एवं 3 वर्ष के मासूम बच्चे को लेकर गंगेरू से होते हुए अपने गांव जा रहे थी। जैसे ही पीड़ित क्षेत्र के गंगेरू मार्ग ईंट भट्ठे के समीप पहुंचे तो आधा दर्जन से अधिक युवकों ने उनकी बाइक को रोक लिया। और आरोपियो ने पीड़ित पति-पत्नी के साथ जमकर मारपीट की और उसके कानों के कुंडल निकाल लिए और पीड़ित कांधला से अपनी कमेटी के 82 हजार रुपए लेकर अपने गांव जा रहे थे वह भी आरोपियों ने छीन लिए।

### चोरी की बाइक के साथ चोर गिरफ्तार



शामली। आदर्श मंडी पुलिस ने बाइक चोरी की घटना का खुलासा करते हुए चोरी में लिप्त एक चोर को गिरफ्तार कर बाइक भी बरामद कर ली है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार शहर के शिव विहार कालोनी निवासी पुनीत ने आदर्श मंडी थाने पर तहरीर देते हुए बताया था कि उसकी बाइक को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी थी। बुधवार को आदर्श मंडी पुलिस ने बाइक चोरी की घटना का खुलासा करते हुए बाइक चोर वासु रुहैला पुत्र राजकुमार रुहैला निवासी मौहल्ला दयानंदनगर को गिरफ्तार कर चोरी की गयी बाइक भी बरामद कर ली है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## संक्षेप समाचार :

### पुत्रवधू जेवर और नकदी लेकर हुई फरार

कैराना। नगर के एक मोहल्ला निवासी महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि सोमवार की रात वह तथा उसकी पुत्री और पुत्रवधू घर पर सो रहे थे। जबकि उसका बेटा दूसरे शहर गया हुआ था। रात्रि में उसकी पुत्रवधू ने उसे और उसकी बेटी को चाय में नशीला पदार्थ पिला दिया। इसके बाद वह बेहोश हो गई। बाद में पुत्रवधू घर में रखे सोने–चांदी के जेवर और 50 हजार रुपये की नकदी लेकर फरार हो गई। पुत्रवधू अपने दो छोटे–छोटे बच्चों को भी घर पर ही छोड़कर चली गई। कुछ देर बाद बच्चे रोने लगे, तो उसकी आंख खुल गई। इसके बाद उसे मामले का पता चला। मामले में पुलिस ने तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है।

### गोवध अधिनियम के दोषी को सजा

कैराना। न्यायालय ने गोवध अधिनियम के दोषी को सजा सुनाई। 1994 में थाना झिंझाना पर शौकीन निवासी भड़ी मुस्तफाबाद के विरुद्ध गोवध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। यह मामला कैराना स्थित सिविल जज जूनियर डिवीजन के यहां विचाराधीन चल रहा था। बुधवार को कोर्ट ने दोषी को जेल में बिताई अवधि के कारावास और एक हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

### स्वयंसेवकों ने मतदाता जागरूकता के लिए किया प्रेरित

कांधला। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस की शुरूआत प्रार्थना, लक्ष्यगीत एवं शिविर स्थल की साफ–सफाई से हुई। शिविर के प्रथम सत्र में स्वयंसेविकाओं ने मतदाता जागरूकता, सड़क सुरक्षा, स्वच्छता, पर्यावरण व जल संरक्षण, एवं वृद्धों का सम्मान जन जागरूकता रैली निकाली। रैली का नेतृत्व डा. श्याम बाबू एवं डा. अंकिता त्यागी द्वारा किया गया। रैली शिविर स्थल से निकलकर रायजादगान मौहल्ले से होते हुए सूरज कुंड मंदिर तक गयी और फिर वहाँ से शिविर स्थल पर आकर सम्पन्न हुई। स्वयंसेविकाओं ने विभिन्न नारों से जागरूक किया। इस दौरान छात्राएं और महाविद्यालय परिवार मौजूद रहा।




### महायज्ञ एवं वैदिक संगीतमय श्रीराम कथा का समापन

कैराना। यज्ञ में पूणार्हुति के साथ ही पांच दिवसीय चतुर्थ वेद परायण महायज्ञ एवं वैदिक संगीतमय श्रीराम कथा का समापन किया गया। बाद में विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। नगर में आर्य समाज मंदिर में 15 फरवरी से चतुर्थ वेद परायण महायज्ञ एवं वैदिक संगीतमय श्रीराम कथा का वर्णन किया जा रहा था। कथावाचक संदीप आर्य गिल द्वारा प्रभु श्रीराम की कथा का वर्णन संगीत व भजनों के साथ किया गया तथा मायार्दा पुरूषोत्तम श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। श्रद्धालुओं ने संगीतमय श्रीराम की लीलाओं का वर्णन सुनकर भक्ति रस का आनंद उठाया। बुधवार को पंडित आशीष शास्त्री द्वारा चतुर्थ वेद परायण महायज्ञ संपन्न कराया गया, जिसमें मुख्य यजमान सभासद शगुन मित्तल एडवोकेट, श्यामलाल, दीपक बंसल, करण रुहेला सपत्नी रहे। महायज्ञ में पूणार्हुति की गई और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर भाजपा नेता अनिल चौहान, डॉ. अभिषेक आर्य, अमर रूहेला, कुलदीप सिंघल एड, सुनील बंसल, राजीव, संजीव आर्य, बिजेन्द्र आर्य, प्रदीप गोयल आदि मौजूद रहे।



# शिक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता मुस्लिम सशक्तिकरण की कुंजी: अतहर शम्सी



कैराना। अल कुरआन एकेडमी कैराना के निदेशक मुफ्ती अतहर शम्सी ने शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बताते हुए कहा कि मदरसा शिक्षा को आधुनिक विषयों और कौशल विकास के साथ जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने मुसलमानों से अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों और उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षण संस्थानों की स्थापना पर जोर देने की अपील की। मौलाना अतहर शम्सी ने आगे कहा कि मुस्लिम समुदाय को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करनी होगी, जिससे उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। मुसलमानों को आत्मनिर्भर बनने के लिए कौशल विकास, स्वरोजगार और उद्यमशीलता को बढ़ावा देना होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सरकारी नीतियों पर निर्भर रहने के बजाय, समुदाय को अपने संसाधनों का सामूहिक उपयोग करना चाहिए और आर्थिक रूप से सशक्त बनने की दिशा में काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को अपनी पहचान शिक्षा, चिकित्सा, प्रशासन और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा योगदान देने वाले समुदाय के रूप में बनानी होगी। उन्होंने कुरआन की सूरह रअद (13.17) का हवाला देते हुए कहा कि इस दुनिया में वही व्यक्ति स्थापित होता है, जो लोगों के लिए उपयोगी होता है।

# अपात्रों के प्रमाण पत्र बना रहे हलका लेखपाल

## राष्ट्रीय बजरंग दल ने डीएम से की कार्रवाई की मांग, पात्रों के बनाए जाएं प्रमाण पत्र

**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** राष्ट्रीय बजरंग दल ने हल्का लेखपालों पर अवैध उगाही कर अपात्रों के प्रमाण पत्र बनाए जाने का आरोप लगाते हुए डीएम से कार्रवाई करने की मांग की है। बुधवार को राष्ट्रीय बजरंग दल कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि ऊन तहसील के गांव हरसाना व हथछोया के ग्रामीणों को अपने कार्य के लिए परेशानियों का सामना करना पड रहा है। तहसील स्तर के हल्का लेखपाल द्वारा कोई भी कागजात तैयार करने के लिए पैसों की मांग की जाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि हलका लेखपाल ने साज लेकर कुछ लोगों का तालाब पर अवैध कब्जा भी करा दिया है उक्त तालाब की भूमि पर पहले से ही टंकी का प्रस्ताव व ग्रामीणों के कूडा कचरा डालने के लिए छुडवाया गया था।




हालांकि तालाब की भूमि को कब्जामुक्त करा दिया गया है लेकिन हलका लेखपाल पात्रों के प्रमाण पत्र बनाकर अपात्रों से पैसा लेकर उनके ईडब्लूएस व आय प्रमाण पत्र बना रहे हैं जिससे पात्र ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है। उन्होंने डीएम से लेखपालों के खिलाफ कार्रवाई करने व पात्र लोगों के प्रमाण पत्र बनवाए जाने की मांग की है। इस मौके पर देवीचंद, सुरेन्द्र, प्रदीप, शौर्य गिरी, मंजीत, रजत निर्वाल, सौरभ, आर्यन, दीपक सभासद, अनुज चौहान, सतीश कुमार, अमित, विनोद कुमार आदि भी मौजूद थे।

# स्थानांतरण: राजेन्द्र गिरी बने आदर्श मंडी थाना प्रभारी

### आधा दर्जन थाना प्रभारी व उप निरीक्षकों के किए स्थानांतरण

**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** बुधवार एसपी रामसेवक गौतम ने जनपद की कानून व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त करने के लिए करीब आधा दर्जन थाना प्रभारियों व उप निरीक्षकों का स्थानांतरण किया है। एसपी ने आदर्श मंडी थाना प्रभारी सचिन शर्मा को एएचटीयू थाना प्रभारी बनाया है वहीं राजेन्द्र गिरी को आदर्श मंडी थाना प्रभारी बनाया है। एसपी रामसेवक गौतम ने थाना प्रभारियों के कार्य क्षेत्र में फेरबदल करते हुए एएचटीयू थाना प्रभारी देशराज सिंह को गढीपुख्ता थाना प्रभारी बनाया है, इसके अलावा आदर्श मंडी थानाध्यक्ष सचिन शर्मा को एएचटीयू थाना प्रभारी के पद पर भेजा गया है। अपराध निरीक्षक थानाभवन राजेन्द्र गिरी को आदर्श मंडी थाने का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा थानाध्यक्ष गढीपुख्ता अमरदीप सिंह को पुलिस लाइन भेजा गया है। एसपी ने एसओजी प्रभारी सुदेश कुमार को अपराध शाखा, मनोज कुमार को अपराध शाखा से निरीक्षक अपराध थानाभवन व कुलदीप सिंह को एसओजी प्रभारी बनाया गया है।

### युवक की मौत के मामले में ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

कांधला। सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव खेड़ी करमू निवासी 25 वर्षीय विशाल पुत्र राकेश गत मंगलवार 11 फरवरी की शाम को अपनी बाइक पर सवार होकर दिल्ली जा रहा था। जैसे ही युवक क्षेत्र के गांव भारसी मोड पर पहुंचा तो बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी।वाहन चालक अपने वाहन को लेकर मौके से फरार हो गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है। लगभग एक सप्ताह बाद मृतक युवक के चाचा मुकेश ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसके भतीजे विशाल को स्वराज ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही से चला कर तेज गति से टक्कर मारकर मौत के घाट उतार दिया।

# माधवराव सदाशिव गोलवलकर व छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई

## सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज व बालिका इंटर कालेज में हुआ कार्यक्रम, जीवन पर डाला गया प्रकाश

**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में आरएसएस के द्वितीय सरसंघचालक माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर एवं छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती धूमधाम से मनायी गयी।

शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में बुधवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें आरएसएस के द्वितीय सरसंघचालक माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर एवं छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनायी गयी। उप प्रधानाचार्य मलूक चन्द ने सदाशिवराव गोलवलकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि श्री गुरूजी बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के धनी थे। उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन चरित्र पर प्रकाश ड़ालते हुए उन्हे भारत का महान शासक एंव कुशल रणनीतिकार बताया। उन्होंने हिन्दुओं की राजनैतिक प्रथाओं तथा दरबीरी शिष्टाचारों को पुनर्जीवित करके एक संगठित हिन्दू साम्राज्य की स्थापना की। वे भारतीय हिन्दू साम्राज्य के नायक के रूप में स्मरण किये जाते है। कार्यक्रम का संचालन ब्रजेश कुमार ने किया। इस मौके पर नीटू कुमार, अरविन्द कुमार, अशोक कुमार, सागर कुमार, सुखदेव कुमार, कविन्द्र कुमार, भूरू कुमार, महेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे। वहीं सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज में भी माधव राव सदाशिव राव गोलवलकर जी की जयंती मनायी गयी। प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार ने छात्राओं को छत्रपति शिवाजी के जीवन से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी सिंह के समान वीर, राजनीति में निपुण, शस्त्रों में पारंगत,मातृभूमि से प्रेम करने वाले थे साथ ही माधव राव सदाशिव राव गोलवलकर बहुमुखी प्रतिभा के धनी, प्राणि शास्त्र के ज्ञाता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का दूर-दूर तक प्रचार प्रसार करने वाले सच्चे राष्ट्रभक्त थे।



### सत्यनारायण कालेज में मनाई छत्रपति शिवाजी की जयंती

शामली। बुधवार को श्री सत्यनारायण इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि शिवाजी अपने बाल्यकाल से ही वीर, साहसी और अन्याय के विरूद्ध लड़ने वाले थे। उन्होंने मुगलों के विरूद्ध छापामार युद्ध पद्धति अपनायी और एक एक करके अनेक किलों पर अधिकार कर लिया। उन्होने अपनी वीरता और सूझबूझ से दिल्ली सल्तनत को टक्कर दी। उनकी माता उन्हे बचपन से ही रामायण और महाभारत की कहानियां सुनाती थी, जिससे उनमे हिन्दु धर्म के संस्कार विकसित हुए। सतीश आत्रेय और महेश नारायण गौड़ ने भी शिवाजी महाराज के चरित्र पर प्रकाश डाला। मंच का संचालन स्काउट प्रभारी अनिल कुमार कश्यप ने किया। इस अवसर पर घनश्याम सारस्वत, विजेन्द्र गौतम, साकेत निर्वाल मौजूद रहे।

# गन्ना भुगतान को लेकर कैडी में किसानों की पंचायत

## सरकार द्वारा गन्ना मूल्य न बढाए जाने पर भी जताया गया आक्रोश

**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** थानाभवन के बजाज शुगर मिल द्वारा किसानों के बकाया गन्ना भुगतान करने पर बुधवार को बाबरी क्षेत्र के गांव कैडी में किसानों की पंचायत का आयोजन किया गया जिसमें किसानों ने मिल द्वारा भुगतान न करने व सरकार द्वारा गन्ना मूल्य न बढाए जाने पर भी रोष जताया।

बुधवार को थाना बाबरी क्षेत्र के गांव कैड़ी मे ठाकुर हरेंद्र सिंह राणा के आवास पर संयुक्त किसान संघर्ष समिति के तत्वाधान मे बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ठाकुर सुरेन्द्र सिंह उर्फ. लाल्ला तथा संचालन ठाकुर धीरज सिंह द्वारा किया गया। ठाकुर सुरेन्द्र सिंह उर्फ.लाल्ला द्वारा गन्ना भुगतान के बारे मे प्रदेश सरकार पर तंज कसतें हुए कहा कि इस वर्ष गन्ना मूल्य 400 रुपए प्रति कुंतल होने कि उम्मीद थीं जो राज्य सरकार द्वारा नहीं किया गया। बैठक के अध्यक्ष ठाकुर सुरेन्द्र सिंह द्वारा राज्य सरकार को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि इस वर्ष गन्ना मूल्य नहीं बढ़ाया गया लेकिन उर्वरक व दवाइंया महंगी होने के कारण किसान को मुनाफा नहीं हों रहा है। बाबरी के गांव कैड़ी मे बुधवार को हुई बैठक के दौरान अध्यक्ष ठाकुर सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि बुधवार को संयुक्त किसान संघर्ष समिति थानाभवन के एक प्रतिनिधिमंडल ने किसान दिवस में डीएम से भेंट की तथा उनके समक्ष बकाया गन्ना का भुगतान न होने पर आक्रोश जताया। डीएम ने इस मामले में 28 फरवरी तक समाधान करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि बकाया गन्ना भुगतान न हुआ तो किसान संघर्ष समिति थानाभवन मिल पर धरना प्रदर्शन शुरू कर देगी।

## युवा नेत्री उपासना मरांडी की मौजूदगी में उन्नति के

# पहिया के तहत छात्र- छात्राओं को दी गई साइकिल

**एनपीटी ब्यूरो**

झारखण्ड सरकार के कल्याण विभाग द्वारा महत्वपूर्ण योजना उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत बुधवार को पाकुड़िया प्रखण्ड के प्लस टू हाई स्कूल परिसर में सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले आठवीं कक्षा के छात्र- छात्राओं के बीच महेशपुर विधायक प्रो.स्टीफन मरांडी के पुत्री सह- युवा नेत्री उपासना मरांडी, बीडीओ सह- अंचलाधिकारी सोमनाथ बनर्जी, झामुमो संयोजक सदस्य मोतीलाल हांसदा, थाना प्रभारी अमित सिँह , उप प्रमुख , प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, पंचायत समिति सदस्य? द्वारा? साइकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक उपासना



मरांडी ने उपस्थित छात्र- छात्राओं के साथ अभिभावक को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार में विकास की आयाम स्थापित हुआ है, लगातार क्षेत्र वासियों को सीधे तौर पर लाभ देने का काम किया जा रहा है, साइकिल मिलने से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले छात्रों? को अब आने जाने में कोई परेशानी नहीं उठानी होगी, बच्चे मन लगाकर पढ़ें, यही झारखण्ड सरकार का सोच है।

प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने कहा इससे बच्चे उत्साहित होंगे तथा शिक्षण कार्य में सुधार होगा। ड्रॉप आउट बच्चों की संख्या में कमी आएगी एवं नियमित रूप से विद्यालय आने को प्रेरित होंगे। वही मोतीलाल हांसदा ने कहा आगे छात्रों से अच्छी शिक्षा ग्रहण कर क्षेत्र का नाम रोशन करने की बात कही। छात्र-छात्राओं को शुभकामना देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना किया। मौके पर झामुमो संयोजक सदस्य मईनुद्दीन अंसारी, खुरशेद आलम, छोटू भगत, विश्वजीत दास, मंटू भगत सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पलामू डीसी ने सीओ समेत प्रभारी सीआई व उप निरीक्षक पर लगाया जुमार्ना

**एनपीटी ब्यूरो**

पलामू जिला में जमीन मामले में लापरवाही पर बड़ा एक्शन हुआ है। जमीन के दाखिल खारिज को लेकर ढुलमूल रवैये पर सीओ सहित तीन अधिकारियों पर गाज गिरी है। पलामू डीसी शशिरंजन ने दाखिल खारिज के पेंडिंग मामलों पर नाराजगी जताते हुए अंचलाधिकारी समेत तीन पर 65-65 हजार रुपए जुमार्ना लगाया है। जुमार्ना की राशि अंचल अधिकारी समेत तीन कर्मियों के वेतन से वसूला जायेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह कारवाई पलामू के नीलांबर पीतांबरपुर के अंचल अधिकारी सुनील कुमार सिंह, राजस्व उप निरीक्षक रितेश रंजन तिवारी एवं प्रभारी सीआई महेंद्र राम के खिलाफ हुई है। दरअसल 8 फरवरी 2025 को हुई बैठक में अपर समाहर्ता ने दाखिल खारिज




को लेकर चेतावनी भी जारी की थी। अधिकारियों पर आरोप है कि इनलोगों ने आवेदनों का सही समय पर निराकरण नहीं किया। अंचल क्षेत्र में 62 नामांतरण करने के निर्धारित समय गुजर गया था, जबकि 30 दिनों में दाखिल खारिज करने का नियम है। वही आपत्ति मामले में 90 दिनों में दाखिल खारिज से जुड़े नामांतरण के मामले का निष्पादन करना होता है। 21 दिसंबर 2024 को पलामू के अपर समाहर्ता ने अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया था। इसी निरीक्षण में उन्होंने दाखिल खारिज से जुड़े मामलों का ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया था। चेतावनी के बावजूद 62 दाखिल खारिज के मामलों का निष्पादन समय पर नहीं किया गया। जिसके बाद पलामू डीसी शशि रंजन ने कारवाई करते हुए सभी पर जुमार्ना लगाया है। जुमार्ना की राशि को वेतन से काटकर कोषागार में जमा किया जायेगा। डीसी की इस कार्रवाई के बाद अधिकारियों में हड़कंप है।

## फाइलेरिया उन्मूलन के ध्यानार्थ दवा सेवन कराने को ले एसडीओ ने विभिन्न धर्म सम्प्रदाय एवं जनप्रतिनिधियों के साथ किया बैठक



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ जिले के हिरणपुर प्रखण्ड सभागार में फाइलेरिया उन्मूलन हेतु एमडीए अभियान के तहत सभी धर्म, वर्ग, सम्प्रदाय के प्रतिनिधियों,जनप्रतिनिधयों के साथ प्रशासनिक अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि के साथ बैठक किया गया।बैठक में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी टुडू दिलीप ने हाथीपांव बीमारी की रोकथाम तथा सुनियोजित तरीके से लोगों में दवा का सेवन कराने को लेकर कार्ययोजना की जानकारी दी। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुनील सिंह ने पीपीटी के माध्यम से फाइलेरिया के प्रसार एवं रोकथाम तथा दवा सेवन की प्रक्रिया को विस्तार पूर्वक बतायाअंचलाधिकारी मनोज कुमार पंडित ने सभी सम्प्रदाय के लोगों से सहयोग की अपील किया। बैठक में जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक कुमार भगत एवं अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी ने संयुक्त रूप से सभी उपस्थित लोगों को एकजुट होकर हाथीपांव जैसी बीमारी से लड़ने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।

## वित्तीय वर्ष 2025- 26 के ध्यानार्थ विकास कार्यों की प्लानिंग को ले की गई बैठक

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ प्रखण्ड सभागार में चन्दनामाल पहाड़िया, प्रमुख, प्रखण्ड पाकुड़ की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2025- 26 विकास योजनाओं की प्लानिंग को ले यानी पंचायत समिति विकास योजना के निर्माण हेतु पंचायत समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान उपस्थित सभी पंचायत समिति के सदस्यों से उनके पंचायत की विकास से सम्बन्धित प्लानिंग को ले के महत्वपूर्ण अवयवों को सूचीबद्ध किया जो की 2025- 26 के लिए कार्य योजना की रूपरेखा होगी। वही बैठक के दौरान प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने वर्तमान कार्य योजनाओं की स्थिति और 2025- 26 को ले विकास प्लानिंग की महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी प्रकाश डाला। वही बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु पंचायत समिति को उपलब्ध राशि के बारे पृच्छा किये जाने पर पंचायती राज के प्रखण्ड समन्वयक आनंद प्रकाश द्वारा सदन को बताया गया कि 15



वें वित्त आयोग मद अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में योजना निर्माण हेतु लगभग 2,02,87,490 (दो करोड़ दो लाख सतासी हजार चार सौ नब्बे) रुपए अनुदान मद में प्राप्त होने वाले हैं, जिसमें नियमानुसार आबद्ध एवं अनाबद्ध मद में योजनाओं का क्रियान्वयन कराया जाना है। सदन द्वारा प्रशासनिक एवं आकस्मिक योजनाओं के लिए राशि के कटौती के पश्चात लगभग 1,63,00,000,00 (एक करोड़ तिरसठ लाख) रुपए के कार्य योजना की स्वीकृति दी गई। जिसे 28 फरवरी तक पोर्टल पर अपलोड कर फ्रीज करने का निदेश दिया गया। बैठक को आगे बढ़ाते हुए स्वास्थ्य,आपूर्ति, शिक्षा,विद्यार्थियों की समस्या, आवास योजनाओं की समीक्षा की गई । प्रत्येक बिंदु पर विस्तृत चर्चा करते हुए हर क्षेत्र में प्रत्येक विभाग की आम जनता की कितनी भागीदारी है और कितनी लाभ आम जनता को मिलनी चाहिए, सबके महत्त्व को बताया गया। उक्त बैठक में सांसद प्रतिनिधि श्याम यादव, विधायक प्रतिनिधि गुलाम अहमद , प्रखण्ड विकास पदाधिकारी समीर अल्फ्रेड मुर्मू , प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी सुकुमार ठाकुर , प्रखण्ड समन्वयक , पंचायत राज स्वशासन परिषद के आनंद प्रकाश, उप प्रमुख हैदर अली के अलावे बीपीओ अजीत कुमार टुडू, शेख सैफुद्दीन , हजरात अली, सद्दाम हुसैन अन्य सहित लगभग सभी समिति सदस्य एवं विभिन्न विभागों के प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# डीसी ने आरसेटी में कार्य प्रगति की किया समीक्षा



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ डीसी मनीष कुमार ने आरसेटी अन्तर्गत संचालित योजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा किया। इस दौरान बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024- 25 में आरसेटी में लाभुकों का प्रशिक्षण का लक्ष्य 1050 है, जिसमें 795 का प्रशिक्षण कंपलीट कर लिया गया है। उपायुक्त ने शेष 255 लाभुकों को जेएसएलपीएस द्वारा चयन कर आरसेटी पाकुड़ में 24 मार्च 2025 तक शत- प्रतिशत प्रशिक्षण पूर्ण कराने का निर्देश दिया। साथ ही प्रशिक्षण के अन्तिम दिन ऋण प्रदान करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके लिए आरसेटी में एक बैंक सखी की नियुक्ति जेएसएलपीएस द्वारा किया जायेगा। जेएसएलपीएस पशुपालन, कृषि, मत्स्य, वानिकी, नाबार्ड, लैम्प्स, भूमि संरक्षण विभाग को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रशिक्षण हेतु लाभुकों को दिये गये लक्ष्य के अनुरूप आरसेटी पाकुड़ में भेजना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही कारा विभाग पाकुड़ को निर्देश दिया गया कि 60 जेल कैदियों की बीपीएल सूची आरसेटी पाकुड़ को फरवरी माह तक उपलब्ध कराये, ताकि मार्च में उनका प्रशिक्षण सम्पन्न किया जा सके। इसके अलावे उपायुक्त ने जानकारी ली कि अभी तक जितने लोगों को प्रशिक्षित किया गया है, इसमें से कितने लोगों को कृषि लोन एवं सरकारी योजनाओं से आच्छादित किया गया है। इसका प्रतिवेदन जल्द से जल्द उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

# डीसी ने की डीएलसीसी एवं डीसीसी की बैठक

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय परामर्श दात्री एवं जिला स्तरीय साख समिति की बैठक हुई। समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में उपायुक्त ने किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना, सुरक्षा बीमा योजना जीवन ज्योति योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान जिले के सभी बैंक प्रबंधकों को संबोधित करते हुए डीसी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में बैंक की भूमिका काफी महत्वपूर्ण।



उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों को मिले इसके लिए प्रशासन के साथ-साथ बैंक को भी सक्रिय होकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि योजनाओं के संचालन में लापरवाही नहीं बरतें निर्धारित लक्ष्य को समय पूरा करें। इसके अलावा डीसी ने क्रेडिट कार्ड की समीक्षा की। समीक्षा क्रम में विभिन्न बैंकों में लंबित केसीसी आवेदन को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिया। उन्होंने डीडीएम नाबार्ड एवं एलडीएम को निर्देश दिया कि आपस में समन्वय स्थापित कर लंबित आवेदनो को निष्पादित करें। वार्षिक साख योजना समीक्षा के क्रम में बताया गया कि वितीय वर्ष 2024-25 का लक्ष्य 1200 करोड़ है। तृतीय तिमाही में 763 करोड़ प्राप्त किया गया है जो की प्रतिशत 63.59% है एवं सीडी रेशिओ 48.56 प्रतिशत है। मौके पर परियोजना निदेशक आईटीडीए अरूण कुमार एक्का, भूमि सुधार उप समाहर्ता मनीष कुमार,भारतीय रिजर्व बैंक के प्रबन्धक, डीडीएम नाबार्ड प्रेम कुमार, एलडीएम श्री धनेश्वर बेसरा, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस समेत विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक उपस्थित थे।

# लंबित नीलाम पत्र वादों का तेजी से करे निबटारा- डीसी



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में जिले के विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधकों के साथ बैठक की गई। उपायुक्त ने नीलाम-पत्र वाद से सम्बन्धित मामलों पर नीलाम- पत्र पदाधिकारी के साथ सम्पर्क स्थापित कर मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया बड़े बकायेदारों को चिन्हित कर संबंधित मामलों की नियमित सुनवाई करे तथा प्राथमिकता के आधार पर प्रतिमाह अधिक से अधिक मामलों में ऋण वसूली की कार्रवाई करें। सभी जिलास्तरीय नीलाम पत्र पदाधिकारियों को निर्गत वारंट, प्राप्त आपत्तियों, नोटिस तामिला हेतु लंबित मामलों आदि के सम्बन्ध में भी अविलंब आवश्यक कारवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक में परियोजना निदेशक, आईटीडीए अरूण कुमार एक्का, जिला निलाम पत्र पदाधिकारी सह- भूमि सुधार उप समाहर्ता मनीष कुमार, एलडीएम, डीडीएम नाबार्ड, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी सहित विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक मौजूद थे।

# पलामू डीसी ने की बड़ी कारवाई, अधिकारी कर्मचारी का बंद किया वेतन

**एनपीटी ब्यूरो**

पलामू जिले के डीसी शशि रंजन के एक आदेश ने राज्य भर में खलबली मचा दी है। उनके एक आदेश से जिले के करीब 500 अधिकारी कर्मचारी का वेतन बंद कर दिया गया है। गौर करने वाली बात ये भी है कि स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी लगातार कहते नजर आ रहे है कि डॉक्टर को बायोमेट्रिक अटेंडेंस से छूट दी जायेगी, उसके वावजूद ये कारवाई की गई। कहा जा रहा है कि साहब को इतना गुस्सा आया कि एक साथ करीब पांच सौ अफसरों और कर्मचारियों के वेतन पर रोक लगा दी है। ऐसा उन्होंने जिले की जनता की ओर से लगातार मिल रही शिकायत के बाद किया है। आपको बताते चले कि यह पूरा मामला पलामू जिले का है। डीसी शशि रंजन ने शिकायत के बाद बड़ी कारवाई करते हुए करीब 150 डॉक्टरों, एक दर्जन से अधिक बीडीओ और सीओ समेत करीब 500 बाबुओं का वेतन रोकने का आदेश दिया है। डीसी की ओर से यह कारवाई कर्मचारियों की ओर से बरती गई अनुशासनहीनता के कारण की गई है। जिले के डीसी शशि रंजन ने आदेश दिया था कि अधिकारी और कर्मचारी समय पर कार्यालय में पहुंचें, कार्यालय में सुबह 10:40 तक और शाम पांच बजे कार्यालय से निकलने के समय भी बॉयोमेट्रिक अटेंडेंस बनाना अनिवार्य है। बॉयोमेट्रिक उपस्थिति के आधार पर ही वेतन निर्गत किया जायेगा। बॉयोमेट्रिक अटेंडेंस शीट के साथ ही कोषागार में बिल प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। इसका अनुपालन करने का निर्देश कोषागार पदाधिकारी को दिया था। इस आदेश के बाद पलामू के विभिन्न सरकारी कार्यालयों के 50 डॉक्टर, 20 मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर, 16 अधीक्षक कार्यालय के तहत कार्यरत डॉक्टर और 63 सीनियर व जूनियर रेजिडेंट्स का वेतन भी रोका गया है। इसके अलावे इन सभी कार्यालयों में कार्यरत ढाई सौ से अधिक एएनएम, जीएनएम, लैब असिस्टेंट, फार्मासिस्ट समेत अन्य कर्मचारियों का वेतन भी रोका गया है। बताया गया कि पशुपालन विभाग, इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के वेतन पर भी रोक लगाई गई है। इसमें कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता शामिल है। वेतन की प्रक्रिया भी केवल बायोमेट्रिक के आधार पर की जानी थी। लेकिन जब जांच की गई तो इसमें काफी खामियां मिली। इसके अलावे डीसी को लगातार जनता की ओर से शिकायत मिल रही थी कि कुछ अधिकारी और डॉक्टर समय का भी ख्याल नहीं रख रहे हैं, इन शिकायतों पर डीसी की ओर से लगातार नजर रखी जा रही थी।

## राशन कार्डधारी की ई-केवाईसी कराने का मियाद 28 फरवरी, अवधि बढ़ाने पर हो सकती विचार

**एनपीटी ब्यूरो**

झारखण्ड में राशन कार्डधारियों के लिए सिर्फ 9 दिन का समय बचा है। अगर उन्होंने केवाईसी नहीं कराया, तो उन्हें राशन नहीं मिलेगा। राज्य सरकार ने 28 फरवरी तक का अवधि रखा। प्रदेश में ई-केवाईसी कराने का अन्तिम समय- अवधि 28 फरवरी 2025 रखी गयी है। निर्देश के मुताबिक राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पीएच (गुलाबी कार्ड), एएवाई (पिला कार्ड) के साथ राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत संचालित हरा एवं अन्य राशन कार्डधारी परिवारों के सभी सदस्यों का ई-केवाईसी किया जाना अनिवार्य है। जानकारी के मुताबिक प्रदेश में 11 लाख 64 हजार 649 राशन कार्ड धारकों का अब तक केवाईसी नहीं हुआ है। स्वाभाविक है अगर उन्होंने प्रक्रिया पूरी नहीं की, तो उनका राशन कार्ड से नाम कट जायेगा। साथ ही राशन कार्ड को लेकर मिल रही तमाम सुविधाएं भी बंद हो जायेगी। सरकार द्वारा ई-केवाईसी का अन्तिम तारीख की बात करे तो सिर्फ 9 दिन का शेष बचा है। ऐसे में 11 लाख से ज्यादा हितग्राहियों का केवाईसी इतने कम दिनों में होना सम्भव नहीं दिख रहा है। ऐसे में सरकार को शायद समय बढ़ाने पर विचार करना पड़ सकता है। इधर हितग्राहियों के लिए मुश्किल ये है कि अगर उन्होंने ई-केवाईसी निर्धारित समय पर नहीं कराया तो तमाम सुविधाओं से उन्हें हाथ धोना पड़ जायेगा। पूरे झारखण्ड में 68 लाख 21 हजार 60 राशन कार्डधारी हैं, जिसमें से जिसमें 56 लाख 56 हजार 411 कार्डधारियों का ई-केवाईसी सम्पन्न हो गया है, जबकि 11 लाख 64 हजार 649 राशन कार्डधारी ई-केवाईसी से वंचित है। हालांकि इसके पीछे की वजह से कहीं सर्वर धीमा तो कहीं नेटवर्क की समस्या भी है।

आधार से नाम लिंक नहीं होने और अंगूठा का काम नहीं करना भी बाधा बन रहा है। ऐसे में सरकार को शायद तारीख/अवधि आगे बढ़ाने पर विचार करना पड़ सकता है।

# शिवाजी महाराज की वीरता को दशार्ते हुए विचारोत्तेजक नाटक का प्रदर्शन किया

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

हापुड़। पिलखुवा स्थित जीएस विश्वविद्यालय ने छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती को बड़े ही उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम में छात्रों ने एक आकर्षक मराठी नृत्य प्रदर्शन के माध्यम से अपनी सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित किया। इसके बाद छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन और वीरता को दशार्ने वाले अनेक विचारोत्तेजक नाटक का प्रदर्शन किया गया। विष्वविद्यालय के कुलपति डॉ0 यतीश अग्रवाल ने बताया कि जीएस विश्वविद्यालय महान नेताओं जैसे



छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन का स्मरण करके सांस्कृतिक मूल्यों को संरक्षित और बढ़ावा देने के लिए समर्पित है, जिससे छात्रों को साहस, नेतृत्व और देशभक्ति का प्रतीक बनने के लिए प्रेरित किया जा सके। डीन प्रदीप गर्ग ने शिवाजी महाराज की अदम्य आत्मा, दूरदर्शी नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को उजागर किया। कार्यक्रम का समन्वय एक समर्पित छात्र टीम द्वारा किया गया जिसमें निखिल, आयुषबद, आदेश, पार्थ, अक्षत उपाध्याय, तानिष्क बागडे, श्लोक नागरकर, और निघांत केदार शिंदे शामिल थे जिन्होंने कार्यक्रम के निर्बाध निष्पादन को सुनिश्चित किया।

कार्यक्रम में जीएस मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेंद्र कुमार, उप निदेशक अंकित विझ, मनोज शिशौदिया, रजिस्ट्रार सुमित सिंह, शिव नंनद सिंह, समस्त विभागाध्यक्ष व सभी गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## जनमानस की आवाज दबाने और अधिवक्ताओं को कमजोर करने के लिये यह बिल लाया जा रहा है : अनिल आजाद

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

हापुड़। समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला प्रवक्ता अनिल आजाद एडवोकेट ने अधिवक्ता संशोधन बिल खारिज करने की मांग को लेकर राष्ट्रपति को पत्र लिखा।

वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल आजाद ने पत्र लिखकर बताया कि भारत सरकार लगातार सविधान की मूल भवनाओं और जनमानस के अधिकारों को दबाने के लिये कार्य कर रही है। अधिवक्ताओं को कमजोर करने के लिये विधि मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 लाया जा रहा है जिसे किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जाएगा। अधिवक्ता ही सरकार के गलत कार्यों का विरोध करते हुए जनमानस की आवाज को सड़को से उच्चतम न्यायालय तक उठता



है। तथा जनमानस को न्याय दिलाता है। यही बात वर्तमान सरकार के चाटुकारों को नागवार गुजर रही है। जनमानस की आवाज को दबाने के लिये अधिवक्ताओं को कमजोर करने के लिये यह बिल लाया जा रहा है। जिसकी अधिवक्ता समाज निन्दा करता है। अधिवक्ता भारत का एक मजबूत स्तम्भ होने के साथ न्याय व्यवस्था की मजबूत कड़ी है। अधिवक्ता आम जनमानस के अधिकारों की रक्षा के लिये ही तानाशाहो से नोकझोंक करता है और हडताल कर कोर्ट का बहिष्कार करता है। ओर संविधान द्वारा प्रदत अधिवक्ताओं की आजादी के अधिकार के तहत करता है जिसे सरकार संशोधन बिल की आड़ में छीनना चाहती है जिसे तत्काल रोककर सरकार को आदेश दिया जाए कि वह अधिवक्ता हित में अधिवक्ताओं के प्रोटेक्शन मेडिकल इंश्योरेंस अधिवक्ता की मृत्यु उपरांत उनके परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने के लिए कार्य करे सरकार के दमनकारी प्रस्तावित संशोधन बिल के विरोध में हापुड़ के अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत है समाजवादी पार्टी हापुड़ भी अधिवक्ताओं का समर्थन करते हुए मांग करती है कि इस जन्म विरोधी दमनकारी प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन बिल को खारिज कराया जाए।

## केंद्रीय बजट : 12 लाख रुपए तक की आय पर नहीं लगेगा टैक्स, कृषि और ग्रामीण विकास को भी मिला बढ़ावा - विकास अग्रवाल

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

हापुड़। प्रीत विहार स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर केंद्र सरकार के बजट को लेकर पत्रकार वार्ता व संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

भाजपा क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल ने पत्रकारों व कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार का यह बजट वित्तीय वर्ष 2025-26 का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट की विशेषता यह है कि इस बजट में युवाओं, महिलाओ, गरीब एवं किसानों के हितों को ध्यान में रखकर के पेश किया गया है। जिससे मध्यम वर्ग को बड़ी राहत मिली है। 12 लाख रुपए तक के आए पर अब कोई आयकर नहीं लगेगा तथा कृषि और ग्रामीण विकास को भी इसमें बढ़ावा मिला है। संशोधित ब्याज अनुदान





योजना के तहत किसान क्रेडिट कार्ड की ऋण की सीमा को अब 3 लाख से बढ़कर 5 लाख कर दिया गया है। एमएसएमई में भी बड़े-बड़े लोन का प्रावधान कर दिया गया है और बीमा के क्षेत्र में यदि बात करें तो एफडीआई की सीमा 74 प्रतिशत से बढ़कर सौ प्रतिशत कर दी गई है। इस पूरे बजट पर अगर देखें तो यह बजट सभी वर्गों के लिए लाभप्रद है। इससे भारत की अर्थव्यवस्था को और मजबूती मिलेगी।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष नरेश तोमर, जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नगर, गढ़ पालिका अध्यक्ष राकेश बजरंगी, जिला महामंत्री प्रफुल्ल सारस्वत, राजीव सिरोही, पुनीत गोयल, मोहन सिंह, श्यामेंद्र त्यागी, जिनेंद्र चौधरी, अंशुल मित्तल, विक्रांत शर्मा, अनिरुद्ध कस्तला, जय भगवान शर्मा, तेजवीर सिंह, नीलम तेवतिया, मालती भारती, राजीव शर्मा, पिंकी त्यागी, दीपक भाटी, शैलेंद्र राणावत, पवन सैनी व जिला मीडिया प्रभारी सुयश वशिष्ठ समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद मौजूद रहे।

## : चोरी की मोटरसाइकिल के साथ चोर गिरफ्तार



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

हापुड़। पिलखुवा पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल सहित एक आरोपी को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक रघुराज सिंह ने बताया कि थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा कोतवाली क्षेत्र के रामलीला मैदान से एक आरोपी आदित्य उर्फ हैप्पी निवासी मोहल्ला खटीकान पिलखुवा को एक चोरी की मोटरसाइकिल व चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी आदित्य के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही कर जेल भेज दिया है।

## बोर्ड बैठक में महिला सभासदों को आगे बैठने की हो उचित व्यवस्था : विकास दयाल

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

हापुड़। बुधवार को नगर पालिका परिषद में हुई बोर्ड बैठक के दौरान महिला सभासदों के लिए सम्मान में विकास दयाल सभासद द्वारा सदन की कार्रवाई में आवाज उठाई गई। इस दौरान सभासद विकास दयाल ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को महिला सभासदों के सम्मान में उचित बैठने की व्यवस्था को लेकर पत्र सौंपा गया।

सभासद सुनीता वर्मा ने बताया कि नगर पालिका परिषद हापुड़ की बोर्ड बैठक 15 फरवरी को सदन की



कार्रवाई के दौरान महिला सभासदों को आगे बैठने की कोई व्यवस्था न होने से बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता था। जिस कारण महिला सभासद अपनी बात सही तरह से कह नहीं पाती है। इस समस्या को लेकर बेहद चिंतित होते हुए सभासद विकास दयाल ने नगर पालिका परिषद द्वारा महिला सभासदों के सम्मान में अपनी सीट पर आगे की तरफ महिला सभासदों को बैठने का प्रस्ताव खुद ओर उनके साथी पीछे जाने की बात सदन में रखने से और सदन के एकमत होकर समर्थन करने से सम्माननीय कार्य महिला सभासदों के लिए किया गया है। जिसका समर्थन सभासद मुकेश कोरी, रुद्राक्ष त्यागी, नितिन पाराशर, नदीम जड़ोंदिया आदि सभासदों ने करते हुए अपनी सीट छोड़ने का निर्णय लेकर महिला सभासद साथियों को आगे बैठने का निवेदन किया।

इस मौके पर सभासद विकास दयाल ने साथी सभासदों द्वारा महिला सभासदों के सम्मान को देखकर साथी सभासदो का धन्यवाद करते हुए भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि सदन के दौरान महिला सम्मान में आगे सीट न छोड़ने वाले वरिष्ठ सभासद साथियों से अपेक्षा थी कि वह हमारा समर्थन महिला सम्मान में करेंगे पर वह सम्मान देने में विफल नजर आए जो बेहद चिंता की बात है।

## समाजवादी PDA पंचायत का आयोजन



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के दिशा निर्देशन में चल रही समाजवादी PDA पंचायत* का आयोजन जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन की अध्यक्षता और राष्ट्रीय सचिव रमेश प्रजापति के नेतृत्व में कद्राबाद मोदीनगर में आयोजित की गई जिसका सचालन शहर अध्यक्ष सचिन दीक्षित के द्वारा किया गया इस अवसर पर जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन के द्वारा पंचायत को संबोधित करते हुए कहां कि ढऊअ उत्तर प्रदेश का ही नहीं पूरे देश का आंदोलन बन चुका है हमारा उद्देश्य है कि पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक आदिवासी आदि आबादी पिछड़ा स्वर्ण को उसका पूरा हक और सम्मान मिले इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव रमेश प्रजापति ने शिक्षा रोजगार सुरक्षा और सामाजिक न्याय को लेकर चर्चा करी इस अवसर पर प्रदेश सचिव कालूराम धामा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्रवण त्यागी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र त्यागी जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा जिला सचिव प्रवीण पजापति सभासद प्रदीप शर्मा विधानसभा अध्यक्ष दवव्रत धामा विधानसभा महासचिव उत्तम त्यागी शहर उपाध्यक्ष सुनील शर्मा शहर सचिव ऋषि शर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष महिला सभा कमलेश चौधरी पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुनील शर्मा पूर्व शहर अध्यक्ष मनीष बंसल राजेश जटव दुलीचंद प्रजापति रङ वर्मा कर्मवीर प्रधान आरिफ आदि सभी लोगों ने PDA पंचायत को लेकर अपने विचार रखें इस अवसर पर सैकड़ो लोग उपस्थित थे\

## महाकुंभ : स्टेशन पर दिन रात भीड़... स्थिति को काबू करने में छूट रहे पसीने

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

गाजियाबाद। मंगलवार को भी सुबह से लेकर रात तक 50 से ज्यादा लोकल और एक्सप्रेस ट्रेनें अपने निर्धारित समय से 20 घंटे तक देरी से चलीं। इससे यात्रियों की भीड़ स्टेशन पर एकत्र हो गई। एक्सप्रेस की बात दूर, लोकल ट्रेनों में चढ़ने के लिए भी मारामारी देखने को मिली। हालत यह रही कि जो रस्सी आरपीएफ ने प्लेटफार्म पर बांधी थी, उसको लांघकर लोग ट्रेन की ओर दौड़ लगाते रहे। व्यवस्था को बनाने में आरपीएफ, जीआरपी के जवानों की सांस फूली रही। आरपीएफ के निरीक्षक यशवंत सलूजा ने बताया कि व्यवस्था को बनाने के लिए जवानों की संख्या बढ़ाई गई है।

**-प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों को समय से चलाने का प्रयास** : नॉर्दर्न रेलवे के सीपीआरओ हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों में सबसे ज्यादा भीड़ और मारामारी है।



इसलिए इन ट्रेनों को समय से चलाने का विशेष प्रयास है। इसके लिए कुछ दिन के लिए मुरादाबाद मंडल की छह पैसेंजर ट्रेनों को भी रद्द करने का निर्णय लिया गया है, ताकि ट्रैक खाली मिलेगा तो ट्रेनें समय से गंतव्य तक पहुंचेगी। इसके अलावा आरपीएफ जीआरपी से भी समन्वय कर स्टेशनों पर व्यवस्था को काबू किया जा रहा है।

**-दो घंटे देरी से आई रक्सौल सद्भावना-** गाजियाबाद। मंगलवार शाम को रक्सौल सद्भावना अपने निर्धारित समय से दो घंटे देरी से गाजियाबाद स्टेशन पर पहुंची। इसको यहां शाम को 5:04 पर पहुंचना था, लेकिन यह यहां 7:04 बजे पहुंची। अवध असम एक्सप्रेस पांच घंटे, गोमती एक्सप्रेस छह घंटे, दिल्ली सहारनपुर पैसेंजर आधा घंटे, दिल्ली गाजियाबाद ईएमयू 35 मिनट, गाजीपुर सिटी सुहेलदेव एक्सप्रेस एक घंटे, टूंडला गाजियाबाद ईएमयू 50 मिनट, दिल्ली अलीगढ़ ईएमयू सवा घंटे, बिकानेर स्पेशल महाकुंभ 20 घंटे, नई दिल्ली इंटरसिटी 11 घंटे, मेरठ छावनी पैसेंजर दो घंटे, कलिंगा उत्कल नौ घंटे, ऊंचाहार एक्सप्रेस डेढ़ घंटे, आनंदविहार टर्मिनल विशेष पौने तीन घंटे, जम्मू तवी एक्सप्रेस साढ़े छह घंटे, सिक्किम महानंदा एक्सप्रेस सवा सात घंटे, आम्रपाली दो घंटे देरी से गाजियाबाद पहुंची। इसके बारे में नॉर्दर्न रेलवे के सीपीआरओ हिमांशु शेखर ने बताया कि ट्रेनों को समय से चलाने के लिए रेलवे प्रबंधन गंभीर है।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

## आठ साल पहले भूमि खरीदकर बना लिया मकान, नहीं लगी किसी को भनक

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

गाजियाबाद। पाई-पाई जोड़कर आठ साल पहले जब भूमि खरीदी थी, तो नहीं पता था कि यह निगम की जमीन है। यहां मकान भी बनवा लिया, बिजली कनेक्शन भी मिल गया। लेकिन उसके बाद भी कोई अधिकारी या कर्मचारी यहां झांकने तक नहीं आया। कल महापौर निरीक्षण के लिए आईं तब पता चला कि यह भूमि नगर निगम की है। अब डर सता रहा है कि आगे क्या होगा, कहां जाएंगे और कैसे रहेंगे? यह कहना है नंदग्राम के मरियम नगर निवासी राकेश का।

सोमवार को महापौर सुनीता दयाल ने नंदग्राम का निरीक्षण किया, जहां 100 बीघे से अधिक भूमि पर भूमाफियाओं ने कब्जा कर लिया है। कुछ पर प्लाट काटकर लोगों को बेच भी दिया है। इस भूमि पर कई मकान बन गए हैं। नंदग्राम के मरियम नगर, साईं इन्क्लेव, ओम नगर समेत आसपास के कई इलाकों में निगम की भूमि पर कब्जा करके बेचा गया है। पूरे भूमि की कीमत 500 करोड़ रुपये से अधिक है।

**नौ भूमाफियाओं को किया चिह्नित** : जांच के दौरान मकान बनवाने वाले लोगों से पूछताछ के दौरान नौ भूमाफियाओं के नाम सामने आए।




इनमें धोखाधड़ी से निगम की जमीन बेचने वाले मुकेश त्यागी, नवीन त्यागी, विकास त्यागी, अवधेश त्यागी, नंदू त्यागी, विनोद त्यागी, आरडी त्यागी, शिव कुमार त्यागी, धर्मपाल प्रजापति पर एफआईआर दर्ज कराने के आदेश दिए। इसके अलावा उन्होंने जांच के बाद निगम की भूमि को खाली कराने के लिए भी कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

**- बन चुके हैं लगभग 150 मकान** : नंदग्राम, ओमनगर, मरियम नगर, साईं इन्क्लेव समेत अन्य स्थानों पर निगम की भूमि हैं। इसमें निगम की खसरा नंबर 207, 208, 172, 142, 167, 98, 95, 1082, 87, 88, 113, 117, 60 व 74 की अधिकांश भूमि पर प्लाट काटकर बेच दिया था। इस भूमि पर 150 से अधिक मकान भी बन गए हैं। कुछ भूमि खाली भी पड़ी थी, इसमें उन्होंने सब्जी उगा रखी थी। कुछ भूमि को खेती के लिए किराये पर दे दिया गया था।

-- मिल गया बिजली कनेक्शन भी : बिना जांच के निगम की भूमि पर बने मकान को बिजली का कनेक्शन भी दे दिया था। अब सवाल यह है कि बिना जांच और नक्शा के इनको बिजली का कनेक्शन कैसे दे दिया गया। कुछ भवनों का नक्शा पास भी है, तो सवाल यह उठता है कि क्या जांच के दौरान जीडीए के अधिकारियों को भी नहीं पता चला की भूमि नगर निगम की है।

**कई अन्य स्थानों पर निगम की भूमि पर है कब्जा** : महापौर सुनीता दयाल लगातार निगम की भूमि को खाली कराने के लिए निरीक्षण कर रहीं हैं। पिछले दिनों क्रासिंग रिपब्लिक में नगर निगम की भूमि को खाली कराया गया था। इससे पहले भी कई बार कार्रवाई हो चुकी है, लेकिन हौसलाबुलंद भूमाफिया अपने जालसाजी से लोगों को ठग रहे हैं।

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।